जबलपुर शुक्रवार 21 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, श्रावण शुक्ल पक्ष नवमी

वर्ष 32 अंक 54 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 26.7°C

न्यूनतम तापमान 23.6°C

सूर्योदय - 5.49 | सूर्यास्त - 6.38



शतरंज में आशुतोष का परचम ... ⏩ 5



अंजना सुखानी ने अमिताभ बच्चन से जुड़ी .. ⏩ 7



साक्षी राय अध्यक्ष एवं निधि गोयनका सचिव ... ⏩ 9

# गंगा-यमुना में उफान...काशी-प्रयागराज परेशान

## संगम की सड़कों पर चली नाव, लेटे हनुमान मंदिर तक पहुंचा पानी

**प्रयागराज।** वाराणसी और प्रयागराज में गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी और लगातार बारिश से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। काशी में गंगा के बढ़ते जलस्तर का असर अब वरुणा नदी और उसके आसपास के इलाकों में भी दिखाई देने लगा है। गंगा के बाढ़ के पानी के कारण वरुणा में पलट प्रवाह शुरू हो गया, जिससे सरैया और सलारपुर जैसे निचले इलाकों में पानी पहुंच गया। कई घरों में पानी घुसने के बाद प्रशासन ने राहत शिविरों को सक्रिय कर दिया है। गुरुवार सुबह गंगा का जलस्तर 68.35 मीटर पर स्थिर रहा, लेकिन अधिकारियों ने साफ किया कि जलस्तर का स्थिर होना फिलहाल पानी घटने का संकेत नहीं है। निचले इलाकों में पानी फैलने और नए क्षेत्रों के प्रभावित होने के कारण जलस्तर में स्थिरता दिखाई दे रही है। ऐसे में प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रयागराज में संगम की सड़कों पर सामान्य दिनों में गाड़ियां चलती थीं, आज वहां नाव चल रही हैं। लोग सड़कों पर ही स्नान कर रहे हैं और पानी लेटे हनुमान मंदिर की बाउंड्री तक पहुंच चुका है। पंडित और तीर्थ पुरोहित अपना सामान सुरक्षित निकालकर ऊंचे स्थानों पर ले जा रहे हैं। साथ ही रेल पटरियों और यार्ड में पानी भरने के कारण पूर्वोत्तर रेलवे के रामबाग स्टेशन से चलने वाली चार पैसेंजर ट्रेनों का संचालन अस्थायी रूप से झूंसी स्टेशन पर ट्रांसफर कर दिया गया है। अभी दोनों नदियां खतरे के निशान के आसपास बह रही हैं, लेकिन जलस्तर ऐसे ही बढ़ता रहा तो निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्या और बढ़ सकती है। बाढ़ के पानी से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### रामबाग स्टेशन पर भरा पानी

इसी तरह भारी बारिश के बाद शहर में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। उत्तर पूर्व रेलवे के रामबाग स्टेशन पर ट्रैक पर पानी भर जाने के कारण वहां से शुरू और समाप्त होने वाली ट्रेनें अस्थायी रूप से झूंसी स्टेशन से संचालित की जा रही हैं। उत्तर पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश से प्रयागराज शहर बाढ़ की चपेट में है।

### हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

शहर के कई निचले इलाके भारी बारिश के चलते जलमग्न बने हुए हैं। जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमें जल निकासी अभियान में जुटी हुई हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी प्रयागराज में जलभराव का स्वत: संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम को फटकार लगाई है। अदालत ने अधिकारियों को शहर में उचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।




# मध्यप्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयों से युवाओं को तेजी से मिल रहा रोजगार

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीथमपुर में 850 करोड़ रुपये निवेश की 2 अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयों का किया शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकास और आत्मनिर्भरता के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। वर्ष 2014 के पहले के भारत और उसके बाद के भारत में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। आज भारत का नवीन स्वरूप पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। मध्यप्रदेश भी इसी विकास यात्रा में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित 2 आधुनिक औद्योगिक इकाइयों के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से प्रारंभ हुई नई औद्योगिक इकाइयां विकास और समृद्धि की नई धारा को आगे बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी पीथमपुर के स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में 850 करोड़ रुपये निवेश की प्रताप ग्रुप की 2 अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयों कॉर्सिस इंडस्ट्रीज एवं वोल्टर्स टेक्नोलॉजी का शुभारंभ किया। इन इकाइयों से सैकड़ों युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती नीना वर्मा, निलेश भारती, प्रताप ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र सिंह शेखावत,




श्रीमती मानकुंवर, डॉ. जितेंद्र सिंह शेखावत, मैनेजिंग डायरेक्टर प्रताप ग्रुप शक्ति सिंह, मोहन शेखावत आदि भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से शुरू हुई दोनों इकाइयां उच्च तकनीक आधारित विनिर्माण एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को और मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सबसे बड़ी आवश्यकता है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और मध्यप्रदेश भी युवा शक्ति से समृद्ध है। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग करने के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऑप्टिकल फाइबर और लिथियम बैटरी जैसी आधुनिक तकनीक से जुड़ी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण कदम है। जर्मन तकनीक के सहयोग से स्थापित हो रही ये इकाइयां अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तकनीक और उत्पादन क्षमता का केंद्र बनेंगी। इन उद्योगों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण भी मिलेगा और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में युवाओं के प्रशिक्षण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इन औद्योगिक गतिविधियों प्रत्यक्ष औरपरोक्ष रूप से लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की संभावना है, इसकी शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि निवेश के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ें, जिससे प्रदेश की आर्थिक समृद्धि को नई गति मिल सके।

### उद्योगों को सरकार का पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रही है। रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए सरकार द्वारा प्रति श्रमिक 5 हजार रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही बिजली, पानी, सड़क और अन्य आवश्यक अधोसंरचनाएं उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


### मध्यप्रदेश को मिल रही है नई पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों के विस्तार के साथ मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई औद्योगिक इकाइयों से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, आधुनिक तकनीक को बढ़ावा मिलेगा और मध्यप्रदेश आर्थिक समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने इससे जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बदलती औद्योगिक तस्वीर का प्रतीक हैं ये इकाइयां: शेखावत

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पीथमपुर में बैटरी स्टोरेज प्लांट और ऑप्टिकल फाइबर केबल के बैकवर्ड इंटीग्रेशन के तहत कोर निर्माण इकाई का शुभारंभ मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। दोनों इकाइयों में लगभग 850 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि ये इकाइयां केवल 2 कारखानों का उद्घाटन नहीं, बल्कि भारत के तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का प्रतीक हैं। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि बैटरी स्टोरेज प्लांट देश की बढ़ती ग्रीन एनर्जी आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जबकि ऑप्टिकल फाइबर इकाई डिजिटल कनेक्टिविटी और संचार अधोसंरचना को मजबूती देगी। ऊर्जा भंडारण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और पीथमपुर की यह इकाई निर्बाध विद्युत आपूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बनाई पांच सदस्यीय समिति



**जंतर-मंतर के प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के आरोपों की होगी जांच**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य सुरक्षा कर्मियों की ओर से कथित तौर पर किए गए अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय हाई-पावर्ड इंक्वायरी कमेटी का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी करेंगे। समिति प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन, इलेक्ट्रिक बैटन, लाठीचार्ज और आंसू गैस के कथित अत्यधिक इस्तेमाल से जुड़े आरोपों की जांच करेगी। इसके साथ ही महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित हिंसा और पुलिस निगरानी से जुड़े आरोप भी समिति के दायरे में होंगे। समिति यह भी देखेगी कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों की ओर से उठाए गए कदम स्थिति के अनुपात में थे या नहीं। इसके अलावा घायलों को दी गई चिकित्सीय सहायता और पीड़ितों को मुआवजे से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जाएगी। समिति केवल प्रदर्शनकारियों की शिकायतों तक सीमित नहीं रहेगी। अधिकारियों की ओर से पुलिस कर्मियों के खिलाफ हुई हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान से जुड़े आरोपों पर भी विचार किया जाएगा। इस तरह समिति प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई और अधिकारियों की ओर से उठाए गए संबंधित आरोपों, दोनों पहलुओं की जांच करेगी।

### समिति में कौन-कौन शामिल हैं?

इस पांच सदस्यीय समिति में जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी के अलावा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा और दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस शालिंदर कौर शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व सीबीआई निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एलआर बिश्नोई भी समिति के सदस्य हैं।


# कांग्रेस का पूरा वंदे मातरम न गाना देशविरोधी: शाह

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस का वंदे मातरम पूरा न गाने का फैसला हैरान करने वाला और देशविरोधी है। 1937 में कांग्रेस ने जो फैसला लिया था, उसे पीएम मोदी ने सुधारा है। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने 1937 में राष्ट्रगीत के दो टुकड़े कर मुस्लिम तुष्टीकरण किया था। उस फैसले से दो-राष्ट्र सिद्धांत को मजबूती मिली और आगे चलकर देश का विभाजन हुआ। शाह के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया। पार्टी के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- वंदे मातरम स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा था। यह हमारे लिए भावनात्मक मुद्दा है। बीजेपी स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा नहीं थी। उनके लिए यह राजनीतिक मुद्दा है। दरअसल, कांग्रेस



वर्किंग कमेटी ने बुधवार को ऐलान किया कि पार्टी अपने सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के 6 में से सिर्फ शुरुआती दो पैरा गाएगी। यह फैसला 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर हुए विवाद के बाद आया। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस का सिर्फ दो पैरा वंदे मातरम गाने का फैसला तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति है। देश में अब तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। 1937 में कांग्रेस ने वंदे मातरम को दो हिस्सों में बांटने का फैसला किया था। आज कांग्रेस उसी पुराने फैसले को फिर लागू कर रही है। देश की जनता को कांग्रेस के इस फैसले के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

## कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सांसद और नेता सज्जन कुमार का गुरुवार को निधन हो गया है। सफदरजंग अस्पताल के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उन्हें दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सज्जन कुमार 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। वह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे। सज्जन कुमार दिल्ली के प्रभावशाली कांग्रेस नेता थे।

# मोदी थक चुके, अब रिटायर हों: रमेश

**नई दिल्ली।** वंदे मातरम को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने गुरुवार को भाजपा नेताओं को 'फर्जी और धोखेबाज राष्ट्रवादी' बताया। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर भी हमला बोला। कांग्रेस का आरोप है कि दोनों नेता लोगों के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस का यह पलटवार अमित शाह के उस आरोप के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वंदे मातरम के केवल दो स्तोत्र गाने का कांग्रेस का फैसला राष्ट्रविरोधी है और कानून की खुली अवहेलना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि बुधवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में वंदे मातरम का मुद्दा उठा

**भाजपा को बताया 'फर्जी राष्ट्रवादी'**



था। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस का रुख साफ कर दिया। रमेश ने कहा कि खरगे ने 28 अक्तूबर 1937 को कांग्रेस कार्य समिति में पारित प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। यह प्रस्ताव जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मौलाना अबुल कलाम आजाद, गोविंद वल्लभ पंत और आचार्य नरेंद्र देव जैसे नेताओं ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह पर पारित किया था। उन्होंने 25 जनवरी 1950 को संविधान सभा की अंतिम बैठक का भी जिक्र किया। रमेश ने कहा कि उस दिन राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की थी कि जन गण मन राष्ट्रगान और वंदे मातरम राष्ट्रगीत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जन गण मन के पांच स्तोत्र हैं, लेकिन राष्ट्रगान के रूप में केवल एक स्तोत्र ही गाया जाता है। कांग्रेस के मुताबिक, गांधी, पटेल, बोस, आजाद और पंत जैसे नेताओं ने टैगोर की सलाह पर 1937 का प्रस्ताव पारित किया था। पार्टी पिछले 90 वर्षों से उसी हिस्से को राष्ट्रगीत के रूप में गाती रही है। खरगे ने बैठक में कहा, इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम 1937 के प्रस्ताव का पालन करेंगे।

# 'नेटिव' की जगह 'इंडिजिनस' शब्द का इस्तेमाल होना चाहिए

**सुप्रीम कोर्ट ने तीन भाषा नीति पर उठाए सवाल**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सीबीएसई की तीन-भाषा नीति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने नीति में इस्तेमाल किए गए 'नेटिव' यानी मूल भाषा शब्द पर सवाल उठाया। जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने 'नेटिव' शब्द के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह औपनिवेशिक दौर से आया है। उन्होंने सवाल किया कि भारत में अंग्रेजी को किस हद तक गैर-स्वदेशी भाषा माना जा सकता है। जस्टिस बागची ने कहा कि उन्हें 'नेटिव' शब्द के इस्तेमाल को लेकर आपत्ति है और इसकी जगह 'इंडिजिनस' यानी स्वदेशी शब्द का इस्तेमाल होना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तैयार करने वालों को 'नेटिव' शब्द के इस्तेमाल को लेकर सावधान होना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस सवाल पर भी विचार करना होगा कि भारत में अंग्रेजी को स्वदेशी या गैर-स्वदेशी भाषा माना जा सकता है या नहीं। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस सवाल को संवैधानिक दृष्टि से देखना होगा। यानी केवल भाषा के वर्गीकरण की बात नहीं है, बल्कि यह भी जांचना होगा कि इस तरह का वर्गीकरण संविधान के अनुरूप है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ भाषा के मुद्दे तक खुद को सीमित नहीं रखा। अदालत ने यह भी सवाल किया कि क्या स्कूलों के पास इस नीति को लागू करने के लिए पर्याप्त प्रशासनिक और शिक्षण ढांचा मौजूद है।

# छत्तीसगढ़ के किसान उगा रहे मेडिकल राइस

नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ अब सिर्फ पारंपरिक पहचान के भरोसे नहीं है, बल्कि अपनी इसी सदियों पुरानी धरोहर को 21वीं सदी का नया एग्री-बिजनेस मॉडल बना रहा है। खेतों में लहलहाती हजारों पारंपरिक धान की किस्में जो अपने अनोखे स्वाद, भीनी खुशबू और औषधीय गुणों के लिए जानी जाती हैं अब वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ कदमताल कर रही हैं। जैव विविधता के इस संरक्षण को अब सीधे मार्केट लिंकेज से जोड़ा जा रहा है। लैब-टू-लैंड के इस नए एप्रोच से न सिर्फ छत्तीसगढ़ की अनोखी धान विरासत सुरक्षित हो रही है, बल्कि प्रीमियम और न्यूट्रास्युटिकल मार्केट में जगह बनाकर यह स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने का एक मजबूत जरिया भी बन रही है। रायपुर का इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय धान की पुरानी और अनोखी प्रजातियों को बचाने का बड़ा केंद्र बन चुका है। यूनिवर्सिटी के पास एक खास जर्मप्लाज्म बैंक है, जहां धान की लगभग 23,250 किस्मों को सुरक्षित रखा गया है। इस बैंक में सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देशभर की पारंपरिक और दुर्लभ किस्मों का संग्रह है। यह डेटाबेस वैज्ञानिकों के लिए एक खजाने जैसा है, जो आने वाले समय में बदलते मौसम के

### मुंहमांगा दाम दे रहीं दवा कंपनियां




अनुकूल, ज्यादा न्यूट्रिशन देने वाली और नई किस्मों की फसलें तैयार करने में काम आएगा। छत्तीसगढ़ के किसान सालों से ऐसी फसलें उगाते आ रहे हैं, जिनका इस्तेमाल खान-पान के साथ-साथ सेहत सुधारने और बीमारियों के इलाज में भी होता रहा है। अब वैज्ञानिक लैब्स में इन किस्मों पर टेस्ट कर रहे हैं ताकि इनके औषधीय गुणों को वैज्ञानिक प्रमाण देकर दुनिया के सामने लाया जा सके।

### धान की यह प्रजातियां हैं खास

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के मुताबिक, लाइचा, महाराजी और गठुवन जैसी प्रजातियों पर रिसर्च जारी हैं। शोध बताते हैं कि सामान्य चावल के मुकाबले लाइचा में 231 अधिक फाइटोकेमिकल्स मौजूद हैं, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं, वहीं महाराजी धान के तत्वों का उपयोग कर स्तन और फेफड़ों के कैंसर से जुड़ी कोशिकाओं पर इसके संभावित असर का अध्ययन किया जा रहा है। इसी तरह, गठिया के इलाज में पारंपरिक रूप से इस्तेमाल होने वाली गठुवन किस्म के संभावित औषधीय गुणों और कैंसररोधी क्षमताओं को परखा जा रहा है।

### खेती से समृद्धि के नए अवसर

इन औषधीय धान की खूबियां सिर्फ सेहत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह किसानों के लिए कमाई के नए और बड़े दरवाजे भी खोल रही हैं। कृषि विश्वविद्यालय की सोच एकदम साफ है किसान केवल पारंपरिक तौर-तरीकों से धान उगाने तक न सीमित रहें, बल्कि ऐसी खास किस्में उगाएं जो फार्मास्युटिकल और न्यूट्रास्युटिकल उद्योगों के लिए कच्चा माल बन सकें।

# हितकारिणी बीटी में तुलसीदास जयंती पर छात्राओं ने प्रस्तुत किया राम दरबार

### रामचरितमानस आधारित प्रश्न मंच एवं चित्रकला प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

तुलसीदास जयंती के अवसर पर हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बीटी तिराहा, गढ़ा में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों पर आधारित राम दरबार की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही रामचरितमानस पर आधारित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए उल्लेखनीय उत्तर प्रस्तुत किए।



### बताया रामचरितमानस का महत्व

कार्यक्रम में संस्कारधानी के कवि राजेश पाठक (प्रवीण) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को रामचरितमानस की महत्वपूर्ण शिक्षाओं एवं चौपाइयों के आध्यात्मिक तथा नैतिक महत्व से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं से रामचरितमानस की चौपाइयों पर आधारित प्रश्न पूछे, जिनका छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया।

### ये रहे विजेता

प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपांशी गुप्ता, द्वितीय स्थान पर डॉली कोरी एवं तृतीय स्थान पर खुशी पटेल रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चांदनी पटेल, द्वितीय स्थान अंजली केवट एवं तृतीय स्थान अलीना अली ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्राचार्य प्रियंका पाठक खुरासिया, उप प्राचार्य कल्पना श्रीवास्तव, देवेंद्र पांडे सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सांस्कृतिक प्रभारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने सहभागिता देते हुए तुलसीदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जाना।



# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण स्थान होता है विद्यालय

### संयुक्त संचालक ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले के विकासखंड घंसौर के धनोरा में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग, जघनश्याम सोनी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड अंतर्गत विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक श्री सोनी ने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यालय की प्रत्येक व्यवस्था दुरुस्त एवं व्यवस्थित रहना चाहिए। विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं का समय पर एवं शत-प्रतिशत लाभ मिले, यह सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों एवं संस्था प्रमुखों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर दिया जोर**-समीक्षा के दौरान पाठ्य-पुस्तक वितरण, विद्यार्थियों को साइकिल वितरण, विद्यालय स्वच्छता, सीएम हेल्पलाइन, छात्रावासों के निरीक्षण, छात्रवृत्ति वितरण सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। संयुक्त संचालक ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, कक्षाओं एवं परिसर को व्यवस्थित रखने तथा विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# तुलसीदास जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर विगत दिवस रामायण केंद्र इकाई द्वारा तुलसी-जयंती के शुभ अवसर पर विचार गोष्ठी का समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य गोस्वामी तुलसीदास के द्वारा श्रीरामचरितमानस ग्रंथ के माध्यम से उनके धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर के योगदान को वर्तमान की स्थिति में पुनरावलोकन करते हुए समाज में मर्यादा, सद्भाव, सेवा, सत्य एवं मानवीय ूल्यों की आवश्यकता एवं उनका प्रचार-प्रसार करना था।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया । तत्पश्चात रामायण केंद्र के संयोजक इंजी संतोष कुमार मिश्र असाधु ने अपने संबोधन में यह कहा कि त्रेता युग के बाद तुलसीदास जी ने इस कलियुग में भी भगवान श्रीराम जी को पुनर्स्थापित कर दिया है । श्री रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने राम शब्द की जो महिमा बतायी है वह अद्भुत है साथ ही इसके उत्तर कांड में दुनियां के कठिन प्रश्नों के उत्तर छिपे हुए हैं। डॉ. विजेंद्र उपाध्याय नें बताया कि जब हमारे देश में मुगलों का शासन था और हिन्दुओं पर क्रूरता पूर्ण अत्याचार जारी थे तब ऐसे समय में तुलसीराम जी ने श्रीरामचरितमानस जैसे महान और अद्भुत ग्रंथ की रचना कर इसे जन-जन तक पहुंचाया । इसी अनुक्रम में पं घनश्याम दास शर्मा ने बताया कि तुलसीदास दिव्य एवं अवतारी पुरुष थे ।

रामायण केंद्र की अध्यक्ष अल्का श्रीवास्तव ने भी श्रीरामचरितमानस में नारी शक्ति के बारे में अपने विचार रखे। अंत में डॉ. नेहा शाक्य ने तुलसीदासजी के सम्बन्ध में एक कविता शब्दों में भक्ति, हृदय में राम,तुलसी ने जग को दिया दिव्य नाम की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. नेहा शाक्य ने किया। आइ.टी.प्रभारी निधि पाठक ने इस कार्यक्रम लाइव प्रसारण किया । इस अवसर पर अवध नारायण श्रीवास्तव ने भी एक भजन प्रस्तुत किया।

### सड़क पर जमे अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम ने की कार्यवाही

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम ने संभाग क्रमांक 13 के अंतर्गत आने वाले प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में सघन निरीक्षण कर कार्रवाई की। यह संयुक्त अभियान बस स्टैंड, तीन पत्ती चैक, मालवीय चैक और सिविक सेंटर जैसे व्यस्ततम सार्वजनिक स्थलों पर चलाया गया। टीम ने फुटपाथों और मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सड़क किनारे कचरा फैलाने वाले दुकानदारों व व्यापारियों के खिलाफ मौके पर ही 20 चालान काटे गए और 12000 रूपये का स्पॉट फाइन तथा जब्ती की कार्रवाई की। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी कृष्णकांत रावत, अखिलेश भदौरिया, किशन दुबे उपस्थित थे।

# संभागीय जूडो स्पर्धा में नर्मदा नर्सरी स्कूल के 3 खिलाड़ियों ने जीते पदक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के दिशा-निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में श्री त्रिभुवनदास मालपाणी हायर सेकेंडरी स्कूल, मिलौनीगंज में संपन्न हुई संभागीय शालेय जूडो प्रतियोगिता (14,17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग बालक एवं बालिका) में नर्मदा नर्सरी एवं वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमानताल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय स्पर्धा के बाद इन तीनों ही खिलाड़ियों ने पहली बार किसी संभागीय जूडो प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी पहली ही उपस्थिति में पदक तालिका में जगह बनाई। बालिका 14 वर्ष, -23 किग्रा भार वर्ग में आकांक्षा रजक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस जीत के साथ ही आकांक्षा का



चयन आगामी 5 से 8 अक्टूबर 2026 तक जबलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय जूडो स्पर्धा के लिए हुआ है। वहीं बालक 14 वर्ष, -25 किग्रा में आरव कोष्टा तथा -45 किग्रा मोहम्मद जैद ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। यह सभी खिलाड़ी वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान एवं कोच ताजवर अंजुम के मार्गदर्शन में नियमित एवं कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनके कुशल मार्गदर्शन ने इन नए खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुंचाया।

विद्यालय के प्राचार्य सुनील शुक्ला ने खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का यह समर्पण और मेहनत भविष्य में उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक ले जाएगी।

### स्मार्ट सिटी संचालक मंडल की बैठक का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर एवं स्मार्ट सिटी चेयरमैन राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी संचालक मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर के सांस्कृतिक उत्थान, खेल सुविधाओं के विस्तार, रोजगार के नए अवसरों और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई दूरगामी व जनहितैषी निर्णय लिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त व स्मार्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक राम प्रकाश अहिरवार तथा सीईओ देवेन्द्र सिंह चैहान सहित अन्य अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में भंवरताल स्थित संस्कृति थिएटर को आम नागरिकों और संस्थाओं के लिए किफायती दरों पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए यह केवल रूपये 10,000 में मिलेगा।

### 2 सांड़ों की लड़ाई से मची अफरा-तफरी, लोगों ने भागकर बचाई जान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बिलहरी इलाके में आवारा और बेसहारा मवेशियों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। मुख्य सड़क मार्गों, बाजारों और चौराहों पर दिनभर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। कई बार सांडों के बीच सड़क पर अचानक भिड़ जाने से राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। ऐसा ही एक वाक्या गुरुवार को बिलहरी में देखने को मिला। जब दो सांड बीच सड़क पर आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच काफी देर तक लड़ाई चलती रही। सांडों को लड़ता देख आसपास के दुकानदार और राहगीर अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे। अचानक हुई इस भिड़ंत के कारण सड़क के दोनों ओर यातायात भी रुक गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने सांडों की लड़ाई का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गनीमत रही कि इस दौरान कोई राहगीर गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

**कार्यवाही की उठी मांग**-स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ है। सांडों के अचानक लड़ने या सड़क पर दौड़ने से कई बार बाइक और स्कूटी सवार संतुलन खोकर गिर चुके हैं। पैदल चलने वाले और बुजुर्ग भी मवेशियों की चपेट में आकर चोटिल हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि मुख्य बाजार और व्यस्त सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए जिम्मेदार विभाग को प्रभावी कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान पंचायत कार्यालय में पथराव और तोड़फोड़

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** ग्राम पंचायत मझगवां के कार्यालय में मंगलवार दोपहर अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद हो गया। राजस्व अमले की कार्रवाई के दौरान भीड़ ने पहले जेसीबी में तोड़फोड़ की और उसके डीजल टैंक में आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद पंचायत कार्यालय में पथराव कर



अंदर घुसकर सीसीटीवी कैमरे, कुर्सियां, टेबल और सरकारी दस्तावेजों में तोड़फोड़ कर दी। नायब तहसीलदार ने एसडीएम के निर्देश पर पंचायत कार्यालय के सामने चार अतिक्रमण चिन्हित किए थे। इनमें से तीन अतिक्रमण जेसीबी से हटा दिए गए। चौथा अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ महिलाएं और अन्य लोग मौके पर एकत्रित हो गए। आरोप है कि इसी दौरान जेसीबी में तोड़फोड़ की गई और डीजल टैंक में आग लगाने का प्रयास हुआ। घटना के समय पंचायत कार्यालय में सामान्य सभा की बैठक चल रही थी। सचिव आशीष दुबे, जितेंद्र तिवारी, लेखापाल रंजीत पटेल और पंच रामकिशोर चौधरी ने भीड़ से बचने के लिए करीब 20 मिनट तक बाथरूम में छिपकर जान बचाई। सचिव ने उपसरपंच शांति भूषण गुप्ता को फोन कर पुलिस को सूचना देने को कहा। पुलिस बल पहुंचने के बाद चारों को बाहर निकाला गया।

# पैसों के अभाव में पत्नी का शव अस्पताल में छोड़ गया लाचार बुजुर्ग

### मोक्ष संस्था ने कराया सम्मानजनक अंतिम संस्कार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल अस्पताल के वार्ड क्रमांक 17 में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां गरीबी और लाचारी के कारण एक बुजुर्ग अपनी मृत पत्नी का शव छोड़कर चला गया। ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग को खोज निकाला और चौहानी श्मशान घाट में महिला का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया। जानकारी के मुताबिक, डिंडोरी जिले के ग्राम कजहारा (शाहपुरा) निवासी 60 वर्षीय मानक आदिवासी अपनी 40 वर्षीय पत्नी मंगली बाई का टीबी का इलाज कराने 1 अगस्त को



जबलपुर आया था। 20 अगस्त की सुबह इलाज के दौरान मंगली बाई की मृत्यु हो गई। न तो शव गांव ले जाने के लिए किराए के पैसे थे और न अंतिम संस्कार के साधन, जिससे मजबूर होकर मानक शव छोड़कर निकल गया। पीड़ित मानवता की सेवा करने वाली मोक्ष संस्था के संस्थापक आशीष ठाकुर की टीम ने शाम 5 बजे मदन महल क्षेत्र से मानक को ढूंढा, जहां वह गांव लौटने के किराए का इंतजाम कर रहा था। संस्था ने न केवल अंतिम संस्कार कराया, बल्कि अस्थियों के नर्मदा विसर्जन, मानक के भोजन और घर वापसी के किराए की व्यवस्था भी की।मोक्ष संस्था ने शासन-प्रशासन से ऐसे असहाय मामलों के लिए स्थाई व्यवस्था बनाने और अस्थायी मोक्ष आश्रय में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। संस्था के सदस्यों-योगेश ककोरी, वीरू बर्मन, एडवोकेट अमर गुप्ता, सतीश और सचिन स्वामी ने समाज से भी आगे आने का आह्वान किया।



# भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस पर हुए विविध आयोजन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय में भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य, प्रो एमके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. के. श्रीवास्तव द्वारा सभी छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ अध्यापक गण तथा सहायक अध्यापक, तथा सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलवाई गई। अक्षय ऊर्जा दिवस पर प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. स्मिता परसाई (भौतिक शास्त्र) शासकीय कॉलेज ढीमरखेड़ा उपस्थित रही तथा उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण तथा अक्षय ऊर्जा की जानकारी प्रदान की। सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान राहुल चक्रवर्ती बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर सोनम यादव बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर सुहानी लोधी तथा सांत्वना पुरस्कार पूजा चक्रवर्ती को प्राचार्य तथा डॉ. एस. के. महरौलिया, विभाग अध्यक्ष (इतिहास) द्वारा प्रदान किया गया।

# मौखिक स्वास्थ्य और महिला स्वच्छता पर जागरूकता शिविर का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी महिला महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं के उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं महिला स्वच्छता विषय पर विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्राओं को अपने स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डीन तथा वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित मिश्रा ने छात्राओं को दांतों एवं मसूड़ों की नियमित देखभाल, सही तरीके से ब्रश करने, संतुलित आहार, नियमित दंत परीक्षण तथा दंत रोगों की रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की विभिन्न जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।




**छात्राओ को सैनिटरी पैड का वितरण**-महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छात्राओं को सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस दौरान मासिक धर्म के समय स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी गई। शासी निकाय के अध्यक्ष श्री हर्ष जैन ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य जागरूकता को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थी ही अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडे ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से नवप्रवेशित छात्राओं के लिए आयोजित किया गया है, ताकि महाविद्यालय में प्रवेश के साथ ही उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक अच्छे स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसी अवधारणा को केंद्र में रखते हुए छात्राओं के समग्र स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास के लिए इस स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**स्वस्थ जीवन शैली अपनाने किया जागरुक**-कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा तिवारी सहित समस्त विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल तथा सामाजिक संस्था ऋताश्रम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अंशुल मिश्रा ने किया। अंत में डॉ. रोहित मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों एवं सहयोगी संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। यह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर नवप्रवेशित छात्राओं को मौखिक स्वास्थ्य, महिला स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक सार्थक एवं सराहनीय पहल साबित हुआ।

# यूपीआई ने बदली भारत के व्यापार की तस्वीर

21वीं सदी में इंटरनेट और स्मार्टफोन ने आर्थिक गतिविधियों का स्वरूप तेजी से बदल दिया है। इसी बदलाव से डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ, जिसमें बैंकिंग, व्यापार, खरीदारी और भुगतान जैसी सेवाएं तकनीक के माध्यम से संचालित होती हैं। भारत में इस परिवर्तन की सबसे बड़ी पहचान यूनिफइड पेमेंट्स इंटरफेस बन चुका है। आज छोटे दुकानदार से लेकर बड़े कारोबारी तक डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे हैं। यूपीआई ने भुगतान को तेज, आसान और अधिक सुविधाजनक बनाया है।




## लगातार बढ़ता दायरा

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश में यूपीआई का इस्तेमाल करने वाले सक्रिय यूजर्स की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है। हर महीने अरबों यूपीआई लेन-देन हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भी इसके माध्यम से बहुत बड़े मूल्य के लेन-देन दर्ज किए गए। यह आंकड़े बताते हैं कि डिजिटल भुगतान अब केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

## छोटे भुगतान से बड़े कारोबार तक

इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी सरलता है। पहले किसी व्यक्ति को पैसा भेजने के लिए बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड या चेक जैसी जानकारी की जरूरत पड़ती थी। अब मोबाइल नंबर, यूपीआई आईडी या क्यूआर कोड के माध्यम से कुछ ही क्षणों में भुगतान किया जा सकता है। सब्जी खरीदने से लेकर ऑनलाइन खरीदारी और व्यापारिक भुगतान तक, यूपीआई ने नकदी पर निर्भरता कम की है। इससे छोटे दुकानदारों को भी डिजिटल कारोबार का हिस्सा बनने का अवसर मिला है।

## सुविधा के साथ पारदर्शिता

इसकी मदद से 24 घंटे भुगतान किया जा सकता है। प्रत्येक लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है, जिससे खर्चों पर नजर रखना और बजट बनाना आसान होता है। व्यापारियों के लिए भी डिजिटल रिकॉर्ड आय-व्यय का हिसाब रखने में उपयोगी साबित होता है। साथ ही, डिजिटल भुगतान से छोटे लेन-देन में छुट्टे पैसों की समस्या भी काफी कम हुई है।

## सावधानी जरूरी


डिजिटल भुगतान जितना सुविधाजनक है, उतनी ही सावधानी भी जरूरी है। साइबर ठगी में फर्जी क्यूआर कोड, कैशबैक का लालच और फोन कॉल के जरिए पिन या ओटीपी हासिल करने जैसे तरीके अपनाए जाते हैं। इसलिए यूपीआई पिन या ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि पैसा प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होती।

प्रियंका कुशवाहा

**शिक्षक**
**हितकारिणी कन्या उ.मा. शाला, बीटी तिराहा, गढ़ा, जबलपुर।**



# डिजिटल तकनीक से बदला पढ़ाई का तरीका




आज का समय डिजिटल युग का है। शिक्षा के क्षेत्र में भी तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट, कंप्यूटर, मोबाइल, स्मार्ट बोर्ड और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पढ़ाई करने की प्रक्रिया को डिजिटल शिक्षा कहा जाता है। यह आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। डिजिटल माध्यम ने विद्यार्थियों के लिए ज्ञान प्राप्त करने के नए और सुविधाजनक रास्ते खोले हैं।

### कहीं भी, कभी भी सीखने की सुविधा

डिजिटल शिक्षा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी और कभी भी पढ़ाई कर सकते हैं। ऑनलाइन कक्षाओं, वीडियो, ई-पुस्तकों और शैक्षणिक ऐप के माध्यम से कठिन विषयों को बार-बार समझना संभव है। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है। डिजिटल शिक्षा विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को भी बढ़ाती है और उन्हें भविष्य की तकनीक आधारित दुनिया के लिए तैयार करती है।

### डिजिटल संसाधनों की असमानता बड़ी चुनौती

डिजिटल शिक्षा के साथ कई चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं। आज भी सभी विद्यार्थियों के पास स्मार्टफोन, कंप्यूटर या तेज इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावित होती है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण खरीदना भी कठिन हो सकता है। इससे शिक्षा के समान अवसरों पर असर पड़ता है।

### स्क्रीन टाइम और ध्यान भटकने की समस्या

लंबे समय तक मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन देखने से आंखों और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कई बार विद्यार्थी पढ़ाई के लिए मोबाइल का इस्तेमाल करते-करते सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम या मनोरंजन में अधिक समय बिताने लगते हैं। इसलिए डिजिटल शिक्षा के साथ समय प्रबंधन और अनुशासन भी जरूरी है।

### डिजिटल और पारंपरिक शिक्षा में संतुलन

इन चुनौतियों को दूर करने के लिए विद्यार्थियों तक डिजिटल संसाधन पहुंचाना आवश्यक है। शिक्षकों और विद्यार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। साथ ही डिजिटल शिक्षा और पारंपरिक कक्षा शिक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। शिक्षक का मार्गदर्शन और प्रत्यक्ष संवाद सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाता है।



सोनिका सोनी

**शिक्षक**
**हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी**
**देवताल, गढ़ा, जबलपुर।**




# अर्थव्यवस्था सामान्य ज्ञान

1 ब्रिटिश काल में भारत का पहला बजट 7 अप्रैल 1860 को जेम्स विल्सन ने पेश किया था।

2 भारत में यूपीआई की शुरुआत 2016 से हुई थी।

3 भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल 1935 को हुई थी।

4 आरबीआई का राष्ट्रीयकरण 1949 में हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक भारत का केंद्रीय बैंक है।

5 देश में जीएसटी 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ। इसका पूरा नाम वस्तु एवं सेवा कर है।

6 सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी किसी देश में एक निश्चित अवधि के दौरान उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताती है।

7 राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय राष्ट्रीय आय और जीडीपी से जुड़े आंकड़े जारी करता है।

8 आईएफ एससी कोड का उपयोग बैंक की किसी शाखा की पहचान करने और इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर में इसका उपयोग होता है।

9 सामान्यत: भारत में चेक जारी होने की तारीख से 3 महीने तक वैध होता है।

10 जब मूलधन के साथ पहले अर्जित ब्याज पर भी आगे ब्याज मिलता है, उसे चक्रवृद्धि ब्याज कहते हैं।

11 वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य स्तर में लगातार वृद्धि को महंगाई कहा जाता है।

12 भारत में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है।

13 योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च 1950 को किया गया था। इसका मुख्य काम देश के संसाधनों का आकलन कर पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण करना था। 17 अगस्त 2014 को इसे समाप्त कर दिया गया और इसके स्थान पर 1 जनवरी 2015 से नीति आयोग का गठन किया गया।

14 राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, हैदराबाद, देश का पहला हरित हवाई अड्डा है जो सरकार और निजी साझेदारी से बना है।

15 आयुष मंत्रालय ने योग को वार्षिक आयोजन के बजाय दैनिक अभ्यास के रूप में बढ़ावा देने के लिए योग 365 अभियान शुरू किया है। इस पहल का अनावरण विज्ञान भवन में आयोजित योग महोत्सव 2026 के दौरान किया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की 100-दिवसीय उलटी गिनती काप्रतीक है। इस अभियान का उद्देश्य वर्ष भर योग के साथ निरंतर जुड़ाव को प्रोत्साहित करना और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक सफ्लता को आगे बढ़ाना है।

# क्लोजिंग स्टॉक: व्यापार के लाभ का सही आईना

किसी लेखा अवधि के अंत में व्यापार के पास जो माल बिक्री के लिए बचा रह जाता है, उसे क्लोजिंग स्टॉक या समापन स्टॉक कहा जाता है। यह व्यवसाय की चालू परिसंपत्ति होती है और इससे यह पता चलता है कि वर्ष के अंत में कितना माल बिना बिके शेष है। सही क्लोजिंग स्टॉक का निर्धारण व्यापार के वास्तविक सकल लाभ और वित्तीय स्थिति को जानने के लिए बेहद जरूरी है।

## क्लोजिंग स्टॉक की प्रमुख गणना विधियाँ

1 **FIFO विधि (First In First Out)** - इस विधि में यह माना जाता है कि जो माल सबसे पहले खरीदा गया है, वही पहले बेचा जाएगा। इसलिए अंत में बचा स्टॉक सामान्यत: सबसे हाल में खरीदे गए माल का होता है।

2 **LIFO विधि (Last In First Out)** – इस विधि में सबसे अंत में खरीदा गया माल पहले बिक्री के लिए निकाला जाता है। हालांकि, विद्यार्थियों को ध्यान रखना चाहिए कि लेखांकन मानकों के अनुसार इसके उपयोग पर विशेष नियम लागू हो सकते हैं।

औसत लागत विधि में उपलब्ध माल की औसत लागत के आधार पर शेष स्टॉक का मूल्य निर्धारित किया जाता है। यह विधि अलग-अलग कीमतों पर खरीदे गए माल के मूल्यांकन को सरल बनाती है।




सकल लाभ विधि में पिछले अनुभव के आधार पर सकल लाभ प्रतिशत को वर्तमान अवधि की बिक्री और बिक्री के लिए उपलब्ध माल पर लागू करके अनुमानित क्लोजिंग स्टॉक निकाला जाता है। यह विधि विशेष परिस्थितियों में उपयोगी होती है।

## लेखांकन में क्लोजिंग स्टॉक का उपचार

क्लोजिंग स्टॉक का लेखांकन उपचार इस बात पर निर्भर करता है कि वह ट्रायल बैलेंस में दिया गया है या समायोजन के रूप में। यदि क्लोजिंग स्टॉक ट्रायल बैलेंस में दिया गया है, तो इसे केवल बैलेंस शीट में चालू परिसंपत्ति के रूप में दिखाया जाता है। वहीं, यदि यह समायोजन के रूप में दिया गया है, तो इसका दोहरा प्रभाव होता है, पहला, ट्रेडिंग खाते के क्रेडिट पक्ष में और दूसरा, बैलेंस शीट के परिसंपत्ति पक्ष में।

## सही स्टॉक, सही लाभ

क्लोजिंग स्टॉक का सही मूल्यांकन व्यापार के वास्तविक लाभ को जानने की कुंजी है। गलत स्टॉक मूल्यांकन से लाभ और परिसंपत्तियों की वास्तविक स्थिति प्रभावित हो सकती है। इसलिए अकाउंटेंसी के छात्र छात्राओं के लिए क्लोजिंग स्टॉक की गणना और उसके लेखांकन उपचार को समझना बेहद महत्वपूर्ण है।

# खरीददारी के बाद बिल लेना क्यों जरूरी है?

**जब हम कोई वस्तु या सेवा खरीदते हैं, तो दुकानदार से बिल या रसीद लेना जरूरी है। बिल इस बात का प्रमाण होता है कि हमने किसी विक्रेता से एक निश्चित वस्तु या सेवा खरीदी है और उसके लिए कितना भुगतान किया है। इसमें वस्तु का नाम, मात्रा, कीमत, कर और कुल भुगतान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज होती हैं। इसलिए बिल उपभोक्ता और दुकानदार दोनों के लिए उपयोगी दस्तावेज है।**




## बिल से मिलती है पारदर्शिता

बिल मिलने से ग्राहक को पता चलता है कि वस्तु की वास्तविक कीमत कितनी है और उसमें कितना कर शामिल है। इससे दुकानदार द्वारा मनमानी कीमत वसूलने की संभावना कम होती है। खासकर महंगी वस्तुओं की खरीदारी में बिल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण रिकॉर्ड बन जाता है।

## गारंटी और वारंटी में उपयोगी

किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल, फर्नीचर या अन्य सामान में खराबी आने पर गारंटी या वारंटी का लाभ लेने के लिए बिल की जरूरत पड़ सकती है। बिल से खरीदारी की तारीख और विक्रेता की जानकारी प्रमाणित होती है। बिल नहीं होने पर ग्राहक को अपनी खरीद साबित करने में परेशानी हो सकती है।


## शिकायत और रिफंड में सहायक

यदि खरीदा गया सामान खराब निकलता है, गलत वस्तु मिलती है या ग्राहक को किसी प्रकार की शिकायत करनी पड़ती है, तो बिल महत्वपूर्ण सबूत बन सकता है। जरूरत पड़ने पर उपभोक्ता शिकायत के दौरान भी यह दस्तावेज काम आता है।

## व्यापार में भी जरूरी है बिल

बिल केवल ग्राहक के लिए ही नहीं, बल्कि दुकानदार के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे बिक्री का सही रिकॉर्ड तैयार होता है और व्यापार के आय-व्यय तथा कर संबंधी हिसाब-किताब को व्यवस्थित रखने में मदद मिलती है। डिजिटल भुगतान के बढ़ते दौर में ई-बिल और डिजिटल रसीदों का महत्व भी बढ़ रहा है। छोटी खरीदारी हो या बड़ी, बिल जरूर लें की आदत उपभोक्ता को आर्थिक रूप से जागरूक और सुरक्षित बनाती है। दुकानदार से बिल मांगना कोई अतिरिक्त औपचारिकता नहीं, बल्कि खरीदारी का प्रमाण और उपभोक्ता के अधिकारों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए सामान खरीदते समय कीमत चुकाने के साथ बिल लेना भी अपनी आदत बनाएं।

## शब्द पहेली - 8953



**बाएँ से दाएँ**

1.धनुर्धर-2,2
4.तरुणी,नाजनीन-4
7.संतुष्ट होना-5
9.टेलीग्राम-2
11.महोदय (अंग्रेजी-2)
12.कटि,कमरिया-3
14.फटकार,भर्त्सना-4
15.वतन,स्वेदश-4
16.पार होना,पार करना-3
18.विद्रोही-2
19.गरीब,निर्धन-2
21.लोचदार,लचकदार-5
25.पारंपरिक,पुरातन-4
26.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1.शीघ्रता,जल्दी-3
2.मूल्य,कीमत-2
3.जनता,आम आदमी-2
4.किनारा,कोरा-2
5.इंकार,मनाही-2
6.पानी गर्म करने का यंत्र-3
8.भ्रम,वहम-3
10.साधू,संन्यासी-3,2
11.मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12.कपड़े की दीवार-3
13.जिव्हा,जीभ-3
17.रसदार,रसभरा-3
18.कारण,वजह-3
20.नेत्र,लोचन-3
21.बुरी आदत-2
22.एक पड़ोसी देश-2
23.पराया,पंख-3
24.रग,नाड़ी-2

**शब्द पहेली -8952 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

HITKARINI SABHA, JABALPUR
Educating Since 1868

हितकारिणी
प्राइमरी, मिडिल, हायर सेकेण्डरी
हिन्दी मीडियम स्कूल, जबलपुर




बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, दीक्षितपुरा
(XI-XII विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय)
फोन: 0761-4129807
www.bmd.hitkarini.edu.in

हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला, देवताल, गढ़ा
(VII-XII विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय)
फोन: 0761-4129813
www.hgb.hitkarini.edu.in

हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला, गोरखपुर
(X-XII विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय)
फोन: 0761-4129812
www.hssg.hitkarini.edu.in

हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, बी.टी. तिराहा, गढ़ा
(VI-XII विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय)
फोन: 0761-4129810
www.hgg.hitkarini.edu.in

हितकारिणी प्राथमिक शाला, बी.टी. तिराहा, गढ़ा
(KG2-V)
फोन: 0761-4129811
www.hgg.hitkarini.edu.in

हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला, सहजपुर
(IX-XII वाणिज्य, कला एवं कृषि संकाय)
फोन: 7389997882
www.hcasahajpur.hitkarini.edu.in

हमारी विशेषताएँ
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
संस्कार एवं मूल्य शिक्षा
लक्ष्य आधारित शिक्षण
सर्वांगीण विकास

मुख्य कार्यालय
जोन्सगंज, जबलपुर (म.प्र.)
0761-2410270, 2410578
www.hitkarini.com
sabha@hitkarini.com
हमारे बारे में अधिक जानने के लिए QR कोड स्कैन करें

# धान की फसल में खरपतवारों का खतरा!

## समय रहते करें नियंत्रण, वरना होगा भारी नुकसान

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

भारतीय कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता है. ऐसे में रोपाई के बाद किसानों का रोग, कीट, खरपतवार के साथ मौसम का भी खतरा बना होता है. मौसम से निपटना तो नामुमकिन तो है ही लेकिन रोग, कीट और खरपतवार से फसलों को होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है. फसलों के संरक्षण की श्रृंखला में इस बार बात उन खरपतवारों की, जिनसे धान को हर बार भारी नुकसान होता है. एक बार जब ये खरपतवार खेत में पनप जाते हैं, तो फसल को क्षति बिल्कुल ही होती है. ऐसे में बालाघाट कृषि विभाग के उप संचालक फूल सिंह मालवीय ने किसान भाइयों को खरपतवारों के बारे में बताया और इससे बचने के उपाय भी बताएं।

धान की खेती में दो तरह के खरपतवार होते हैं, जो फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं. इसमें एक चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार और संकरी पत्ती वाले खरपतवार भी शामिल है. ये दोनों तरह के खरपतवार फसल के लिए हानिकारक है. लेकिन चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार की संख्या कम होती है. लेकिन संकरी पत्ती की संख्या अधिक होती है. ऐसे में इसका नियंत्रण काफी मुश्किल होता है.



### तीन चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार

धान की फसल में लगने में चौड़ी पत्ती में तीन तरह के खरपतवार प्रमुख है. इसमें एक है मिर्च बूटी, जिसे लुडविजिग परविलोरा है. वहीं, दूसरा मोनोकोरिया है, जिसे आम भाषा में पान पत्ता कहते हैं. इस सूची में तीसरा है, गुड्डू भाजी, जिसे एक्लिप्टा अल्बा कहते हैं. यह चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार हैं. इस तरह के खरपतवार आपको शुरुआत में ही नजर आए, तो मैनुअल निराई गुराई से भी कंट्रोल कर सकते हैं. लेकिन मामला हाथ से निकल जाए, तो आप 2,4ष्ठ रसायन का इस्तेमाल कर सकते हैं. लेकिन इसके लिए आपको कृषि विशेषज्ञ से जरूर सलाह लेनी चाहिए.

ये पतले लेकिन ज्यादा खतरनाक...

संकरी पत्ती वाले खरपतवार धान के साथ-साथ बड़े होते हैं. ऐसे में यह संकरे और घास की तरह दिखने की वजह से समस्या किसानों के लिए समस्या पैदा कर सकते हैं. इसमें सबसे ज्यादा लाल सावा, जिसे इचिनोक्लोआ कोलोना कहते हैं. इसी के जैसा सफेद सावा है, जिसे इचिनोक्लोआक्रस गैली कहते हैं. और तीसरा है चिड़िया घास और स्थानीय लोग इसे फुलबिहरी कहते हैं. यह फसल के लिए घातक खरपतवार है. ऐसे में साइहेलोफॉप ब्यूटाइल जैसे खरपतवारों का इस्तेमाल कर सकते हैं. या फिर एक्सपर्ट की सलाह से आप हर्बीसाइड का इस्तेमाल कर सकते हैं.

### फसलों पर रखे निरंतर निगरानी

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसान भाइयों को फसलों की निरंतर देखरेख करनी चाहिए. शुरुआत में ही खरपतवारों की पहचान कर निराई-गुराई भी कर सकते हैं. ऐसे में शुरुआती स्तर पर खरपतवार नियंत्रण हो सकता है. इससे किसान भाइयों का खरपतवार नाशी का खर्च बच सकता है.

# राजीव गांधी जी की जयंती पर और जिला कांग्रेस ने किया रक्तदान एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर गुरुवार 20 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. विजय कोल के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अजय सिंह की विशेष उपस्थिति रही। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव एड. पुष्पराज सिंह ने बताया कि जयंती के अवसर पर जिला चिकित्सालय उमरिया सहित जिले भर में 32 यूनिट रक्तदान एवं मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके पश्चात गांधी चौक उमरिया में स्वर्गीय राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. विजय कोल ने कहा कि राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के निर्माण के दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने देश को विज्ञान, तकनीक, संचार, कंप्यूटर एवं आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। युवाओं को लोकतंत्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार दिलाना उनके ऐतिहासिक निर्णयों में से एक था। उनका सपना था कि भारत 21वीं सदी में आधुनिक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और युवा शक्ति के साथ विश्व में मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए। संगठन महासचिव एड. पुष्पराज सिंह ने कहा कि राजीव गांधी जी की जयंती पर रक्तदान एवं फल वितरण के माध्यम से कांग्रेसजनों ने मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का संदेश दिया है। राजीव जी का जीवन और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# अवैध शराब के मामले में आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कुमार सत्यम के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 20 अगस्त 2026 को आबकारी वृत्त वारासिवनी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिर्राटोला में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान करण बंदेश्वर पिता मानिकराम तथा लक्ष्मीचंद्र मेश्राम पिता परमानंद, निवासी सिर्राटोला के रिहायशी मकान से 94 बल्क लीटर देशी हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई। मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जब्त मदिरा की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 14 हजार 100 रुपये बताई गई है। कार्रवाई में आबकारी वृत्त प्रभारी संदीप श्रीवास, ज्योति सोनी, मुख्य आरक्षक नरसिंह टेकाम, आरक्षक भानु प्रताप मरस्कोले एवं अनीता कुमरे शामिल रहे। आबकारी विभाग ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# डाइट बालाघाट में माध्यमिक शाला शिक्षकों का शैक्षिक संवाद संपन्न

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



कलेक्टर सत्यम कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ के निर्देशानुसार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से डाइट बालाघाट में माध्यमिक शाला के शिक्षकों का शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम नई शिक्षा प्रणाली 2020 के तहत राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। प्रशिक्षण प्रभारी के.डी. तितिरमारे ने बताया कि कक्षा में जुड़ाव जॉयफुल लर्निंग हेतु एक पहल विषय पर जिले के 154 जनशिक्षकों एवं सहजकर्ता शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को पढ़ाने की प्रभावी विधियों, कक्षा के सकारात्मक वातावरण तथा शिक्षक-विद्यार्थी के बीच बेहतर जुड़ाव जैसे विषयों पर चर्चा की गई। शैक्षिक संवाद के दौरान डाइट प्राचार्य नरेश प्रसाद मलगाम, जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम बर्मन सहित मास्टर ट्रेनर्स, प्रशिक्षण सहायक, तकनीकी सहायक एवं डाइट बालाघाट का अकादमिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## फरार अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 30-30 हजार रुपए का ईनाम घोषित

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले में विगत दिनों 03 विभिन्न स्थानो पर हुई आपराधिक घटनाओ के फरार अज्ञात आरोपियो की गिरफ्तारी पर बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार ने 30-30 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। जो कोई भी व्यक्ति फरार अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए सूचना देगा उसे 30 हजार रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। बैहर थाना के अंतर्गत ग्राम कुमादेही में 12 अगस्त की रात्रि में तेजराम पिता ज्ञानीराम ठाकुर के घर पर लूटपाट की घटना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309, 115, 127, 310 के तहत दर्ज अपराध क्रमांक 147/2026 में कुछ आरोपियो की गिरफ्तारी शेष है। इसी प्रकार थाना लांजी के अंतर्गत 28 जून की रात्रि मे कपिल पिता प्रभुदयाल आसटकर से हुई लूटपाट की घटना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309 के तहत दर्ज अपराध क्रमांक 241/2026 में फरार आरोपियो की गिरफ्तारी शेष है। थाना किरनापुर के अंतर्गत ग्राम रजेगांव में 05 अगस्त की रात्रि में गेंदलाल पिता सुदामा करण्डे से हुई लूटपाट में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126 एवं 309 के अंतर्गत दर्ज अपराध क्रमांक 251/2026 में अज्ञात फरार आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने गंदगी और बिना पंजीयन खाद्य कारोबार पर किया प्रकरण दर्ज



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट द्वारा शहर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बस स्टैंड स्थित महावीर जलपान गृह एवं किराना स्टोर के निरीक्षण के दौरान अत्यधिक गंदगी, खराब किचन एवं दूषित वातावरण में खाद्य सामग्री का विक्रय पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 56 के अंतर्गत प्रकरण तैयार किया गया। वहीं बस स्टैंड स्थित मां सरस्वती होटल के निरीक्षण में किचन में अत्यधिक गंदगी, दीवारों पर फफूंद, खुली नालियां तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का विक्रय पाया गया। साथ ही प्रतिष्ठान बिना खाद्य पंजीयन के संचालित होना भी पाया गया, जिस पर धारा 56 एवं 58 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य पंजीयन प्राप्त होने तक मां सरस्वती होटल का खाद्य कारोबार बंद कराया गया है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित ओम डेली नीड्स एवं किराना भंडार की जांच के दौरान पल्सेस एवं नट्स के नमूने जांच के लिए लिए गए। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार डोंगरे एवं गीता तांडेकर द्वारा की गई।

# अमरनाथ यात्रा में लगातार पांच वर्षों से सेवा दे रहे फार्मासिस्ट जयदीप ठाकुर स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित

उमरिया (स्वतंत्रमत)



देश की सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण धार्मिक यात्राओं में शामिल अमरनाथ यात्रा में लगातार पांच वर्षों से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उमरिया जिले का नाम रोशन करने वाले फार्मासिस्ट जयदीप ठाकुर को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। 15 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर उमरिया श्रीमती राखी सहाय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं की सराहना की।

स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड-2 के फार्मासिस्ट एवं स्टोर इंचार्ज के रूप में सेवाएं दे रहे जयदीप ठाकुर पिछले पांच वर्षों से अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, दुर्गम मार्ग, मौसम की चुनौती और बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के बीच स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता है। ऐसे में लगातार पांच वर्षों तक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना उनके समर्पण और सेवा भावना को दर्शाता है। अमरनाथ यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपनी सेवाएं देने पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर के सेवा कार्य में उमरिया जैसे छोटे जिले से जयदीप ठाकुर का लगातार चयनित होकर अपनी सेवाएं देना जिले के लिए गौरव की बात है। उनकी इस उपलब्धि से स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिले के लोगों में भी खुशी का माहौल है।

बताया गया कि अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विषम मौसम, लंबी पैदल यात्रा, ऊंचाई और थकान के कारण कई यात्रियों को तत्काल स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में स्वास्थ्य दल के सदस्यों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। जयदीप ठाकुर ने भी अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और सेवा भाव के साथ निभाते हुए यात्रियों को आवश्यक दवाएं एवं स्वास्थ्य संबंधी सहायता उपलब्ध कराने में योगदान दिया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद जयदीप ठाकुर ने इसे अपने लिए ही नहीं, बल्कि पूरे उमरिया जिले और स्वास्थ्य विभाग के लिए सम्मान बताया। उनकी इस उपलब्धि को लेकर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिचितों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखने की शुभकामनाएं दीं।

### उमरिया के लिए गौरव का विषय

मध्यप्रदेश के छोटे से जिले उमरिया से निकलकर देश की प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण अमरनाथ यात्रा में लगातार पांच वर्षों तक स्वास्थ्य सेवा देना निश्चित रूप से जिले के लिए गौरव की बात है। जयदीप ठाकुर की सेवा भावना और समर्पण ने यह साबित किया है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे जिले के कर्मचारी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्यक्षमता और सेवाभाव से अलग पहचान बना सकते हैं। स्वतंत्रता दिवस पर मिला यह सम्मान उनके पांच वर्षों की सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान माना जा रहा है।

# घोरछत्र नदी में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हड़हा स्थित घोरछत्र नदी में गुरुवार 20 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।नदी के निचले हिस्से में शव दिखाई देने की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।प्राथमिक दृष्ट्या शव करीब दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है।शव जिस स्थान पर मिला है,वहां तक पहुंचना भी काफी मुश्किल बताया जा रहा है।आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत नदी में डूबने से हुई होगी।हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।आसपास के गांवों में लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।फिलहाल मृतक कौन है और वह घोरछत्र नदी तक कैसे पहुंचा,इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और शव से जुड़े हर पहलू को खंगाला जा रहा है।

# जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उददेश्य से स्कूल शिक्षा विभाग तथा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा निरंतर शैक्षिक संवाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपादित किए जा रहे है। प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में कक्षा 6 से 8 तक का शैक्षिक संवाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम डाइट में आयोजित किया गया। इसी क्रम में बच्चों का कक्षा में जुड़ाव, बारीकियों को ध्यान में रखते हुए सहजकर्ताओं द्वारा जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर होने वाले शैक्षिक संवाद का उन्मुखीकरण किया जायेगा। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले के 33 जनशिक्षा केंद्रों से सहजकर्ता सम्मिलित हुए।

# जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संत रविदास समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ

उमरिया (स्वतंत्रमत)



श्री गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा शुभारंभ का कार्यक्रम जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा स्थानीय रानी दुर्गावती भवन में आज आयोजित किया गया जिसमें जिले के पूज्य संत शक्तिपीठ उचेहरा धाम के बड़े महराज और चंदिया स्थित कबीर आश्रम के संत सहित भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र पांडे, वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश पयासी, अरविंद बंसल, राकेश शर्मा जिले के महामंत्री और कार्यक्रम के संयोजक राधेलाल कोल, क्रीडा विभाग के प्रदेश सहसंयोजक विष्णु भारती, वरिष्ठ नेता मौजीलाल चौधरी और रामाधार चौधरी मंचासीन रहे। सर्वप्रथम संत रविदास कलश यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संत रविदास की जयंती का कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा से लेकर माघी पूर्णिमा यानी 20 फरवरी तक किया जाना है। यह कार्यक्रम 7 महीना तक सात चरणों में चलने वाला है। उमरिया जिले में यह कलश यात्रा 7 दिनों तक चलेगी। प्रदेश नेतृत्व के द्वारा संत रविदास की जन्म स्थल से मिट्टी लाकर कलश के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जिलों में कलश भेजा गया है।जिला स्तर से लेकर जिले के अंतर्गत प्रत्येक मंडलों में अलग-अलग कलश भेजे जाएंगे। श्री अग्रवाल ने जिले के अंतर्गत समस्त मंडलों में की जाने वाली कलश पूजन और यात्राएं के बारे में पूरा रूट चार्ट तैयार किया है।इसी आधार पर यह कलश यात्राएं की जाएगी। क्रीडा विभाग के प्रदेश सहसंयोजक विष्णु भारती ने सभी संतो के चरणों मे नमन करते हुए कहा कि रविदास ने उस दौर के कठिन परिस्थिति में सनातन धर्म के लिए चेतना जगाते रहे है। उचेहरा मंदिर के बड़े महराज ने कहा कि संत रविदास जी एक महान संत और कवि रहे है जो सनातन धर्म के लिए हमेशा कार्य करते रहे हैं उनकी एक बड़ी आज भी प्रासंगिक है।

## आदर्श कॉलेज में अक्षय ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण संकल्प

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में पृथ्वी एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों का अधिकाधिक उपयोग करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा दिवस 20 अगस्त के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नियाज अहमद अंसारी की अध्यक्षता एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ राजीव तिवारी के संयोजन संचालन में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो रेम सिंह मचासीन रहे। छात्र छात्राओं को भौतिक विज्ञान विभाग से डॉ रूप लता चतुर्वेदी ने पवन ऊर्जा सौर ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाकर प्रदूषण मुक्त ,हरित और सतत भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की बात कही।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला उमरिया (म.प्र.)

क्रमांक/2578 /लो.नि./नि.सू./2026 — उमरिया, दिनांक 20.08.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_529487_1 Date 13-08-2026 | CONSTRUCTION OF ANGANBADI BHAWAN AT WARD NO.-13 | 1- 180 दिवस 2- 9,27,329.00 | 1- 2000.00 2- 9,273.00 | 01.09.2026 |
| 2 | 2026_UAD_530667_1 Date 19-08-2026 | Construction of Drain at ward No.-20 Singaltola Collectorate Main Gate Praveen Singh House to Microsis Collage | 1- 120 दिवस 2- 26, 19,210.00 | 1- 5000.00 2- 19,644.00 | 18.09.2026 |
| 3 | 2026_UAD_530695_1 Date 19-08-2026 | Regarding the selection of an agency for the engagement of personnel through outsourcing | 1- 365 दिवस 2- 1,20,00,000.00 | 1- 12500.00 2- 60,000.00 | 18.09.2026 |

नोट : - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद उमरिया
जिला-उमरिया (म.प्र.)

# भोपाल से मंडला पहुंची संत रविदास मंगल यात्रा का विधि विधान से किया गया पूजन-अर्चन, कैबिनेट मंत्री हुई शामिल

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

संत शिरोमणि रविदास की मंगल यात्रा भोपाल से मंडला भाजपा जिला कार्यालय पहुंची। यहां विधि-विधान से मंगल कलश पूजन के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यालय परिसर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया गया। पूजन की शुरुआत श्री गणेश के आव्हान के साथ हुई। इसके बाद भगवान शिव का दूध, दही, शहद सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक किया गया। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प माला एवं रुद्राक्ष अर्पित किए गए। मुख्य आचार्य पंडित प्रमोद शुक्ल, पंडित राहुल दुबे एवं पंडित उपेंद्र उपाध्याय ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक और पूजन संपन्न कराया।




**मंगल कलश का पूजन-** मंगल कलश का पूजन संत साध्वी मनीषा दीदी मां रेवा आश्रम सिलपुरा एवं संत रामदास जी महाराज सहस्त्रधारा आश्रम के सानिध्य में किया गया। मंगल कलश को आगामी चरण में मंडल एवं बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा जहां कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं द्वारा उसका विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा।

**गांव-गांव पहुंचेगा संदेश-** कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने समाज को समरसता समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने की प्रेरणा देते हैं। मंगल कलश यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी के संदेश को गांव-गांव और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**मानवता के लिए रहे समर्पित** -भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता और मानवता के लिए समर्पित रहा। उनके विचार समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने की प्रेरणा देते हैं। मंडला में मंगल कलश का स्वागत और पूजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया है। इसके बाद मंगल कलश को आगामी यात्रा के लिए विधिवत पूजन-अर्चन कर रवाना किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रथ कलश यात्रा को हरी झंडी-** संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर जिले में आयोजित श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा के अंतर्गत जिला योजना भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संत रविदास के जीवन उनके विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि गुरु रविदास जी के जीवन और उनके विचारों से बच्चों एवं युवा पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने जातिगत भेदभाव को समाप्त करने तथा समाज में समानता स्थापित करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

**जीवन पर चलचित्र का प्रदर्शन-** कार्यक्रम के दौरान संत रविदास के जीवन एवं उनके सामाजिक संदेश पर आधारित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। चलचित्र के माध्यम से उनके संघर्ष विचारों तथा समाज में समानता और समरसता स्थापित करने के प्रयासों को दर्शाया गया। उपस्थितजनों ने संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के पश्चात मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने स्वयं सिर पर कलश रखकर संत रविदास जी के जीवन से जुड़े समरसता के संदेश को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे रथ तक पहुंचकर उसे स्थापित किया।

## हरियाली यात्रा में संरक्षण संकल्प

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** पर्यावरण संरक्षण और जन जागरूकता को लेकर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर जारी है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड नारायणगंज के सेक्टर चिरईडोंगरी में हरियाली अमावस्या के अवसर पर हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रगति जनकल्याण समिति और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मझगांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देना है। नवांकुर योजना के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन के कुशल मार्गदर्शन में यह विशेष पहल की गई है इसके तहत ग्राम की महिलाओं को पर्यावरण प्रहरी के रूप में नवांकुर सखी का दायित्व सौंपा गया। देवलता उइके विशेष रूप से उपस्थित रहे इसके साथ ही माडोगढ़ सेक्टर अंतर्गत प्रगति जन कल्याण समिति की अध्यक्ष सह सचिव पुष्पा उइके ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सहजनी परमू एवं अन्य सदस्य की महिलाओं और ग्रामीणजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## आप कार्यालय में ध्वजारोहण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं उनके बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया गया। ध्वजारोहण आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती रश्मि मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप जिला अध्यक्ष पंकज सोनी अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संभागायुक्त ने की समीक्षा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में संभागायुक्त ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए सभी एसडीएम को नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

## बम्हनी बंजर में कांग्रेस की बैठक

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** बम्हनी बंजर नगर में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर की शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था नगरपालिका से जुड़े मुद्दों छात्र संघ कॉलेज चुनाव तथा नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर आमजन से संवाद करने के लिए पखवाड़े की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर भ्रमण किया इस दौरान छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को जाना गया वहीं वरिष्ठजनों से मुलाकात कर नगर के विभिन्न विषयों पर संवाद किया गया तथा नगरवासियों से भी संपर्क कर उनकी समस्याएं सुनी गई इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बम्हनी बंजर निवासी समद मलिक से भी मुलाकात की गई लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे समद मलिक के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई और उनके परिवारजनों से भी आत्मीय मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान नगर अध्यक्ष श्रद्धालु गोलू सोनी, बम्हनी ब्लॉक अध्यक्ष बलराम अमित पांडेय, लखन राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरेश चौकसे का निधन

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** ग्राम पिपरिया के प्रतिष्ठित नागरिक एवं मुकद्दम सुरेश कुमार चौकसे (57) का सोमवार को अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे सुरेश कुमार चौकसे अपने मिलनसार स्वभाव के धनी थे।

# महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज



मण्डला(स्वतंत्रमत)।

कुर्मी समाज विकास संगठन के आह्वान पर जिला मुख्यालय स्थित सरदार पटेल मंगल भवन में जिला स्तरीय हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। आओ पेड़ लगाएं सच्चे भारतीय कहलाएं थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर से मातृ शक्तियों बच्चों एवं परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल भारत माता एवं कुर्मी समाज की कुलदेवी उमिया माता के तैल्यचित्र पर पूजन-अर्चन के साथ हुआ इसके बाद सावन माह के आराध्य भगवान महाकाल एवं माता पार्वती के स्वरूप महागौरी का पूजन कर आरती की गई साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में महिलाओं बच्चों एवं परिजनों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। झूला झूलकर महिलाओं ने सावन के आनंद का अनुभव किया अभियान के अंतर्गत कुर्मी समाज की पूर्व महिला अध्यक्ष स्व. श्रीमती सुधा सिंगौर की स्मृति में महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

समाज में पानी बंद जैसी कुप्रथा पर प्रस्तुत नाटक के माध्यम से महिलाओं ने इसके दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से सामने रखा कार्यशाला में जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर अंकिता पटेल एवं डॉ. राशि सिंगौर ने महिलाओं को स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर जानकारी दी कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गौरी राजकुमार सिंगौर ने किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

**मण्डला/मवई(स्वतंत्रमत)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मवई द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण कर उन्हें नमन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम में नयामत खान, बोधू सिंह मरावी, विधायक प्रतिनिधि एजाज अज्जू खान, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश साहू, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव शशिकांत साहू, युवा नेता लखन चक्रवर्ती, नसीम खान, संतोष करायत, राकेश साहू, राकेश श्याम, वरिष्ठ नेता रामस्वरूप वारेश्वर, पंकज कुमार, पूसम राम, श्रवन चक्रवर्ती, अमित गुप्ता, स्वतंत्र चक्रवर्ती सहित अनेक कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फलदार औषधि युक्त पौधों का वितरण

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री के आह्वान पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा पदम् से सम्मानित मोहन नागर कुशल नेतृत्व में नवांकुर संस्थाओं द्वारा हरियाली अमावस्या से नवांकुर सखियों को पौधा वितरण एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड में नवांकुर योजना अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था धेनु बाड़ी गौरक्षण समिति के द्वारा खैरमाई माता मंदिर अचली के प्रांगण में जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं विकास खण्ड समन्वयक संतोष कुमार झारिया,धेनुबाडी गौरक्षण समिति की अध्यक्ष कुंती उलाडी, सचिव सुश्री किरण ठाकुर एवं ग्रामीण जनों उपस्थिति में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा संगोष्ठी पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फलदार छायादार औषधि युक्त पौधों वितरण किया गया है साथ ही नवांकुर सखियों द्वारा हरियाली यात्रा एवं हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा रैली निकाली गई। कार्यक्रम के पश्चात पर्यावरण संरक्षण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले निखिल चन्द्रोल को धेनु बाड़ी गौरक्षण समिति अचली द्वारा जिला समन्वयक के माध्यम सम्मानित किया गया इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष सुश्री सुनीता नागेश्वर, लता डोंगरे, कुंती उलाड़ी, ज्योति चंद्रोल, गायत्री भारतीया, साक्षी साहू उषा साहू, दीपाली नागेश्वर इत्यादि ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।



# राखी मेकिंग पर कार्यशाला सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

मां रेवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राखी मेकिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यशाला का सफल संचालन महाविद्यालय संचालक डॉ. अभिषेक चौबे एवं प्राचार्य डॉ. कनिका खरे के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रुद्राक्षी दीक्षित उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों द्वारा तैयार की गई कलात्मक व आकर्षक राखियों की सराहना करते हुए मार्गदर्शन के साथ उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला का सफल समन्वय कार्यक्रम संयोजक सुश्री अपूर्वा मिश्रा एवं श्रीमती शिखा सोनी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को लेकर सभी विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की सुंदर राखियां तैयार की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसे सभी ने खूब सराहा।



## 15 अगस्त में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर कृषि उपज मंडी परिसर में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संगम देखने को मिला। यहां आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण के साथ ही दुर्लभ औषधीय पौधे दहिमन का पौधारोपण कर हरित क्रांति का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन से हुई। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संस्कार बावरिया ने ध्वज पूजन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एसडीएम संस्कार बावरिया एवं प्राकृतिक एवं जैविक खेती के जिला प्रमुख सुदेश नामदेव ने मंडी परिसर में दहिमन का पौधा लगाया इस अवसर पर सचिव ओंकारसिंह उइके, मंडी निरीक्षक कन्हैया मरकाम, नवल मरावी, विवेक कुमार झारिया, संदीप वरया, दीपांकर धुर्वे, अजीतेश सिंह, श्रीमती विनीता धुर्वे उपस्थित रहीं।

## जनपद कर्मचारी का सरकारी आवास में मिला शव

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत नैनपुर में ब्लॉक समन्वयक के पद पर पदस्थ खेमेंद्र टेकाम का शव गुरुवार को जनपद पंचायत कार्यालय के पीछे स्थित ब्लॉक कॉलोनी के सरकारी आवास में मिला। वे आवास में अकेले रहते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार रात के बाद से किसी की उन पर नजर नहीं पड़ी थी गुरुवार को जब उनके आवास पर उनकी कोई गतिविधि नहीं दिखाई दी तो लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल नैनपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे खेमेंद्र टेकाम मूल रूप से घुघरी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। उनकी पत्नी सुरेहली ब्लॉक, घुघरी में स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर पदस्थ हैं। शव को आवश्यक कार्रवाई के बाद अंतिम संस्कार के लिए घुघरी रवाना किया गया। फिलहाल उनकी मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले में आवश्यक जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही जनपद पंचायत के कर्मचारियों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।


## शतरंज में आशुतोष का परचम



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला शिक्षा अधिकारी के तत्वाधान में बिछिया के सांदीपनी विद्यालय में संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 19 और 20 अगस्त को किया गया जिसमें करीब 6 जिलों के 14 एवं 17 और 19 आयु वर्ग ने शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमें मोंटफोर्ट विद्यालय के आशुतोष जायसवाल ने 14 आयु वर्ग में अपना परचम लहराते हुए विजय हासिल की। आशुतोष का चयन प्रदेश स्तर के लिए हुआ है जो कि 25 से 29 अगस्त को सीहोर में होगा। आशुतोष की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बाई वरकड़े, जिला खेल अधिकारी के एल मरकाम, मोनफोर्ट विद्यालय प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन, खेल प्रशिक्षक अभिषेक श्रीवास, आशुतोष के पिता विकास जायसवाल, मां श्रीमति ज्योति जायसवाल, बड़े पापा अनिल जायसवाल, बहन अंजली जायसवाल तथा मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## देवहार पोस्ट ऑफिस से कर्मचारी गायब

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत देवहार में संचालित पोस्ट ऑफिस की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पोस्ट ऑफिस में लंबे समय से कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर बताई जा रही है कि 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्व पर भी पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी की उपस्थिति शून्य रही। ग्रामीणों का कहना है कि जब पोस्ट ऑफिस कर्मचारी से फोन पर संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि उनकी आईडी करीब डेढ़ महीने से बंद है जिसके कारण वे देवहार के बजाय मुख्य डाकघर नारायणगंज में बैठकर काम कर रहे हैं। कर्मचारी की ओर से यह भी बताया गया कि देवहार पोस्ट ऑफिस में ग्राहक नहीं आते और कई बार मुनादी तथा सूचना देने के बावजूद ग्रामीण डाकघर नहीं पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी कर्मचारी की आईडी बंद है तो यह तकनीकी समस्या है तो उसका समाधान विभागीय स्तर पर किया जाना चाहिए। इसके लिए ग्रामीणों को सरकारी सेवा से वंचित रखना उचित नहीं है। वहीं देश अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा रहा था और देशभक्ति का माहौल था लेकिन देवहार पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी की मौजूदगी तक नहीं रही। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व केवल छुट्टी का दिन नहीं बल्कि




## उदय चंद को किया नमन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शहीद वीर उदय चंद की पुण्यतिथि विद्यालय में मनाई गई इस अवसर पर उदय चंद के परिवार के सदस्यों ने उदय चंद की प्रतिमा में पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की विद्यालय के छात्रों के द्वारा शहीद उदय चंद जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर सुरेश चंद जैन के द्वारा वीर शहीद उदय चंद जैन के इतिहास की जानकारी छात्रों को दी गई।

# लगातार हो रही बारिश से फसलें मुस्कुराईं, किसान भी खुश

## बाजारों में पसरा सन्नाटा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार रुक-रुककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। गुरुवार को सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहे और दिनभर रिमझिम के साथ कई बार तेज बारिश का दौर चलता रहा। लगातार हो रही बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम होने से दुकानदारों की चिंता बढ़ गई है।




## बारिश से किसानों को मिली राहत

कई घंटे से जारी बारिश को किसान खरीफ फसलों के लिए लाभदायक मान रहे हैं। खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से किसानों को राहत मिली है। किसानों का कहना है कि इस समय फसलों को बारिश की आवश्यकता थी और लगातार पानी मिलने से सोयाबीन, धान सहित अन्य खरीफ फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद है। बारिश के चलते कृषि कार्यों में भी तेजी आने की संभावना है।

## बाजारों में पसरा सन्नाटा

लगातार बारिश का असर नगर के बाजारों में भी देखने को मिला। सुबह से ही अधिकांश बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम रही। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे नजर आए। व्यापारियों का कहना है कि बारिश के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जिसका सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा है। यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो आगामी दिनों में भी व्यापार प्रभावित रहने की आशंका है।

## जलभराव से बढ़ सकती है परेशानी

लगातार बारिश के चलते नगर की सड़कों और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने की आशंका है। कुछ स्थानों पर बारिश का पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे और खराब मार्गों पर आवाजाही भी मुश्किल होने की संभावना है। फिलहाल किसान अच्छी बारिश से खुश हैं, जबकि आम लोग बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं।

संपादकीय

# बेटियों का शंखनाद

मध्यप्रदेश के धार जिले के निसरपुर तथा शहडोल जिले के कंचनपुर स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर की आदिवासी छात्राओं का मीलों पैदल चलकर पुलिस थाना और कलेक्ट्रेट पहुंचना सिर्फ एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारी सोई हुई प्रशासनिक व्यवस्था के गाल पर एक जोरदार तमाचा है। जब किताबों की जगह मासूमों के हाथों में अपने ही बुनियादी हक– 'दो वक्त की साफ रोटी और सुरक्षित माहौल' के गुहार वाले बैनर आ जाएं, तो समझ लीजिए कि सिस्टम अंदर से खोखला हो चुका है। अनसुनी शिकायतों ने इन बेटियों को सड़क पर उतरने को विवश किया, जो हर जिम्मेदार अधिकारी के लिए शर्म की बात होनी चाहिए। यह जमात दिल्ली के जंतर-मंतर या रामलीला मैदान अथवा किन्हीं 'कॉकरोचों' से प्रेरित नहीं है, बल्कि दमन, भ्रष्टाचार और शोषण ने इसे संघर्ष करने को बाध्य किया है। ये दो उदाहरण अभूतपूर्व और अकल्पनीय लगते हैं। जाहिर है छात्राओं ने बेहद विवशता में ऐसा कदम उठाया, क्योंकि वे विभाग की नकारा, उपेक्षित व्यवस्थाओं से तंग आ चुकी थीं। न रहने को सुरक्षित कमरे, न स्वच्छ शौचालय और न ही पोषक भोजन..!

मध्यप्रदेश के धार जिले के निसरपुर स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर में बीते रविवार की देर रात 9वीं-11वीं कक्षा की 40 छात्राएं खिड़कियों से बाहर कूदीं, नंगे पांव चलती रहीं और पुलिस स्टेशन तक पहुंच गईं। रात के अंधेरे में ही एसडीओपी और तहसीलदार दौड़े चले आए और छात्राओं की शिकायतें सुनीं। छात्रावास की वार्डन और कार्यवाहक प्रिंसिपल को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया गया। कमोबेश व्यवस्था को विरोध के सामने झुकना पड़ा। दरअसल ये तमाम 'विरोध' दिल्ली, रांची, पटना, लखनऊ, कोलकाता के विभिन्न विरोध-प्रदर्शनों और आंदोलनों से भिन्न हैं। इन्हें न तो नौकरी चाहिए, न ही अभी उम्र है और न पेपरलीक या परीक्षा रद्द किए जाने के कारण भविष्य दांव पर है। इनका विरोध बुनियादी व्यवस्थाओं को लेकर है। ठीक इसी तरह शहडोल जिले के कंचनपुर स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर की छात्राएं करीब 11 किमी पैदल चलकर अपना दर्द बयां करने कलेक्टर के पास पहुंच गईं।

यह दर्द सिर्फ इन दो जिलों का नहीं, बल्कि देश के हर उस आदिवासी अंचल की दास्तान है जहां विकास के बड़े-बड़े विज्ञापनों के पीछे जमीनी हकीकत बदहाली के आंसू रोती है। अधिकारियों के एसी कमरों से बाहर न आने के कारण औचक निरीक्षण अब सिर्फ फाइलों तक सिमट कर रह गए हैं। जब तक कोई बड़ा हंगामा या मीडिया की सुर्खियां न बनें, तब तक जिम्मेदार महकमा गहरी नींद में सोता रहता है। स्थानीय प्रबंधन की मनमानी के आगे बच्चों की आवाजें अक्सर छात्रावास की दीवारों के भीतर ही घुटकर दम तोड़ देती हैं। जांच के आदेश और लीपापोती से अब काम नहीं चलने वाला। आदिवासियों के विकास के नाम पर मिलने वाले बजट और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर आर-पार की कार्रवाई होनी चाहिए। शिक्षा किसी भी समाज के उत्थान की एकमात्र धुरी है। यदि शिक्षा के मंदिर ही भ्रष्टाचार और लापरवाही के अड्डे बन जाएंगे, तो समाज का विश्वास हमेशा के लिए डगमगा जाएगा। जब मासूम बच्चियों को अपनी बुनियादी जरूरतों– दो वक्त की साफ-सुथरी रोटी और सुरक्षित माहौल के लिए पढ़ाई छोड़कर सड़कों पर उतरना पड़े, तो यह मान लेना चाहिए कि शासन-प्रशासन के स्तर पर कहीं न कहीं गंभीर चूक हो रही है। लिहाजा, बच्चों की शिकायतों के लिए एक ऐसा सीधा डिजिटल तंत्र बने जिसकी मॉनिटरिंग सीधे जिला कलेक्टर खुद अपने हाथों में रखें। जिम्मेदारों को दफ्तर की कुर्सियां छोड़कर खुद इन परिसरों का औचक निरीक्षण करना होगा।

## आज विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विशेष

# झुर्रियों में छिपा अनुभव समाज की सबसे अनमोल विरासत



योगेश कुमार गोयल
(लेखक पत्रकार और कई पुस्तकों के लेखक हैं)

किसी भी परिवार की वास्तविक समृद्धि केवल उसकी आर्थिक संपन्नता से नहीं बल्कि उसके बुजुर्गों की मौजूदगी, अनुभव और आशीर्वाद से मापी जाती है। उम्र के साथ शरीर भले ही कमजोर हो जाए लेकिन जीवन के दशकों से अर्जित अनुभव, धैर्य, दूरदृष्टि और रिश्तों को संभालने की क्षमता किसी अमूल्य धरोहर से कम नहीं होती। वरिष्ठ नागरिक केवल परिवार के अतीत के साक्षी नहीं बल्कि वर्तमान के मार्गदर्शक और भविष्य के लिए अनुभव की जीवंत पाठशाला होते हैं। इसी भाव को केंद्र में रखकर 21 अगस्त को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में बुजुर्गों के सम्मान, उनकी समस्याओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता का अवसर माना जाता है। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 19 अगस्त 1988 को एक घोषणा पर हस्ताक्षर कर 21 अगस्त को वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में मान्यता दी थी।



वृद्धावस्था जीवन का वह पड़ाव है, जिसमें व्यक्ति को सबसे अधिक जरूरत होती है सम्मान की, अपनत्व की, सुरक्षा की और यह महसूस करने की कि समाज में उसकी उपयोगिता अभी समाप्त नहीं हुई है। आधुनिक जीवनशैली, तेजी से बढ़ता शहरीकरण, रोजगार के लिए पलायन और संयुक्त परिवारों के कमजोर पड़ते ढ़ांचे ने बुजुर्गों के सामने नई चुनौतियां खड़ी की हैं। कई वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक बीमारियों के साथ अकेलेपन, आर्थिक असुरक्षा, डिजिटल दुनिया से दूरी, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र भी बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आवास, परिवहन, परिवार और सामाजिक संबंधों पर पड़ने वाले प्रभावों को महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौती मानता है। दुनिया में 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या 1980 के लगभग 26 करोड़ से बढ़कर 2021 में 76.1 करोड़ हो गई थी और 2050 तक वैश्विक आबादी में उनका हिस्सा लगभग 17 प्रतिशत पहुंचने का अनुमान है।

भारत के संदर्भ में यह चुनौती और अधिक महत्वपूर्ण है। देश में जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है और वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में वृद्धावस्था को बोझ की तरह देखने के बजाय इसे जीवन के सक्रिय, सम्मानजनक और उत्पादक चरण के रूप में स्वीकार करना होगा। केंद्र सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना का उद्देश्य भी वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है, जिसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास एवं देखभाल सेवाएं, राज्य कार्ययोजनाएं, सहायक उपकरण तथा सक्रिय एवं स्वस्थ वृद्धावस्था से जुड़े विभिन्न घटक शामिल हैं। भारत में 2026 तक 60 वर्ष से अधिक आयु की आबादी लगभग 17.3 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया है। वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा भी अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न है। वृद्धावस्था में नियमित आय का स्रोत समाप्त होने अथवा कम होने से जीवनयापन कठिन हो सकता है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं महत्वपूर्ण सहारा बनती हैं। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन जैसी व्यवस्थाएं जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करती हैं। इसके साथ ही बैंकिंग और पेंशन व्यवस्था तक आसान पहुंच, वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेन-देन में सुरक्षित प्रशिक्षण भी आज की आवश्यकता है क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों में वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से संवेदनशील हो सकते हैं।

स्वास्थ्य वरिष्ठ नागरिकों की सबसे बड़ी जरूरतों में शामिल है। उम्र बढ़ने के साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गठिया, दृष्टि संबंधी समस्याएं, सुनने की क्षमता में कमी और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों का जोखिम बढ़ सकता है। भारत सरकार का 'नेशनल प्रोग्राम फॉर हैल्थ केयर ऑफ द एल्डरली' वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती और समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य संवर्धन, रोकथाम, रोगों का निदान एवं उपचार, पुनर्वास, डे-केयर तथा जरूरत के अनुसार घर पर देखभाल जैसी सेवाओं की परिकल्पना की गई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए केवल चिकित्सा सुविधा पर्याप्त नहीं है, उन्हें सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा भी चाहिए। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा, आर्थिक शोषण और अकेलापन ऐसी समस्याएं हैं, जिन पर परिवार और समाज दोनों को गंभीरता से विचार करना होगा। किसी बुजुर्ग की बात को इसलिए खारिज कर देना कि वे पुराने विचारों के हैं, उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है। नई पीढ़ी और वरिष्ठ पीढ़ी के बीच संवाद की कमी अनेक पारिवारिक तनावों को जन्म देती है। आवश्यकता इस बात की है कि घरों में बुजुर्गों को निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए, उनकी राय सुनी जाए और उनके अनुभवों को सम्मान दिया जाए।

डिजिटल युग में वरिष्ठ नागरिकों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना भी जरूरी है। मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाएं, सरकारी पोर्टल और वीडियो कॉल जैसी सुविधाएं उनके जीवन को आसान बना सकती हैं लेकिन डिजिटल जानकारी के अभाव में वे ठगी का शिकार भी हो सकते हैं। इसलिए परिवार के युवा सदस्यों को चाहिए कि वे बुजुर्गों को तकनीक से दूर रखने के बजाय उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार सिखाएं, जैसे ओटीपी साझा न करना, अनजान लिंक पर क्लिक न करना, बैंक संबंधी जानकारी किसी को न देना और संदिग्ध कॉल की सूचना तुरंत संबंधित संस्था को देना। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बुजुर्गों की देखभाल को केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं बनाया जा सकता। सरकार सामाजिक सुरक्षा दे सकती है, स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित कर सकती है और कानून बना सकती है लेकिन बुजुर्गों को वास्तविक अपनापन परिवार ही दे सकता है। दिन में कुछ मिनट उनके साथ बैठना, उनकी बातें सुनना, उनके साथ भोजन करना, उन्हें बाहर घुमाना, उनकी दवाओं और स्वास्थ्य जांच का ध्यान रखना तथा उनकी पसंद-नापसंद का सम्मान करना किसी महंगी सुविधा से अधिक मूल्यवान हो सकता है।

आज जरूरत ऐसी सामाजिक व्यवस्था बनाने की है, जहां वृद्धावस्था को निर्भरता का पर्याय न माना जाए। जिन लोगों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में लगाए हैं, उन्हें जीवन के अंतिम पड़ाव में सम्मान, सुरक्षा और सहभागिता मिलना उनका अधिकार है, उपकार नहीं। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि बुजुर्गों को केवल एक दिन सम्मानित करने से हमारी जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। उनके प्रति सम्मान हमारे व्यवहार, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक नीतियों का स्थायी हिस्सा बनना चाहिए। जिस घर में बुजुर्ग मुस्कुराते हैं, वहां पीढ़ियों के बीच अनुभव और ऊर्जा का सुंदर संवाद बना रहता है। उनकी झुर्रियों में जीवन की कहानी, उनकी चुप्पी में अनुभव की गहराई और उनके आशीर्वाद में आने वाली पीढ़ियों की शक्ति छिपी होती है।

इसलिए आज संकल्प केवल इतना न हो कि हम बुजुर्गों का सम्मान करेंगे बल्कि यह हो कि हम ऐसा समाज बनाएंगे, जहां कोई वरिष्ठ नागरिक अकेला, असुरक्षित, उपेक्षित या निरर्थक महसूस न करे। किसी समाज की सभ्यता का सबसे बड़ा प्रमाण यह नहीं कि वह अपने युवाओं के लिए कितने अवसर पैदा करता है बल्कि यह भी है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कितना सम्मानजनक व्यवहार करता है।

# सड़क पर आखिर किसका अधिकार है?



डा. योगेंद्र श्रीवास्तव

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में देश की सड़कों पर फैली अराजकता पर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस पी एस नरसिम्हा एवं जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि पैदल चलने वालों के लिए सड़क पर अलग और अतिक्रमण मुक्त जगह सुनिश्चित करे। पहले भी सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि सड़क पर पैदल चलना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है इसलिए यह सरकार का संवैधानिक दायित्व है कि इस अधिकार की सुरक्षा करे। सवाल यह है कि अगर सड़क पर पैदल यात्रियों का चलना भी मुश्किल है तो आखिर सड़क है किसकी? सड़क पर ऐसी असुरक्षा शायद ही किसी देश में हो जैसी भारत में है। इस हद तक कि सड़क दुघटनाओं में मरने वाले कुल लोगों में लगभग 20 प्रतिशत पैदल राहगीर होते हैं। यानी वाहन चलाना तो खतरों से भरा है ही, सड़क पर पैदल चलना भी सुरक्षा की गारंटी नहीं। अब तो महानगरों के साथ साथ छोटे और मझोले शहरों में भी वाहनों की तादाद बढ़ती जा रही है और उसी अनुपात में दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। देश भर में प्रतिदिन सड़क दुघटनाओं में लगभग 500 लोगों की मृत्यु हो जाती है यानी हर 3 मिनट में एक मौत। जितनी देर में आप यह लेख पढ़ चुके होंगे उतनी देर में देश में कहीं न कहीं 2-3 लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देंगे। दुर्एघटनाओं का मुख्य कारण ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है जिसमें तेज रफ्तार, नशे में ड्राइविंग और, गलत ओवरटेकिंग, सीट बेल्ट न लगाना और हेलमेट न पहनना आदि हैं। साथ ही सड़कों पर बेरोकटोक घूमते आवारा जानवर भी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। एक भाग्यवादी देश में इसे किस्मत और भगवान का बुलावा समझ लिया जाता है लेकिन वास्तव में यह कानून व्यवस्था की कमजोरी और सिस्टम की लापरवाही का नतीजा है। यातायात की अराजकता को आम तौर पर ज्यादा आबादी और कम संसाधनों से जोड़ कर स्वीकार कर लिया जाता है लेकिन इस समस्या के बहुत से पहलू ऐसे भी हैं जो सिर्फ कानून व्यवस्था की कमजोरी के कारण पैदा होते हैं। सबसे पहला कारण है ड्राइविंग लाइसेंस का बहुत आसानी से बन जाना। आरटीओ दफ्तरों में दलाल इतने ताकतवर हैं कि बिना परीक्षा के भी किसी का ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। भारत में अक्सर पहले लाइसेंस बनता है बाद में व्यक्ति गाड़ी चलाना सीखता है। और लाखों वाहन तो बिना लाइसेंस के ड्राइवर भी चला रहे हैं। हर स्कूल के सामने सैकड़ों मोटरसाइकिल खड़ी दिखती हैं जो नाबालिग स्कूली छात्र बेधड़क चला रहे हैं। छोटी दूरियों में ट्रक और टैक्सी भी बिना लायसेंस और बिना वैध कागज़ात के धड़ल्ले से चलाई जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश गाड़ियां तो आपराधिक रिकॉर्ड वाले बाहुबली अथवा राजनेता ही चलवाते हैं। पुलिस का महकमा बड़ी मुस्तैदी से ट्रैफिक पर नजर रखता है लेकिन रिश्वतखोरी के चलते वो सड़क पर होने वाली सारी गलतियां माफ कर देते हैं। दो बड़ी समस्यायें पार्किंग और अतिक्रमण की हैं। शहरों में गाड़ियों की तादाद बढ़ती जा रही है लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं। कहीं कहीं स्थानीय निकायों ने पार्किंग कॉम्प्लेक्स बनाये भी हैं लेकिन उनकी क्षमता गाड़ियों की संख्या के अनुपात में काफी कम है। ज्यादातर गाड़ियां बेतरतीब तरीके से सड़कों पर ही खड़ी कर दी जाती हैं जिससे सड़क पर चलने के लिए पर्याप्त जगह ही नहीं बचती। देश में वीआईपी कल्चर का सबसे बेहूदा प्रदर्शन सड़कों पर ही देखने मिलता है जहां वीआईपी की गाड़ियां एकदम बेढंगे तरीके से खड़ी दिखाई देती हैं। और तो और मंत्रियों का काफिला निकलता है तो सारा ट्रैफिक ही रोक दिया जाता है। इसके अलावा अतिक्रमण पर कोई पुख्ता कार्रवाई न होने से फुटपाथ तो लगभग खत्म हो चुके हैं और अतिक्रमण अब सड़कों पर आ गए हैं। चाहे व्यावसायिक क्षेत्र हो या रहवासी कॉलोनी। जो जितना पॉवरफुल नागरिक है वह उतना ज्यादा अतिक्रमण करके सड़क की चौड़ाई कम कर रहा है। अगर स्थानीय निकाय हटाते भी हैं तो कड़ी निगरानी और मोटे जुर्माना न होने से कुछ दिन बाद फिर अतिक्रमण वापस हो जाते हैं। सड़क पर चलने वालों का अधिकार छीनने में सबसे आगे हैं राजनीतिक पार्टियां, धार्मिक जनता और अनेक सामाजिक संगठन। इन सबके द्वारा सड़क को मैदान समझ लिया गया है कि जब चाहो तब मजमा लगा दो या जुलूस निकाल दो। धरना, प्रदर्शन, रोड जाम, रैली, भाषण, बारात , जुलूस आदि के कारण जब तब नागरिकों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। कारण राजनीतिक हो, सामाजिक हो, धार्मिक हो, सबको सड़क के दुरूपयोग की छूट मिली है। इन सबके कारण बहुतों की ट्रेन या फ्लाइट छूट जाती है, कई छात्र परीक्षा में समय पर नहीं पहुंच पाते और यदा कदा जाम के कारण एंबुलेंस में ही मौत की खबरें भी सुनने मिलती रहती हैं। रोड पर तमाशा करने वालों का हंगामा सिर्फ शोर शराबे और ट्रैफिक जाम तक सीमित नहीं। वैसे तो कहा ही जाता है कि भीड़ का दिमाग नहीं होता उस पर भारत में भीड़तंत्र का हंगामा दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसी अराजकता को राजनेताओं की शह भी है क्योंकि सबके अपने अपने वोट बैंक हैं जिसका इस्तेमाल करके सरकार पर दबाव डालने की कोशिश की जाती है। ऊपर से कानून व्यवस्था की निरन्तर बिगड़ती हालत ने भीड़ का हौसला और भी बढ़ा दिया है। सुप्रीम कोर्ट भले ही आम नागरिक के सड़क पर चलने के अधिकार को लेकर चिन्तित है लेकिन पुलिस और प्रशासन इससे बिल्कुल बेखबर हैं। असलियत यह है कि पुलिस पर प्रशासन का दबाव है और प्रशासन पर राजनेताओं का। इसकी वजह से सड़कों पर फैली अराजकता को रोकना बहुत चुनौतीपूर्ण काम है। सड़क पर रोजमर्रा के तमाशों को खत्म करने के लिये पूरे सिस्टम में मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत है ताकि राजनेता अपने अपने वोट बैंक को बढ़ावा देने के बजाय जनता की परेशानी की तरफ ध्यान दे सकें।

## तुम्हारे बोझ से कौन बचाएगा

चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए, सावन जो आग लगाए तो उसे कौन बुझाए। आनंद बख्शी जी ने बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न किया था अपने गीत में। इस तरह के और भी कई प्रश्न है जो गीतकार ने अपने गाने में उठाए हैं। जैसे जो बाग बहार में उजड़े उसे कौन खिलाये, मनमीत जो घाव लगाये उसे कौन मिटाये, मदिरा जो प्यास लगाये, उसे कौन बुझाये, माझी जो नाव डुबोये उसे कौन बचाए आदि-आदि। इसी प्रकार का एक और प्रश्न लें। यदि कोई संपत्ति बोझ बन जाए तो क्या हो? एक मुख्यमंत्री का यह कहना है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बोझ बन गए हैं। यही प्रशासनिक अधिकारी देश संपत्ति माने जाते हैं राज्यों के। कुछ लोग तो यहां तक कहते हैं कि सही अर्थ में शासन और प्रशासन यही संभालते हैं। यही कारण है कि किसी राज्य में शासन प्रमुख अपने मंत्रियों समेत कितने भी कम पढ़े-लिखे हों, राज्य का शासन-प्रशासन ठीक से चलता रहता है। इन्हीं अधिकारियों के बदौलत न? भाई! भारतीय प्रशासनिक सेवा को तो बहुत गौरव का विषय माना जाता है अंग्रेजों को जमाने में से ही। उस समय इसे आईसीएस कहा जाता था अब इसका नामकरण आईएएस हो गया है। लेकिन जैसे अंग्रेजों के समय में यह बहुत ही महत्वपूर्ण पद था वैसे ही आज भी बहुत ही महत्वपूर्ण पद है और जब तक सूरज चांद रहेगा आखिर भारतीय स्तर के पदाधिकारियों का मान रहेगा। अब इसी पद को या कहे कि इन्हीं अधिकारियों को जिन्हें अमूल्य संपत्ति माना जाता है अब बोझ माना जा रहा है और उनके पदों में कटौती करने का विचार बन रहा है। कुछ यही बात भारतीय वन सेवा यानी इंडियन फॉरेस्ट सर्विस के अधिकारियों के साथ की जा रही है। भारतीय पुलिस सेवा को भी बख्शा नहीं जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि बोझ तो बहुत सारे है देश में। अधिकारियों को जो बोझ बता रहे हैं, कुछ लोगों की निगाह में वे खुद ही एक बहुत बड़े बोझ हैं देश पर। उनके बारे में कुछ लोगों का कहना है कि लोगों के बीच नफरत फैलाने में इनका बहुत बड़ा योगदान होता है। वोट बैंक की राजनीति कम बड़ा बोझ नहीं है भारत के सीने पर। और धार्मिक और सांप्रदायिक मुद्दों को उछल कर ये जनता में कभी भी एकता नहीं आने देते हैं। इनकी बयानबाजी और नफरत भरे भाषण क्या कम बड़े बोझ हैं देश के लिए? और ये बोझ सिर्फ आर्थिक बोझ नहीं हैं। आर्थिक बोझ तो ये और उनके जैसे लोग तरह-तरह के वेतन लाभ और भत्ते लेकर बढ़ाते ही रहे हैं अन्य कई प्रकार के बोझ से भी देश को नवाज रहे हैं। – विनय पाठक

# क्या कहता है इतिहास: वंदे मातरम् पर कैसे छिड़ गई 2 और 6 छंदों की लड़ाई?

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को लेकर घमासान मचा हुआ है। एक तरफ जहां कांग्रेस इस गीत के दो छंद गाने पर ही अड़ी हुई है। वहीं बीजेपी ने इसे तुष्टिकरण से जोड़कर कांग्रेस पर राष्ट्रीय गीत के टुकड़े करने का आरोप लगाया है। पूरा मामला स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ऑफिस में झंडोत्तोलन के दौरान पूरा वंदे मातरम् गीत बजने पर शुरू हुआ। जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी ने इस गीत के दो पैराग्राफ के बाद भी इसे गाते रहने पर आपत्ति जताई। बीजेपी के नेताओं ने इस घटना को राष्ट्रीय गीत का अपमान बताया। खरगे और सोनिया गांधी की तरफ से गीत को रोकने का इशारा करने वाले वीडियो के वायरल होने के बाद ही विवाद गहराता चला गया। बीजेपी ने यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को इस गीत से नफरत है और वो हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति करती आई। इस पर कांग्रेस ने बैठक कर यह फैसला लिया कि कांग्रेस गीत के शुरुआती दो पैरा ही गाएगी। कांग्रेस की बैठक में 1937 में लिए गए पार्टी के स्टैंड के साथ ही रहने का फैसला किया। इस फैसले के मुताबिक, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 6 छंद को कांग्रेस नहीं गाएगी। सिर्फ इसके शुरुआती दो छंद ही कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता गाएंगे। जबकि, केंद्र सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन अधिनियम, 2026 लाया है। इसके तहत अब राष्ट्रगीत वंदे मातरम का अपमान करने या इसके गायन में बाधा डालने पर 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकता है। वंदे मातरम को लेकर मचे बवाल के बीच यह सवाल बार-बार उठ रहा है कि आखिर इस गीत के 2 और पूरे 6 छंद को लेकर आखिर विवाद क्यों हैं? इस पूरे गीत को गाने में आखिर समस्या क्या आती है और इसका इतिहास क्या है? इसे समझने के लिए हमें यह जानना पड़ेगा कि इस गीत की रचना किस शख्सियत ने की थी, कब की थी, किन परिस्थितियों में की थी और इसका मकसद क्या था?




### कैसे हुई इस गीत की रचना?

वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। उन्होंने इस गीत को अपने उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित किया था। जब 1882 में आनंदमठ पब्लिश हुई तो यह सार्वजनिक और व्यापक रूप से सबके सामने आई। यहीं से यह गीत राष्ट्रवाद की भावना से जुड़ती चली गई। क्योंकि, आनंदमठ के जिस प्रसंग में इसका इस्तेमाल हुआ है, उसमें राष्ट्रभक्ति की भावना जोर-शोर से दिखाई गई है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के इस गीत से निकाल नारा– वंदे मातरम, लंबे समय से देशभक्तों और क्रांति का पॉपुलर नारा बन गया। इसे मातृभूमि के प्रति श्रद्धा के प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल किया जाने लगा। धीरे-धीरे वंदे मातरम की व्यापकता ने अंग्रेजों को इतना परेशान किया कि उन्होंने इस गीत और नारे पर बैन लगा दिया। आने वाले सालों में कांग्रेस और मुस्लिम लीग के कुछ सदस्यों सहित मुसलमानों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विरोध का कारण था– बंकिम चंद्र के काल्पनिक उपन्यास आनंद मठ में इस नारे का इस्तेमाल। इसमें हिंदू सन्यासियों को बंगाल के मुस्लिम शासकों के खिलाफ विद्रोह करते हुए दिखाया गया है। तभी इस गीत और नारे का इस्तेमाल किया गया है।

### सिर्फ 2 ही छंद क्यों अपनाया गया

विरोध के बावजूद जब देश को आजादी मिली। तब इस गीत के कुछ हिस्से को स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा के रूप में महत्व देते हुए सहेजा गया। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने वंदे मातरम को भारत का राष्ट्रीय गीत बनाने का फैसला लिया, लेकिन इसके सिर्फ शुरुआती 2 ही छंद को अपनाया गया। अब तक तो ये समझ में आ ही गया होगा कि वंदे मातरम गीत कैसे ब्रिटिश राज के विरोध का प्रतीक बना और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। फिर भी सवाल ये बना हुआ है कि आखिर इस गीत में ऐसा क्या था कि मुस्लिम लीग और कांग्रेस के मुस्लिम नेताओं ने शुरुआत से इसका विरोध किया। इसके 6 छंद के बदले कांग्रेस ने सिर्फ 2 छंदों को ही मान्यता क्यों दी? वास्तव में वंदे मातरम गीत आनंदमठ से भी पहले 7 नवंबर 1875 को बंगदर्शन पत्रिका में में छपी थी। तब वंदे मातरम के शुरुआती दो छंद ही इस पत्रिका में प्राकशित हुए थे। फिर बाद में बंकिंम चंद्र ने इसे 6 छंदों तक विस्तारित किया और 1882 में इसे आनंद मठ में शामिल किया।

### जड़ में ही छिपा था इसका विरोध


यह 1880 और 1882 के बीच बंकिम चंद्र की पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित हुई। इसे पहली बार 1886 के कांग्रेस अधिवेशन में हेम चंद्र बंद्योपाध्याय ने एक कोरस के रूप में गाया। फिर जल्द ही पूरे देश ने इसकी लय को पहचान लिया। फिर 1896 में, रवींद्रनाथ टैगोर ने उस वर्ष के वार्षिक कांग्रेस अधिवेशन में इसका पाठ किया। तब इस कविता की कोई आलोचना नहीं हुई। इसके सभी 6 छंद क्रांति के तराने थे। बंगाल के स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम को औपनिवेशिक शासन के खिलाफ अपना युद्धघोष बना लिया। यह पूरी कविता 1905 के स्वदेशी आंदोलन तक विद्रोह की धड़कन बन चुका था। अंग्रेजों ने बंगाल के कुछ क्षेत्रों में इस पर प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन जनता ने इसे और भी बुलंद स्वर में गाया। धीरे-धीरे इस कविता की लोकप्रियता और विस्तार ने विवादों को भी जन्म दिया। इस कविता के शुरुआती 2 छंदों के बाद के हिस्से में मातृभूमि की देवी की छवि ने मुसलमानों को अलग-थलग कर दिया। वहीं बंकिम चंद्र के उपन्यास आनंद मठ में इस गीत को स्थान मिलने से मुसलमान भड़के थे। क्योंकि, आनंदमठ में इस गीत का इस्तेमाल उस हिस्से में किया गया था, जहां मुस्लिम जमींदारों के खिलाफ संन्यासी विद्रोह की बात की गई है। इस तरह यह गीत कम राष्ट्रवादी और अधिक सांप्रदायिक होता चला गया। 1923 में जब मोहम्मद अली जौहर ने कांग्रेस की अध्यक्षता संभाली, तो वंदे मातरम गाए जाने के तुरंत बाद वे बैठक से बाहर चले गए। 1930 और 1940 के दशक में, मुस्लिम लीग ने गीत के प्रति अपना विरोध जारी रखा। कांग्रेस को मुस्लिम लीग के दबाव का सामना करना पड़ा और मामला चरम पर पहुंच गया। 1937 से पहले वंदे मातरम के 6 छंद गाए जाते थे। कांग्रेस ने 1937 में वंदे मातरम को केवल पहले 2 छंदों तक सीमित करने का फैसला लिया। यह मुस्लिम नेताओं द्वारा उठाई गई आपत्तियों के जवाब में लिया गया निर्णय था। इतना ही नहीं, स्वयं रवींद्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस के अनुरोध पर इस संक्षिप्त संस्करण का समर्थन किया था।

# सिर्फ भारतीय और अमेरिकन की एंट्री...यूएई ने हमें होटलों से भगाया

## पाकिस्तानी संसद में एमपी ने बयां किया दर्द

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सांसद और नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर असद कैसर ने आरोप लगाया है कि यूएई के एक होटल में उनके समेत कई पाकिस्तानी यात्रियों के साथ गलत व्यवहार किया गया। फ्लाइट कैंसिल होने के बाद, सिर्फ़ भारतीय और अमेरिकी पासपोर्ट वालों को ही रहने की जगह दी गई। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली (संसद) में यह मुद्दा उठाते हुए कैसर ने राजनयिक दखल की मांग की और सरकार से कहा कि वह यूएई अधिकारियों के सामने यह मामला उठाए। सांसद ने दावा किया कि यह घटना तब हुई जब पाकिस्तान ने अमेरिका-ईरान विवाद में सकारात्मक भूमिका निभाई थी। कैसर ने बताया कि यूएई में यात्रा के दौरान उन्होंने खुद इस घटना का अनुभव किया, जब उनकी फ़्लाइट कैंसिल हो गई और यात्रियों ने होटल में ठहरने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने दावा किया कि



एक घोषणा की गई थी कि सिर्फ़ भारतीय और अमेरिकी पासपोर्ट धारकों को ही ठहराया जाएगा, जबकि पाकिस्तानी यात्रियों के साथ अलग तरह का व्यवहार किया गया। पीटीआई नेता ने कहा कि द यात्रा कर रहा था और वहाँ जो व्यवहार किया गया, वह बेहद अनुचित था। हमारी फ़्लाइट कैंसिल हो गई थी। हम होटल में ठहरना चाहते थे, लेकिन हम पाकिस्तानियों के प्रति उनका रवैया अच्छा नहीं था। घोषणा की जा रही थी कि सिर्फ़ भारत और अमेरिका के पासपोर्ट धारकों को ही ठहराया जाएगा। कैसर ने कहा कि उन्होंने इस बर्ताव का विरोध किया और घटना पर निराशा जताई, खासकर इसलिए क्योंकि पाकिस्तान के यूएई के साथ करीबी संबंध हैं, जिसे उन्होंने इस्लामिक भाई-देश बताया। उन्होंने यूएई के विकास में पाकिस्तानियों के योगदान का भी ज़िक्र किया और कहा कि इस्लामाबाद खाड़ी देश के साथ अपने संबंधों को और मज़बूत करना चाहता है।

कैसर ने कहा कि मेरा मानना है कि हमारे पास डिप्लोमैटिक चैनल हैं; उन्हें यह मामला उठाना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय और विदेश मंत्री से आग्रह किया कि वे यूएई के अधिकारियों के सामने यह मुद्दा उठाएं। कैसर ने आगे कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल ने भी उनसे इसी तरह के बर्ताव की शिकायतें की थीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी लोग ृश्व सरकार का सम्मान करते हैं और उनके मन में ृश्व सरकार के लिए स्नेह है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसी घटनाओं का असर दोनों देशों के रिश्तों पर नहीं पड़ना चाहिए।

यूएई में पाकिस्तान से आए लोगों का एक बड़ा समुदाय रहता है। हाल के अनुमानों के अनुसार, देश में रहने वाले पाकिस्तानियों की संख्या 15 लाख से ज़्यादा है, जिससे वे ृश्व के सबसे बड़े प्रवासी समुदायों में से एक बन गए हैं।

### उत्तर कोरिया के साथ बातचीत को बढ़ावा देने ट्रंप के प्रयासों का सम्मान करता हूं : ली जै म्यूंग

सोल, (वार्ता)। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जै म्यूंग ने कहा है कि वह उत्तर कोरिया के साथ बातचीत का रास्ता बनाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों का सम्मान करते हैं। श्री ली ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह टिप्पणी की। इससे कुछ घंटे पहले दोनों देशों ने ट्रंप के निर्देश पर उल्ची फ्रीडम शील्ड सैन्य अभ्यास को निर्धारित समय से पहले समाप्त करने का फैसला किया था। श्री ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा था कि उन्होंने पेंटागन को उत्तर कोरिया के लिए पूरी तरह अनुचित और शत्रुतापूर्ण संदेश देने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यासों में बड़ी कटौती करने का निर्देश दिया है। श्री ली ने लिखा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप का संदेश कोरियाई प्रायद्वीप पर शत्रुता और टकराव से आगे बढ़कर शांति की परिस्थितियां बनाने के लिए उनके गंभीर विचार का परिचायक एक बड़ा फैसला है। जो लोग यह मानते हैं कि सबसे मजबूत सुरक्षा व्यवस्था ऐसी शांति व्यवस्था है जिसमें लड़ने की जरूरत ही न हो, वे भी कोरियाई प्रायद्वीप में शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए बातचीत की परिस्थितियां बनाने के ट्रंप के प्रयास और प्रतिबद्धता को साझा करते हैं।

## इस साल किम जोंग-उन से मिलूंगा : ट्रंप

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस वर्ष उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन से मुलाकात करेंगे।

श्री ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या वह इस वर्ष के अंत में श्री किम से मुलाकात की उम्मीद कर रहे हैं। श्री ट्रंप ने कहा, हां, मैं (उनसे मुलाकात) करूंगा। उन्होंने दावा किया कि उत्तर कोरिया के पास 57 बेहद शक्तिशाली परमाणु हथियार हैं। यह पहली बार है जब श्री ट्रंप ने उत्तर कोरिया के परमाणु जखीरे की कोई निश्चित संख्या बतायी है। एक दिन पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया था कि श्री ट्रंप अपने सहयोगियों पर श्री किम के साथ बैठक की तैयारी के लिए दबाव डाल रहे हैं। ऐसी बैठक नवंबर में चीन के शेनझेन में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में श्री ट्रंप की संभावित यात्रा के दौरान हो सकती है।

श्री ट्रंप ने हालांकि श्री किम के साथ दोबारा बातचीत शुरू करने की अपनी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह किम के साथ लिखित पत्रों के माध्यम से संपर्क में हैं, उन्होंने कहा, मैं



आपको यह नहीं बता सकता।

श्री ट्रंप ने बाद में एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में इस सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया कि श्री किम के साथ बातचीत बहाल करने का उनका लक्ष्य अब भी उत्तर कोरिया का परमाणु निरस्त्रीकरण है या नहीं। इससे आशंका बढ़ी है कि उनका प्रशासन पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के बजाय तनाव कम करने और परमाणु जोखिम के प्रबंधन जैसे सीमित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। ट्रंप प्रशासन इससे पहले उत्तर कोरिया के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति प्रतिबद्धता दोहरा चुका है। मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहता, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, किम जोंग-उन के साथ मेरे अछे संबंध हैं। उन्हें (जो) बाइडेन पसंद नहीं थे। उन्हें (बराक) ओबामा पसंद नहीं थे। उन्हें कोई पसंद नहीं था, लेकिन वह मुझे पसंद करता है।

श्री ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है जब उनके श्री किम के साथ व्यक्तिगत कूटनीति दोबारा शुरू करने की संभावना को लेकर अटकलें तेज हैं। अपने पहले कार्यकाल में श्री ट्रंप ने श्री किम के साथ तीन बैठकें की थीं। दोनों नेताओं की पहली मुलाकात जून 2018 में सिंगापुर में, दूसरी फरवरी 2019 में हनोई में और तीसरी जून 2019 में पनमुनजोम स्थित अंतर-कोरियाई सीमा गांव में हुई थी।

इन अटकलों को श्री ट्रंप के दक्षिण कोरिया-अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यासों में कटौती के हालिया निर्देश से भी बल मिला है। इसे उत्तर कोरिया के प्रति एक सुलहकारी कदम के तौर पर देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया लंबे समय से इन संयुक्त सैन्य अभ्यासों को अपने खिलाफ युद्ध की तैयारी करार देता रहा है। यह सवाल बना हुआ है कि श्री किम श्री ट्रंप की पहल पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। रूस के साथ उत्तर कोरिया के राजनयिक, आर्थिक और सैन्य संबंधों में बढ़ोतरी तथा चीन के साथ बेहतर संबंधों ने उत्तर कोरिया की अमेरिका पर निर्भरता को पहले की तुलना में कम किया है। श्री ट्रंप की पहली प्रेस वार्ता से कुछ समय पहले ही श्री किम जोंग-उन की प्रभावशाली बहन किम यो-जोंग ने दक्षिण कोरिया-अमेरिका के जारी सैन्य अभ्यास में कटौती को लेकर कहा कि उत्तर कोरिया को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है।

## कावेरी मामले में उच्चतम न्यायालय और सीडब्ल्यूएमए के आदेशों का पूरी तरह पालन हो : विजय



चेन्नई,(वार्ता)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने गुरुवार को केंद्र और दक्षिणी राज्यों से अपील की कि वे कावेरी नदी के पानी के बंटवारे पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशों का अक्षरश: और पूरी भावना के साथ पालन सुनिश्चित करें। यहां से लगभग 55 किलोमीटर दूर मल्लापुरम के पास केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में श्री विजय ने कहा कि सीडब्ल्यूए के फैसलों को पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए। इस बैठक में कर्नाटक के डी.के. शिवकुमार सहित दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। उन्होंने जोर दिया कि अंतर-राज्यीय नदी विवादों में राज्यों के अधिकारों की रक्षा स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से की जानी चाहिए। श्री विजय ने कहा कि मजबूत राज्यों से ही भारत मजबूत बनेगा और सहकारी संघवाद के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्य भारत की आर्थिक वृद्धि के मुख्य इंजन हैं और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वे मिलकर लगभग 30 प्रतिशत का योगदान करते हैं। यह कहते हुए कि पानी लाखों लोगों के जीवन, खेती और आजीविका के लिए बुनियादी जरूरत है, उन्होंने कहा कि अंतर-राज्यीय नदी प्रबंधन के लिए सहयोग और कानून के शासन के प्रति अटूट सम्मान, दोनों की आवश्यकता है।

श्री विजय ने कहा, हमें दो सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। पहला, नदी के बहाव के निचले हिस्से में स्थित राज्यों के वैध अधिकारों और नदी के निश्चित बहाव पर निर्भर आजीविका की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। दूसरा, विधिवत गठित न्यायाधिकरणों के फैसलों और नदी प्रबंधन के लिए स्थापित कानूनी तंत्रों को पूरी तरह और सही भावना के साथ लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये सिद्धांत हमारे साझा नदी बेसिनों के लिए भी उतने ही ज़रूरी हैं। कावेरी मुद्दे पर उन्होंने कहा कि उच्चतमक न्यायालय के फ़ैसले और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के निर्णयों को समय पर लागू करना बहुत ज़रूरी है।

केरल से जुड़े मुल्लापेरियार बांध के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बांध का जलस्तर 152 फ़ीट तक बढ़ाने के मामले में सुरक्षा संबंधी फ़ैसले अदालती आदेशों के आधार पर ही लिए जाने चाहिए। नदी के ऊपरी हिस्से में कोई भी ऐसा बदलाव जिससे किसी दूसरे राज्य के हक़ वाले पानी के हिस्से पर असर पड़ सकता हो, उसे सिर्फ़ कानूनी और संस्थागत ढांचे के तहत ही आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम इस मुद्दे को आपसी भरोसे, वैज्ञानिक सबूतों और कानून के प्रति सम्मान के साथ सुलझाएं, तो हम सहकारी संघवाद की भावना को मज़बूत करते हुए नदी बेसिन से जुड़े हर राज्य के हितों की रक्षा कर सकते हैं।

## मायावती ने राज्य सरकारों से सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने की अपील की

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने जेन-अल्फा और जेन-जी के बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंता जताते हुए उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों की सरकारों से सरकारी स्कूलों की व्यवस्था सुधारने की अपील की है। सुश्री मायावती ने गुरुवार को 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट में कहा, वर्ष 2013 के बाद जन्मे बच्चों में भी अपने अच्छे दिनों की उम्मीद जगी है। स्कूली छात्र-छात्राओं और उनके माता-पिता सुखद भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं और इसके लिए लगातार काफी जद्दोजहद भी करते हैं, लेकिन देशभर और विशेषकर उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति के कारण उन्हें मायूसी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में जेन-जी अर्थात कॉलेज जाने वाली नई पीढ़ी के लोग 'स्कूल ठीक करो' अभियान में काफी बढ़-चढ़कर और पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दुख और चिंता की बात है कि जिन मासूम बच्चों को हंसने-खेलने और पढ़ने-लिखने के दिन हैं, उन्हें अपनी प्राथमिक स्तर की सरकारी शिक्षा के लिए भी सड़कों पर संघर्ष करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के 'शिक्षित बनो' आह्वान के कारण शिक्षा, विशेषकर स्कूली शिक्षा, बहुजन समाज के लिए हमेशा विशेष चिंता का विषय रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की सरकारों के दौरान भी शिक्षा तथा शैक्षणिक वातावरण को विशेष महत्व दिया गया। सरकारी स्कूलों की व्यवस्था बेहतर बनाने के बजाय सरकारों ने इसकी लगातार अनदेखी की है। इसके कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और कमजोर वर्गों के बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सरकारी स्कूलों के भवन, शिक्षक, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर बच्चों में नाराजगी बढ़ रही है।

## प्रयागराज के गंभीर हालात देखकर सरकार को शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए: अखिलेश

लखनऊ, (वार्ता)

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में बाढ़ के कारण जलमग्न हुए इलाकों को भाजपा सरकार पर तंज कसते हुये कहा कि संगम नगरी के गंभीर हालात देखकर सरकार को शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए। श्री यादव ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "ये है प्रयागराज के गंभीर हालात। कोई और हो तो एक लाख करोड़ रुपये प्रयागराज के विकास के नाम पर डकार जाने के बाद, वहां के हजारों घरों का ये जलमग्न हाल देखकर शर्मिंदगी से सत्ता ही छोड़ दे।" उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा, केवल नाम बदलने से व्यवस्था नहीं बदलती। बदलिए तो आप अपना भ्रष्ट काम और नीयत, लेकिन अब वो भी नहीं बदलेगी। इसीलिए अब उत्तर प्रदेश और देश की जनता भाजपा सरकार ही हमेशा के लिए बदल देगी।" पूर्व मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हवाई सर्वेक्षण को लेकर भी उन्होंने कहा कि केवल हवा-हवाई सर्वे से काम नहीं चलेगा और यदि सरकार में हिम्मत है तो उसे सड़कों पर उतर कर जनता का सामना करना चाहिए। श्प्रयागराज में विकास कार्यों पर खर्च को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने सात-आठ हजार करोड़ रुपये लिखापढ़ी में और "बीसों हजार करोड़ बिना लिखापढ़ी के" अपनी छवि निर्माण तथा प्रयागराज को दिव्य दिखाने के लिए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि इन खर्चों से सरकार की कितनी छवि बनी है, इसका सच जनता के बीच जाकर पता चल जाएगा।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा- 'पानी हमें जोड़े, न कि बांटे'

चेन्नई, (वार्ता)

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय से कहा है कि कावेरी नदी पर प्रस्तावित मेकेदातु बांध से दोनों राज्यों को समान लाभ होगा और इससे जल संकट के समय उपयोग के लिए पानी का भंडारण किया जा सकेगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया है कि जल हमें आपस में जोड़े, न कि विभाजित करे और अंतर-राज्यीय जल प्रबंधन में राज्यों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने तमिलनाडु सरकार से सहायता देने का आग्रह करते हुए कहा कि इस परियोजना से संचित जल की प्रत्येक बूंद से तमिलनाडु के किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित 31वीं दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित मेकेदातु जलाशय न केवल कर्नाटक बल्कि तमिलनाडु के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। यह जलाशय उस अतिरिक्त जल को बहने से रोकेगा जो अत्यधिक वर्षा के समय समुद्र में व्यर्थ चला जाता है। उन्होंने तर्क दिया कि पर्याप्त जल भंडारण क्षमता विकसित होने से शुष्क अवधि और जल संकट के दौरान दोनों राज्यों की पानी की आवश्यकताएँ पूरी की जा सकेंगी।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने अंतर-राज्यीय नदी विवादों के पारंपरिक दृष्टिकोण में बदलाव का आह्वान करते हुए कहा कि दृष्टिकोण को केवल जल बंटवारे से हटाकर जल सहयोग पर केंद्रित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नदियाँ राजनीतिक सीमाओं से परे होती हैं और कर्नाटक अपने सभी पड़ोसी राज्यों के कानूनी अधिकारों का पूर्ण सम्मान करता है, लेकिन इसके साथ ही कर्नाटक के अपने न्यायसंगत हिस्से का भी सम्मान किया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि कर्नाटक एक शिकायतकर्ता के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में एक समान भागीदार के रूप में इस क्षेत्रीय परिषद में सम्मिलित हुआ है। इस दौरान उन्होंने कृष्णा नदी जल विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि कानूनी जटिलताओं के कारण उनका राज्य अपने हिस्से के जल का पूर्ण उपयोग नहीं कर पा रहा है। उल्लेखनीय है कि मेकेदातु परियोजना पर दोनों राज्यों के रुख आमने-सामने हैं। एक ओर जहाँ कर्नाटक इस परियोजना को शीघ्र लागू करने पर जोर दे रहा है, वहीं तमिलनाडु सरकार इसका निरंतर विरोध कर रही है। तमिलनाडु का मत है कि इस बांध के निर्माण से कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण और उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित जल बंटवारे की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

संबंधित घटनाक्रम के अनुसार, कर्नाटक सरकार ने मेकेदातु परियोजना के लिए केंद्र सरकार को एक संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंपी है। इस प्रस्तावित परियोजना के तहत लगभग 67 टीएमसी (ट्रिलियन क्यूबिक फीट) भंडारण क्षमता वाला एक बहुउद्देशीय जलाशय निर्मित करने की योजना है। राज्य सरकार का कहना है कि इसका मुख्य उद्देश्य बेंगलुरु शहर के लिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना और जलविद्युत का उत्पादन करना है। इस संशोधित रिपोर्ट में डूब क्षेत्र में आने वाली वन भूमि, प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या और पर्यावरण क्षतिपूर्ति के लिए कर्नाटक द्वारा प्रस्तावित उपायों का विस्तृत विवरण शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, बैठक में कर राजस्व के न्यायसंगत वितरण और राज्यों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने की मांग भी उठाई गई ताकि वे अपनी विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। इसी क्रम में, पुडुचेरी के उप-राज्यपाल कैलाशनाथन ने पेयजल आवश्यकताओं के लिए पड़ोसी राज्यों पर केंद्र शासित प्रदेश की निर्भरता का उल्लेख किया। उन्होंने गोदावरी नदी जोड़ो परियोजना के प्रथम चरण से पुडुचेरी को जल आवंटित करने, साथनूर जलाशय से समर्पित पाइपलाइन बिछाने तथा शंकरपरानी और थेनपेन्नई नदियों को जोड़ने के कदमों पर जोर दिया।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## अंजना सुखानी ने अमिताभ बच्चन से जुड़ी खूबसूरत यादें की साझा




अभिनेत्री अंजना सुखानी ने अमिताभ बच्चन के साथ काम करने से जुड़ी एक पुरानी और यादगार घटना साझा करते हुए कहा है कि महानायक का छोटा-सा व्यवहार भी उनके लिए बेहद खास था।एक साक्षात्कार में अंजना ने बताया कि उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में अमिताभ बच्चन के साथ एक चॉकलेट के विज्ञापन में काम किया था। विज्ञापन की शूटिंग मालाड स्थित इनऑर्बिट मॉल की पार्किंग में हो रही थी और उस दिन काफी गर्मी थी। अंजना सेट पर धूप में खड़ी थीं, तभी अमिताभ बच्चन की नजर उन पर पड़ी। अंजना के अनुसार, अमिताभ बच्चन ने अपने सहायक के हाथ उनके लिए छाता भिजवाया और बाद में बैठने के लिए कुर्सी भी मंगवाई। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में नई होने के कारण उनके लिए यह छोटी-सी बात भी बहुत मायने रखती थी। अंजना ने कहा, उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं थी। वह मिस्टर बच्चन हैं और मैं उनके सामने कुछ भी नहीं हूं। लेकिन जिस तरह उन्होंने मेरी चिंता की, वह उनकी महानता दिखाता है। मेरे हिसाब से सिर्फ उनके जैसा इंसान ही ऐसा कर सकता है। अंजना ने बताया कि बाद में एक फ्लाइट में अमिताभ बच्चन से उनकी मुलाकात हुई। उन्होंने अंजना से पूछा कि क्या उन्होंने वह विज्ञापन देखा है, जो जल्द ही टेलीविजन पर आने वाला था। अमिताभ बच्चन ने विज्ञापन की तारीफ भी की। अंजना के लिए यह इसलिए भी खास था क्योंकि उन्हें लगा कि महानायक ने उन्हें पहचान लिया है। कई वर्ष बाद अंजना की मुलाकात अमिताभ बच्चन से फिल्म 'डिपार्टमेंट' के सेट पर हुई, जहां उन्होंने उन्हें संजय दत्त के साथ शादी के एक डांस सीक्वेंस में देखा। अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अनुभव को याद करते हुए अंजना ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आपने उनके साथ काम किया है या उनके आसपास भी काम करने का मौका मिला है, तो आपकी जिंदगी सफल है।

## आयुष्मान ने बच्चों के सुरक्षित बचपन का किया आह्वान



यूनिसेफ इंडिया के राष्ट्रीय एम्बेसडर एवं अभिनेता आयुष्मान खुराना ने महाराष्ट्र के जालना जिले का दौरा कर सीजनल माइग्रेशन से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों से मुलाकात की तथा बच्चों के सुरक्षित और संरक्षित बचपन की आवश्यकता पर जोर दिया।यूनिसेफ समर्थित कार्यक्रम के तहत खुराना ने बच्चों, किशोरियों और समुदाय के सदस्यों से बातचीत कर यह समझने का प्रयास किया कि परिवार और समुदाय आधारित देखभाल किस प्रकार प्रवासी परिवारों के बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और मनोसामाजिक सहयोग से जोड़ने में मदद कर रही है। इस अवसर पर आयुष्मान खुराना ने कहा कि मजबूरी में किया जाने वाला सीजनल माइग्रेशन कई परिवारों की कठोर वास्तविकता है, लेकिन किसी भी बच्चे को अपनी परिस्थितियों के कारण अपना बचपन नहीं खोना चाहिए। उन्होंने कहा कि जालना में उन्होंने देखा कि समुदाय मिलकर माइग्रेशन से प्रभावित बच्चों की सुरक्षा कर रहे हैं और उन्हें परिवार, देखभाल तथा सहयोग से जोड़े रख रहे हैं। किनशिप केयर न केवल बच्चों को सुरक्षित घर उपलब्ध कराता है, बल्कि रिश्तों को बनाए रखने, आत्मविश्वास बढ़ाने और बेहतर भविष्य की उम्मीद पैदा करने में भी मदद करता है।उन्होंने युवा कम्युनिटी लीडरों और बालमित्रों से भी मुलाकात की। खुराना ने कहा कि बालमित्र बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा बच्चों को स्कूल में बनाए रखने के साथ बाल मजदूरी और बाल विवाह जैसे जोखिमों को रोकने में मदद करते हैं। आयुष्मान खुराना ने कहा कि भारत में बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून हैं, जिनमें किशोर न्याय अधिनियम भी शामिल है, जिसने इस वर्ष दस वर्ष पूरे किए हैं।

## पुष्कर जोग 'हाय रे हाय' में अपने स्वैग और हाई-वोल्टेज एनर्जी के साथ लौटे



डांसिंग स्टार पुष्कर जोग अपने सिग्नेचर स्वैग, संक्रामक एनर्जी और धमाकेदार डांस मूव्स के साथ नए म्यूजिक वीडियो 'हाय रे हाय' में लौट आए हैं। गूसबम्प्स एंटरटेनमेंट और पुष्कर जोग कंपनी द्वारा प्रस्तुत यह पेप्पी ट्रैक म्यूजिक, ग्लैमर, डांस और पुष्कर जोग व तानिया चटर्जी की शानदार केमिस्ट्री का मनोरंजक संगम है।पुष्कर इस गाने में फन और स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रहे हैं, जबकि तानिया चटर्जी ने अपने ग्लैमर और चार्म से वीडियो में रंग भर दिया है। दोनों की प्लेफुल केमिस्ट्री और एनर्जी से भरपूर डांस सीक्वेंस गाने को खास बनाते हैं। 'हाय रे हाय' को नकाश अज़ीज़ और अबोली गिरहे ने आवाज दी है। इसका संगीत सलिल अमृते ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है। गाने के बोल खुद पुष्कर जोग ने लिखे हैं। म्यूजिक वीडियो का निर्देशन अभिजीत दानी ने किया है, जबकि डांस कोरियोग्राफी दिनेश शिरसाठ ने की है। गाने के बारे में पुष्कर जोग ने कहा, हाय रे हाय एक ऐसा गाना है, जिसे मैंने शुरुआत से ही दिल से एंजॉय किया है। इसका वाइब बेहद फन है और इसमें ऐसी एनर्जी है, जो आपको तुरंत थिरकने पर मजबूर कर देती है। इसके लिरिक्स लिखने से यह प्रोजेक्ट मेरे लिए और भी खास बन गया। तानिया और मैंने शूटिंग के दौरान खूब मस्ती की और मुझे लगता है कि वही कम्फर्ट और फन वीडियो में भी नजर आता है। उम्मीद है कि लोग इस गाने को एंजॉय करेंगे और इसे ढेर सारा प्यार देंगे। तानिया चटर्जी ने कहा, जैसे ही मैंने 'हाय रे हाय' सुना, मुझे इसकी एनर्जी से प्यार हो गया। यह फन, ग्लैमरस और लाइफ से भरपूर है। पुष्कर के साथ शूटिंग करना शानदार अनुभव रहा, क्योंकि वह हर फ्रेम में जबरदस्त एनर्जी लेकर आते हैं। हमने शूटिंग के दौरान बहुत अच्छा समय बिताया और उम्मीद है कि दर्शक गाने में हमारी केमिस्ट्री और डांस को खूब एंजॉय करेंगे। कैची बीट्स, लाइवली वोकल्स, स्टाइलिश विजुअल्स और हाई-वोल्टेज परफॉर्मेंस से भरपूर 'हाय रे हाय' म्यूजिक लवर्स की प्लेलिस्ट में नया ग्रूव जोड़ने के लिए तैयार है।

# मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में चिकित्सा उपकरण, मानव संसाधन एवं अस्पताल सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों को मिली मंजूरी

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक तेंदूखेड़ा एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य श्री विश्वनाथ सिंह पटेल की मौजूदगी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं सामग्री की उपलब्धता तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। समिति ने सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।



### एसएनसीयू में बढ़ेंगी सुविधाएं

बैठक में जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू के लिए 10 फोटोथैरेपी मशीन एवं 10 सिरिंज पंप क्रय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। एसएनसीयू के तीन वेंटिलेटरों के सुधार कार्य के लिए शेष 6 लाख 80 हजार 797 रुपये का भुगतान रोगी कल्याण समिति मद से करने तथा एक खराब वेंटिलेटर के सुधार के लिए लगभग 3 लाख रुपये व्यय करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।

### पैथोलॉजी, ओटी और अन्य सुविधाओं के लिए उपकरण होंगे उपलब्ध

सेंट्रल पैथोलॉजी के लिए आवश्यक मशीन एवं सामग्री क्रय करने, अस्पताल के उपयोग के लिए 3 स्टील स्ट्रेचर क्रय करने तथा गायनिक ओटी के लिए 2 टन क्षमता के दो एयर कंडीशनर क्रय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।आर्थोपेडिक एवं सर्जिकल ओटी की मांग के अनुसार आवश्यक इंस्ट्रूमेंट्स की खरीदी को भी समिति ने अनुमोदित किया। इसके लिए आर्थोपेडिक इंस्ट्रूमेंट्स पर लगभग 4 लाख रुपये तथा सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट्स पर लगभग एक लाख रुपये की अनुमानित लागत निर्धारित की गई है।जिला चिकित्सालय के नेत्र वार्ड को टीबी वार्ड में स्थानांतरित किए जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग से प्राप्त प्राक्कलन पर चर्चा की गई।

### 4 कंप्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर की होगी व्यवस्था

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 300 बिस्तरीय अस्पताल में 4 कंप्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर रखे जाने के प्रावधान के तहत जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में 4 कंप्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर के नियोजन को स्वीकृति दी गई। इन मानव संसाधनों पर होने वाले व्यय का भुगतान राज्य मद से किया जाएगा।

### ट्रामा वार्ड के मरीजों को अस्पताल में ही मिलेगी एक्स-रे सुविधा

ट्रामा वार्ड में आने वाले मरीजों को मुंह की चोट के एक्स-रे के लिए बाहर भेजने की आवश्यकता को देखते हुए मरीजों की सुविधा के लिए आर.जी.व्ही. एवं ओ.पी.जी. मशीन क्रय करने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया। मशीन की अनुमानित लागत 12 लाख रुपये है। इसके उपलब्ध होने से संबंधित मरीजों को जांच की सुविधा जिला चिकित्सालय में ही मिल सकेगी।

### नवीन मर्चुरी भवन के निर्माण की प्रक्रिया होगी शुरू

बैठक में जिला चिकित्सालय परिसर में नवीन मर्चुरी भवन के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कराने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 तक रोगी कल्याण समिति की आय-व्यय विवरणी का अनुमोदन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजकुमार चौधरी, डॉ. राहुल नेमा, डॉ. स्वाति मीणा, डॉ. रिचा मिश्रा, समाजसेवी राकेश जैन, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग,राजेन्द्र डहेरिया, सहायक अस्पताल प्रबंधक सहित चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के कार्यालय में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत संकुल सह समन्वयकों की समीक्षा बैठक जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप द्विवेदी के निर्देशन एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय जिला सह समन्वयक साक्षरता अखलेश राजोरिया के मार्गदर्शन में बी ए सी श्री ब्रजेश नेमा, श्री विनोद झारिया विकासखंड साक्षरता सह समन्वयक की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड में साक्षरता अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना एवं विभिन्न गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में बी ए सी श्री ब्रजेश नेमा द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड में लंबित सर्वे कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। सर्वे की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं का 'अक्षर साथी' के रूप में पंजीयन कराने तथा प्रत्येक माह ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम प्रस्तुत करने के संबंध में चर्चा की गई।साक्षरता सह समन्वयक विजय नामदेव द्वारा संकुल सह समन्वयकों एवं नोडल अधिकारियों को अक्षर साथियों से संपर्क बनाए रखने ग्राम से साक्षर हुए व्यक्तियों को अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए।



## लाड़ो मोदन मंदिर में झुलोत्सव प्रारम्भ, प्रतिदिन हो रहे भजन-कीर्तन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सावन मास में तीज के दिन से भगवान राधाकृष्ण को झूला में विराजमान करके झुलाया जा रहा है। वहीं लाड़ो मोदन मंदिर, बांके बिहारी मंदिर में पिछले शनिवार 15 अगस्त से भगवान राधाकृष्ण का विशेष श्रृंगार करके झूला में विराजमान कर शाम को पूजा अर्चना आरती वंदना की जाती है। वहीं लाड़ो मोदन मंदिर में प्रतिदिन भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसका महिलाएं एवं पुरुष खूब आनंद उठा रहे हैं। लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के सचिव मयंक अग्रवाल ने बताया कि झूलोत्सव पर अग्रवाल समाज के महिलाओं एवं पुरुषों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है मंदिर को लाईट एवं फूल माला से बहुत ही सुन्दर ढंग से सजाया गया है मंदिरों में झूलोत्सव कार्यक्रम 27 अगस्त के दिन तक चलेगा।

## रोजाना जाम लगने से परेशान हो रहे हैं दुकानदार



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय राठी तिराहा से पुराना बस स्टैंड की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिससे स्थानीय छोटे दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है द्य हालांकि नगर पालिका द्वारा कुछ वर्षों पूर्व इस मार्ग का चौड़ीकरण तो कर दिया गया है परंतु यहां मालवाहक वाहन पूरे समय सड़क किनारे खड़े रहते हैं वहीं इसी मार्ग पर बैंकों का संचालन हो रहा है इसके अलावा इसी मार्ग पर क्लीनिक एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं जिससे आवागमन ज्यादा रहता है द्य परंतु पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के चलते यहां अधिकतर समय जाम लगा रहता है द्य पार्किंग व्यवस्था के अभाव में बैंक के वाहन भी सड़क किनारे बेतरकीब तरीके से खड़े रहते हैं जिससे भी कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती है वही मालवाहक ऑटो की धमाचौकड़ी से भी यहां जाम जैसी स्थिति होती है द्य दुकानदारों का कहना है कि यहां जब जाम की स्थिति निर्मित होती है तो परिस्थितियों विपरीत हो जाती हैं तथा दुकानदारों का काम बुरी तरह प्रभावित होता है द्य अतः पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि इस मार्ग पर विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाकर व्यवस्थाएं सुचारू ढंग से बनाई जाए जिससे दुकानदारों को कुछ राहत मिल सके।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत काशी तीर्थ यात्रा के लिए 196 सीटें आवंटित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 29 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 तक काशी (वाराणसी) तीर्थ यात्रा प्रस्तावित है। यात्रा मार्ग सीहोर, नर्मदापुरम, जबलपुर, काशी (वाराणसी), गया, जबलपुर, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम एवं सीहोर निर्धारित किया गया है। इस यात्रा के लिए जिले को कुल 196 सीटें आवंटित की गई हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत शासन द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी तीर्थ यात्राओं के लिए आवेदन-पत्रों का पंजीयन ई-गवर्नेंस द्वारा निर्मित पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। काशी (वाराणसी) तीर्थ यात्रा के लिए पात्र इच्छुक नागरिकों के आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर 2026 निर्धारित की गई है। योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित कार्यालयों में फ्लेक्स बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें तीर्थदर्शन योजना के आवेदन प्राप्त करने वाले अधिकारी/कर्मचारी का नाम एवं मोबाइल नम्बर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि इच्छुक पात्र नागरिकों को आवेदन करने में सुविधा हो। जिले में निर्धारित सीटों के विरुद्ध अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आवेदन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आनंदम म्यूजिकल ग्रुप ने धूमधाम से मनाया 80वां आजादी पर्व

### देशभक्ति गीतों और कविताओं की जमकर हुई वर्षा

**नरसिंहपुर,स्वतंत्रमत।** आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर द्वारा देश का 80वां आजादी पर्व भारत पर्व के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति गीतों और ओजस्वी कविताओं की सुंदर प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजन एवं स्वस्तिवाचन से शुभारंभकार्यक्रम की अध्यक्षता अमितेंद्र नारोलिया एवं उजाला नारोलिया ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश नेमा, राजेन्द्र राजपूत, तरुणेन्द्र ठाकुर, लक्ष्मीकांत धाकड़ तथा विवेक पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, मां सरस्वती



एवं भगवान गणेश के पूजन के साथ हुआ। डॉ. उपेन्द्र पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं स्वस्तिवाचन किया, जिसके पश्चात सुनीता झारिया एवं भागीरथ विश्वकर्मा ने हे शारदे मां वंदना प्रस्तुत की।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और काव्य पाठ**-वंदना के उपरांत देशभक्ति गीतों का दौर शुरू हुआ। गायक विकास हार्दिक नेमा ने प्रसिद्ध गीत मेरे देशप्रेमियों आपस में प्रेम करो* प्रस्तुत कर माहौल में देशभक्ति का रंग घोल दिया। कार्यक्रम में कवि सुनील जी च्तन्हाज् ने भारत माता के सम्मान में ओजपूर्ण वीर रस की कविताओं का पाठ किया, जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई।

### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में माधव शिंदे, राजेश साहू, अनिल नेमा, भागीरथ विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा, चंद्रभान मेहरा, बृजेश विश्वकर्मा,गजेंद्र कोष्ठा अरविंद पाठक, संजय मेहरा, करन जोगलेकर (चंदू), विश्वनाथ ठाकुर, सुनीता झारिया, नीलू बर्दिया, मनीषा धुर्वे, प्रतिभा विश्वकर्मा, सूर्यकांत नेमा, श्रीमती नेमा, पवन सुहागिया, आशुतोष वर्मा, योगेश गुप्ता (नन्नू), मुकेश ठाकुर एवं शैलेश व्यास सहित अनेक लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कांवड़ यात्रा में शामिल हुए धर्मप्रेमी

मण्डला/नारायणगंज।

पवित्र श्रावण मास पर नारायणगंज नगर में शिवभक्तों का भारी उत्साह देखने को मिला। स्थानीय गायत्री मंदिर के तत्वाधान में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु कांवड़ लेकर शामिल हुए जिससे पूरा नारायणगंज क्षेत्र भक्तिमय हो गया और हर तरफ शिव के जयकारे गूंजते रहे। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ नारायणगंज स्थित गायत्री मंदिर से हुआ। यहा से सभी कांवड़िए और श्रद्धालु कूम्हा घाट पहुँचे। कुम्हा घाट पर स्नान ध्यान के बाद कलश में पवित्र नर्मदा जल भरकर कांवडियों का जत्था वापस नारायणगंज की ओर रवाना हुआ। यह यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया।



विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास की बयार

## गाडरवारा विधानसभा को 10 करोड़ की छह सड़कों की सौगात

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा विधानसभा निरंतर विकास के नए आयामों को तय कर रही है। क्षेत्र के विकासशील विधायक एवं मध्यप्रदेश के संवेदनशील परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रतिनिधित्व में गाडरवारा विधानसभा में चहुमुखी विकास की बयार बह रही है। विधानसभा क्षेत्र के ढांचागत विकास में कोई कोर कसर नहीं रखी जा रही है और विकास कार्यों के निर्माण निरंतर जारी हैं। गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विकास के क्रम में विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा लगभग 10 करोड़ की लागत की छह महत्वपूर्ण सड़कें स्वीकृत की गई हैं। जिसके अंतर्गत बाबई चीचली ब्लाक में बैरागढ़ से राजीव नगर तक 0.90 किमी सड़क, साईखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत सिरसिरी से हरिजन टोला तक 0.62 किमी सड़क, ढिगसरा से इंदिरा आवास टोला तक 1.40 किमी सड़क, अजंदा रोड से मुआर टोला तक 3.40 किमी सड़क, बरहटा से कहार टोला 1.45 किमी सड़क, तूंमड़ा से काछी टोला तक 1.45 किमी सड़क स्वीकृत की गई है, जिनकी लागत लगभग 10 करोड़ है। इन सड़कों की सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रति क्षेत्रीयजनों ने आभार व्यक्त किया है।

# संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ

### श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में निकली कलश वंदन यात्रा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर जिले में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ श्री गुरु रविदास मंदिर, झिरना में श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के पूजन-अर्चन, कलश एवं ध्वज पूजन तथा आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर पूज्य संतों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाजों एवं बिरादरियों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में माता-बहनों ने सहभागिता की। पूजन-अर्चन के पश्चात श्री गुरु रविदास मंदिर, झिरना से भव्य कलश वंदन यात्रा प्रारंभ हुई। रथ, कलश एवं ध्वज के साथ निकली यात्रा में संतवृंद, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, माता-बहनें, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं आमजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा गांधी चौक होते हुए भगवान नरसिंह मंदिर पहुंची, जहां समरसता संवाद एवं कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**जनप्रतिनिधियों एवं संतों ने की सहभागिता**-कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश ककोड़िया, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव श्री महेंद्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर के अध्यक्ष श्री नीरज महाराज, श्री रामस्नेही पाठक, श्री शौरभ ताराचंद्र बबरिया एवं श्रीमती निशा सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पूज्य महंत श्री बालकदास जी खिरका मंदिर गाडरवारा, पूज्य स्वामी श्री अमृतानंद जी महाराज, स्वामी त्यागीनाथ जी महाराज चिनकी, संत रविदास मंदिर आश्रम बेलखेड़ी के पुजारी आचार्य श्री हरिशंकर दास जी, कर्मकांडी ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष श्री महाकाल महाराज जी, भारत विकास परिषद के रीजनल प्रेसिडेंट इंजीनियर श्री सुनील कोठारी, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनंत कुमार दुबे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री महंत प्रीतम पुरी, श्री सुरेंद्र मोहन नेमा तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**भजन एवं नृत्य प्रस्तुति ने बांधा समां**-समरसता संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, कलश पूजन, संतों के सम्मान एवं भजन के साथ हुआ। सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास, गाडरवारा की छात्राओं ने संत श्री गुरु रविदास जी के भजन पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया।

**सामाजिक समरसता एवं समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान**-कार्यक्रम में विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल एवं श्री महेंद्र नागेश ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के जीवन, विचारों एवं वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। श्री रामस्नेही पाठक ने कलश वंदन यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए आगामी 20 दिवसीय यात्रा में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता का आह्वान किया।

पूज्य महंत श्री बालकदास जी एवं स्वामी श्री अमृतानंद जी महाराज ने सामाजिक समरसता, सनातन संस्कृति के पवित्र विचारों तथा भारतीय सामाजिक संरचना की विशेषताओं पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह ने शासन के समरसता संकल्प अभियान के उद्देश्य एवं सामाजिक समरसता की भावना पर प्रकाश डाला। श्री शौरभ ताराचंद्र बबरिया ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित कलश वंदन यात्रा के उद्देश्यों, विभिन्न गतिविधियों एवं जिले में यात्रा की रूपरेखा की जानकारी देते हुए अधिकाधिक जनभागीदारी का आह्वान किया।

**मंडल प्रभारियों को प्रदान किए गए कलश**-कार्यक्रम के अंत में विभिन्न मंडलों के प्रभारियों को कलश प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्री रविदास मंदिर समिति के पदाधिकारी, गणमान्यजन, माता-बहनें, छात्र-छात्राएं तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की वार्ड एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, मेंटर्स एवं समन्वयक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नरसिंहपुर के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष श्री राहुल कौरव ने किया। कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से जिले में सामाजिक एकता, समरसता तथा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के समानता, भक्ति, सेवा एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।



## एनसीएल बीना परियोजना में ब्रिज प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**सिंगरौली।** गुरुवार को एनसीएल की बीना परियोजना में अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ हुआ। 20 अगस्त से 22 अगस्त, 2026 तक आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना और इकाइयों से 13 टीमों से 91 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतिस्पर्धा के शुभारंभ समारोह के दौरान परियोजना अधिकारी (बीना), एम.के. शर्मा, एस. पी. शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर, ब्रिज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, परियोजना जेसीसी सदस्य, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

यह प्रतियोगिता डुप्लीकेट स्पर्धा एवं पेयर्स स्पर्धा तथा टीम चैंपियनशिप के आधार पर खेली जा रही है । गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कर्मियों के शारीरिक व मानसिक विकास हेतु विभिन्न खेलङ्क कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

## जिले में अब तक 623.4 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 20 अगस्त तक की अवधि में औसत रूप से कुल 623.4 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। 20 अगस्त की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले की तहसील गाडरवारा में 3 मिमी, गोटेगांव में 22 मिमी, करेली में 5 मिमी और तेंदूखेड़ा में 4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि नरसिंहपुर में वर्षा शून्य दर्ज की गई है। तहसीलदार भू-संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अगस्त तक तहसील नरसिंहपुर में 714 मिमी, गाडरवारा में 686, गोटेगांव में 528 मिमी, करेली में 533 मिमी और तेंदूखेड़ा में 656 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 1036.4 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 934 मिमी दर्ज हुई।

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. 241 अ-20(1) सन्-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टे के नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/09/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | कंदेली | 41/9 | 2400 वर्गफुट | व्ही.के. राम आ. तुकाराम निवासी कंदेली | व्ही.के. राम आ. तुकाराम निवासी कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 14/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# फैशन एवं इंटीरियर डिजाइन कोर्स के क्षेत्र में करियर बना रहे बच्चे

**अब दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं, कटनी में ही केडेन्स एकेडमी दे रही इंटीरियर एवं फैशन डिज़ाइन के कोर्स**





कटनी (स्वतंत्र मत)

महानगरों की तर्ज पर व्यवसायिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए कटनी में भी अब फैशन डिजाइनिंग एवं इंटीरियर कोर्स की शुरूआत हो चुकी है एवं 4 वर्ष पुरे हो चुके है इस पाठ्यक्रम के कटनी में शुरू होने के बाद अब शहर के बच्चों को दूसरे शहर जाने की जरुरत नहीं है। यह बात आज शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति मनीष गेई ने कैडेंस अकैडमी के तत्वाधान में आयोजित एग्जीबिशन का उदघाटन करते हुए कही। माधवनगर गेट के पास डीएलजी मॉल में आयोजित एग्जीबिशन का फीता काटकर अतिथियों ने उदघाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति मनीष गेई, समाजसेवी विश्व हिन्दू परिषद के जिला संयोजक लखन साहू एवं वरिष्ठ पार्षद मौसूफ़ अहमद बिट्टू, स्वाति पाठक, आकांक्षा बरसैन्या एवं शालिनी सोनी की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में माही तिवारी, सोनिया चौरसिया, प्रिया अग्रवाल, मंजू शर्मा,निहारिका शर्मा एवं रेणु गोस्वामी की मौजूदगी रही। एकेडमी के संचालक शशिकांत कोरी एवं अनुराधा कोरी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। अनुराधा कोरी ने बताया कि कटनी में पिछले चार सालों से फैशन डिजाइनिंग एवं इंटीरियर कोर्स पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में अधिक से अधिक छात्राओं द्वारा आज एग्जीबिशन के माध्यम से फैशन डिजाइनिंग एवं इंटीरियर डेकोरेशन की प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसकी काफी सराहना हो रही है।

# राजीव गांधी जी की जयंती पर श्रद्धांजलि एवं पौधारोपण कार्यक्रम



**कटनी।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आस्था प्लाजा, बरगवां स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर के तत्वावधान में ख्रुष्ट ऑफिस के पीछे, बालिका छात्रावास के पास वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी ने भारत को आधुनिक, प्रगतिशील और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनकी जयंती पर वृक्षारोपण कर हम उनके विचारों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए हरित, स्वच्छ और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, राकेश जैन कक्का, राजा जगवानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, प्रेम बत्रा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, कमल पांडे, मंगल सिंह, मोसुफ अहमद बिट्टू, चोखे भाईजान, श्याम पाहुजा, राहुल होतवानी, विजय मंगल चौधरी, ओम प्रकाश मुन्ना कुशवाहा, गुलाम जाफर, शशि शेखर भारद्वाज, नारायण निषाद, सुशील जायसवाल, रमेश मिश्रा, कल्पना पाठक, रूपा तिवारी, रुक्मणि पांडे, दुर्गावती कोल, संजय गुप्ता, दिग्विजय सिंह, रमेश अहिरवार, विनीत जायसवाल, सलाहुद्दीन खान, राजेश निषाद, घनश्याम रजक, माधवेंद्र सिंह, रमाकांत दुबे, हर्षित मिश्रा एवं साहिल नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी जी के आदर्शों पर चलने, सामाजिक सद्भाव एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# नन्ने मुन्हे बच्चों ने कावड़ उठाकर भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

कटनी (स्वतंत्र मत)



कटनी की सड़कों में उस वक़्त मंत्रमुग्ध कर देने वाला नजारा देखने को मिला जब कांधे में कावड़ लेकर बच्चों की टोली हर हर महादेव के जयघोष के साथ निकली। भगवान शिव की अद्भुत भक्ति को देखकर हर कोई हैरान रह गया। भोलेनाथ के इस पावन जयघोष को सुनकर संपूर्ण वातावरण भक्तिमय नजर आया। समाजसेवी संस्था जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी अहाना द्वारा संचालित यह बाल कावड़ यात्रा कटनी मेन स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर बड़े हनुमान मंदिर से होते हुए मधई मंदिर तक निकाली गई। इस यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा भी विशेष इंतजाम किए गए। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बच्चों का स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर बच्चों ने भगवान शिव का जल अभिषेक कर अपने उज्जवल भविष्य और समाज की सुख समृद्धि की कामना की। मधई मंदिर में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करके महाआरती के बाद इस यात्रा का समापन यात्रा में शामिल हुए सभी बच्चों को भोजन प्रसाद और उपहार भेंट करके किया गया। इस बाल कावड़ यात्रा में आहना की संस्थापिका एवं अध्यक्ष वाणी गट्टानी, निशा गुप्ता, रश्मि राय, शालिनी बजाज, उपासना बजाज, वंदना गट्टानी, कविता लालवानी, राशि सुहाने, मोनल पॉप्तानी, पूजा कनकने, रेनू मोर, प्रीति जगाती, गुंजन गोयंका सुनीता गट्टानी, भव्य जसूजा, शिवानी बर्मन, स्वाति नायक, शिखा गुप्ता, एकता महेश्वरी, आरती राय , पूजा कंकाने, प्रशंसा नायक, वंदना राय शामिल रही।

# जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने लोगों ने ली शपथ

**एक पेड़ मां के नाम सन्देश दिया गजल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने लोगों ने लिया शपथया**

कटनी (स्वतंत्र मत)



नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति सचिव एवं पर्यावरणविद श्री निर्भय सिंह जी के नेतृत्व में एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री तेज सिंह केशवाल के मार्गदर्शन में और ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्रीमती नंदनी वाटिया जी के सहयोग से सेक्टर प्रभारी गुलशन सिंह द्वारा प्रस्फुटन समिति कुम्हरवारा अध्यक्ष रामकृपाल जी एवं सचिव प्रीति कोल तथा नवांकुर सखियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों के द्वारा बड़े ही धूमधाम से च्च*नवांकुर सखीट्टहरियाली यात्राज्ज* रैली, संगोष्ठी एवं पर्यावरण /जल संरक्षण शपथ कार्यक्रम का आयोजन बड़वारा ब्लाक के कुम्हारवाड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकगीतों व प्रेरणादायी नारों के साथ पूरे गांव की गलियों से कलश यात्रा /रैली निकाली गई कार्यक्रम में बी सी श्रीमती नंदनी वाटिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण एवं एक पेड़ मां के नाम विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन के द्वारा प्रेरित कर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में फकीरे लाल जी, प्रस्फुटन समिति मिडरा से विक्रम दुबे एवं सुरेंद्र दुबे, प्रस्फुटन समिति कुम्हरवारा से अध्यक्ष रामकृपाल जी,सचिव प्रीति जी, नवांकुर सखी फूलमती,रानी,पूजा, गिर्दनियाँ बाई, तिरसिया, सन्तोषिया बाई, अनीता, मैकी, सुनीता, शकुन, भूरी बाई, शकुन्तला, भानमती, बुईया, शिल्ला, भूरी देवी, बिल्सी बाई, आघानिया बाई, छोटी बाई, काजल, ओमवती, पिंकी, खुशी, मुन्नी बाई, सुमित्रा, सखिया, मिथिला, रामकली, रानी, सरस्वती, मम्पी पटेल, चंदा पटेल, विमला, सोनिया, सुलेखा, शशि पटेल, बेटीबाई, उमा बाई, सीताबाई, क्रांति, संगीता, उर्मिला एवं मुकेश कुमार सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सहयोग प्रदान किया।

# 23 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्र मत)



मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में 23 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के 56 सूत्रीय मांगो के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन जिला कलेक्टर महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन और माननीय प्रधानमंत्री महोदय भारत सरकार के नाम दिया गया,मांगो में मुख्य रूप से ह्नक्क बहाली, ग्रेजुएटी बढ़ाने, प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारियों कि वेतन विसंगति, अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की मांग, विभिन्न विभागों में लंबित समयमान वेतन के आदेश जारी करने, न्यूनतम परिवार पेंशन की गारंटी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के प्रमोशम में ष्टक्क्ष्ञ्ज की अनिवार्यता समाप्त करने, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों में नियुक्ति शर्तों में सिथिलता,अध्यापक सवर्ग की ज्ञश्वज्ञ की बाध्यता समाप्त करना, स्वास्थ्य विभाग में,हरू /स्क्क्ठ्ठ के प्रमोशन पद को ड्राइंग कैडर में डाल कर लगी रोक को हटाकर प्रमोशन देना, राज्य के कर्मचारियों और पेंशनर को केंद्र के सामान ष्ठ देना आदि 23 सूत्रीय मांगे शामिल हैं उक्त कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ एवं अनुसंगिक संगठनों के सैकड़ो कर्मचारियों की उपस्थित के साथ ड्डद्वह्य प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश पटेल, जिला मंत्री विनोद पटेल, संजय अग्रवाल जिलाध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, धीरेन्द्र सिँह संभागीय उपाध्यक्ष जबलपुर, प्रशांत चनपुरिया कार्यकारी जिलाध्यक्ष, सरमन तिवारी जिला संरक्षक,हरप्रीत ग्रोवर जिला सचिव, श्रीकांत शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष, कशी प्रसाद मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बी. डी. तिवारी जिला उपाध्यक्ष, के सी कछवाहा स्वास्थ्य बिभागीय समिति अध्यक्ष,पुष्पेंद्र द्विवेदी जिला सह मीडिया प्रभारी,अमित सिंह जिलाध्यक्ष वन विभागीय समिति,सूरज अवधिया, विजयराघवगढ तहसील अध्यक्ष, सुनील नागवांसी ब्लॉक अध्यक्ष विजयराघवगढ़,श्रद्धा तिवारी कार्यकारी तहसील अध्यक्ष विजयराघवगढ, वर्षा पवार तहसील सचिव बरही, सुनील हल्दीकार तहसील अध्यक्ष सलिमनाबाद,अरुण ज्योतिषी ब्लॉक अध्यक्ष ढीमरखेड़ा, प्रशांत सोनी ब्लॉक उपाध्यक्ष धीमरखेड़ा,इंद्र कुमार बाजपेई ब्लॉक अध्यक्ष रिठी, लाड़ले पटेल तहसील सचिव रिठी, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से राघवेंद्र शर्मा, हेमंत श्रीवास्तव,सजल जैन, राकेश जैन एवं लगभग सभी ब्लॉक, तहसीलों से लगभग दो सैकड़ा राज्य कर्मचारी संघ के कर्मचारियों की उपास्थिति रही।

# साक्षी राय अध्यक्ष एवं निधि गोयनका सचिव निर्वाचित

**जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी की नई कार्यकारिणी गठित**

कटनी (स्वतंत्र मत)




जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी की चयन समिति की बैठक गत दिवस पूर्व अध्यक्ष श्री दिनेश बाठला जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जायंट्स फेडरेशन-7 के उपाध्यक्ष श्री रणवीर कर्ण, फेडरेशन अधिकारी श्री रंगेश गोयनका तथा जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी के पूर्व अध्यक्ष द्वय श्री संचित जैन एवं श्रीमती नंदिता कर्ण उपस्थित रहे। चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से श्रीमती साक्षी राय को अध्यक्ष, श्रीमती निधि गोयनका को सचिव एवं श्री ईशान जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। शेष कार्यकारिणी का गठन नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती साक्षी राय द्वारा किया जाएगा। बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष द्वारा गत वर्ष का आय-व्यय विवरण तथा सदस्यों से प्राप्त वार्षिक शुल्क की सूची भी चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती साक्षी राय ने चयन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे वरिष्ठ सदस्यों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से जायंट्स ग्रुप के सेवा कार्यों को और अधिक गति देने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।

# तिरंगा देकर मातृशक्तियों को किया सम्मानित

कटनी (स्वतंत्र मत)



सम्पूर्ण भारत वर्ष में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मिलकर घर-घर तिंरगा और हरियाला तीज-त्यौहार मनाया गया। इसी संदर्भ में कटनी जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था सर्वधर्म जनसेवा मंच समिति मध्यप्रदेश कटनी कार्यक्रम की संयोजिका समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व में हर घर-घर तिंरगा अभियान और हरियाली तीज आंनद उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम जाग्रति पार्क मे आयोजित कार्यक्रम किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथ्य शासकीय शिक्षिका डॉ उर्मिला साई प्रीत एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता.श्रीमति ऊषा बर्मन ने की विशिष्ट अतिथ्य जुहली आशा कार्यकर्ता श्रीमति रीता दुबे,अधिवक्ता मीरा अहिरवार श्रीमति सुनीता सोनी, समाजसेवी श्रीमति अनामिका सतनामी सहित सभी सम्मानित मातृशक्तियों ने सर्वप्रथम तैंतीस कोटि विराजमान देवताओ का निवासरत पीपल, बरगद, नीम,अशोक इत्यादि पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मे हरियाली तीज आंनद उत्सव में विभिन्न के स्वादिष्ट व्यंजन,गेम्स देशभक्ति गीत और अंताक्षरी के साथ ही मनमोहक देशभक्ति गीतों पर नृत्य गान मंडल द्वारा शानदार प्रस्तुती दी गई इस पुनीत पावन अवसर पर समाजसेवी व अधिवक्ता रेखाअंजू तिवारी द्वारा अनोखी पहल करते हुए सभी मातृशक्तियों एंव बेटियों को हमारी पहचान आन वान शान तीन रंग तिंरगा देकर सम्मानित किया और अपने ओजस्वी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि..हम अपनी माँ वंसुधरा को हरा भरा बनाए और देश के लिए थोड़ी-बहुत अच्छे कर्म करे..ताकि आने वाली भावी पीढ़ी हमेशा हमे याद करेद्ध कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त समाजसेवी श्रीमति लक्ष्मी रजक द्वारा किया गया कार्यक्रम मे विशेष सराहनीय सहयोग नटखट बच्चो की टीम सुश्री भवया चौधरी,सुश्री पूजा सिंह,सुश्री लवली मार्को,सुश्री संयोगिता सिंह,जागेनद्रर चौधरी सहित सम्मानित पदाधिकारीगण की गरिमामय उपस्थित मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# चंद घंटों में मासूम को सकुशल खोज निकाला, माता-पिता को सौंपा

कटनी (स्वतंत्र मत)



आगामी रक्षाबंधन पर्व को लेकर कटनी शहर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। इसी दौरान आज दिनांक 20.08.2026 को कटनी बाजार में खरीदारी करने आए एक परिवार का 03 वर्षीय मासूम बालक अचानक भीड़ के बीच से लापता हो गया। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बावजूद बालक का कोई पता नहीं चलने पर परिवार में घबराहट का माहौल निर्मित हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की सीमा से लगे ग्राम झुकेही, थाना अमदरा, जिला मैहर निवासी सूर्य प्रताप सिंह अपनी पत्नी एवं 03 वर्षीय पुत्र शौर्य सिंह के साथ रक्षाबंधन की खरीदारी करने कटनी बाजार आए थे। बाजार में अत्यधिक भीड़ होने के कारण खरीदारी के दौरान उनका मासूम बालक खेलते-खेलते अचानक उनकी नजरों से ओझल हो गया। कुछ समय बाद जब परिजनों ने आसपास बालक को आवाज लगाकर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मासूम के अचानक लापता होने से परिजन बेहद परेशान हो गए। घटना की सूचना आसपास मौजूद लोगों द्वारा तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारा बिना समय गंवाए बालक की फोटो पुलिस स्टाफ एवं थाना ग्रुप में प्रसारित कर सभी पुलिसकर्मियों को बाजार क्षेत्र में बालक की तलाश के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा बालक की फोटो के आधार पर बाजार के विभिन्न स्थानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं आसपास के मार्गों पर सघन तलाश प्रारंभ की गई।

कोतवाली पुलिस की तत्परता एवं समन्वित प्रयासों का परिणाम रहा कि चंद घंटों के भीतर पुलिस टीम ने मासूम शौर्य सिंह को सकुशल खोज निकाला। बालक के सुरक्षित मिलने की सूचना तत्काल उसके पिता सूर्य प्रताप सिंह को फोन के माध्यम से दी गई तथा उन्हें थाना कोतवाली बुलाया गया। सूचना मिलते ही बालक के माता-पिता थाना कोतवाली पहुंचे, जहां आवश्यक औपचारिकता पूर्ण करने के उपरांत मासूम शौर्य सिंह को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया।

अपने मासूम बच्चे को सकुशल पाकर माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने कोतवाली पुलिस द्वारा दिखाई गई त्वरित तत्परता, संवेदनशीलता एवं सक्रियता की प्रशंसा करते हुए पुलिस विभाग का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**पुलिस कार्यवाही में विशेष भूमिका**

पुलिस अधीक्षक श्री अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में उनि. कुलदीप सिंह, महिला प्र.आर. रीता सिंह, आर. अमित सिंह, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन, अजीत सिंह एवं एनआरएस सदस्य निधि चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। त्यौहारों के दौरान बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहती है। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि छोटे बच्चों को बाजार अथवा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अकेला न छोड़ें तथा उनकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस थाने को सूचना दें।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में पीवी सिंधु का सफर खत्म पहली बार चीनी खिलाड़ी के खिलाफ मिली हार

### 3 सेट तक चला रोमांचक मुकाबला

नई दिल्ली।

**बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) मुकाबले में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु को हार का सामना करना पड़ा है। गुरुवार को खेले गए बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग झी ई ने सिंधु को 21-11, 15-21, 21-17 से हरा दिया। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय स्टार का सफर समाप्त हो गया है।**




### विश्व चैंपियनशिप में बनाया था रिकार्ड

यह मुकाबला विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में चीनी खिलाड़ियों के खिलाफ सिंधु की पहली हार के रूप में दर्ज हो गया है। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप में चीन की खिलाड़ियों के खिलाफ सिंधु का रिकॉर्ड 8–0 का था और वह लगातार 8 मैच जीत चुकी थीं। हालांकि, इस मुकाबले में वांग झी ई ने शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय शटलर के इस अजेय रथ को रोक दिया। मैच की शुरुआत से ही चीनी खिलाड़ी ने दबदबा बनाया और पहला गेम 21–11 से आसानी से अपने नाम कर लिया। इसके बाद सिंधु ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की। उन्होंने नेट प्ले पर पूरा नियंत्रण बनाते हुए आक्रामक खेल दिखाया और 21–15 से जीत दर्ज करके मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम में पहुंचा दिया।

### रोमांचक मुकाबले में रही काटे की टक्कर

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। कैम्प से जूझने के बावजूद चीनी खिलाड़ी ने कोर्ट पर पूरा जोर लगाया। मैच का सबसे रोमांचक मोड़ 18–17 के स्कोर पर आया, जब दोनों के बीच 54 शॉट की लंबी और थका देने वाली रैली खेली गई। इस मैराथन रैली को गंवाने के बाद सिंधु वापसी नहीं कर सकीं और वांग ने 21–17 से गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में वांग झी ई का सामना डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से होगा।



*स्पेन के 61 वी जोअन गेम्पर ट्रॉफी जीतने के बाद जश्न मनाते हुए बार्सिलोना के खिलाड़ी।*

# कोलंबो टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं सारांस

### कुलदीप की जगह मिल सकता है अवसर



**कोलंबो।** भारतीय क्रिकेट टीम रविवार से कोलंबो में शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में युवा स्पिनर सारांश जैन को उतार सकती है। सारांश ने हाल में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्हें अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव की जगह पर उतारा जा सकता है। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल की है। वहीं पहले टेस्ट में कुलदीप का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में प्रबंधन सारांस को आजमाना चाहेगा। गौरतल है कि गॉल में हुए पहले टेस्ट की टर्निंग पिच पर भारतीय टीम के स्पिनरों ने 20 में से 15 विकेट लिए थे।

# कोकीन सेवन के कारण निलंबित किये गये किर्गियोस



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस के कोकीन का सेवन करने के कारण निलंबित कर दिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार किर्गियोस कोकीन जांच में पॉजिटिव पाये गये हैं। इस कारण से उन्हें उन्हें पेशेवर टेनिस से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा है कि वह अब पछता रहे हैं। केकीन सेवन की ये रिपोर्ट जून में मल्लोर्का में आयोजित एक निचले स्तर के टूर्नामेंट के दौरान हुई ड्रग जांच से जुड़ी है। उन्होंने लिखा, हाल में मल्लोर्का में मेरा ड्रग परीक्षण पॉजिटिव आया, जिसमें मैं कोकीन के लिए पॉजिटिव मिला। किर्गियोस ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक बहुत बड़ी गलती की और वह इसकी पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। गौरतलब है कि प्रतियोगिताओं के दौरान कोकीन का सेवन प्रतिबंधित है हालांकि प्रतियोगिता से बाहर इसके इस्तेमाल के मामलों में कम सजा मिलती है। किर्गियोस ने कहा कि ये गलती इसलिए हुई क्योंकि वह पिछले दो वर्षों से लगातार चोटों से जूझने के कारण परेशान थे। साथ ही कहा कि मेरे लिए अपने करियर के अंतिम दौर के करीब पहुंचने की वास्तविकता को स्वीकार करना कठिन हो रहा था। अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, कई बार मैंने अपने को असहाय और अकेला महसूस किया पर इससे मेरी गलती को सही नहीं कहा जा सकता।

# रॉबिन्सन, टंग ने गेंद को काटकर बांट लिया

हैडिंग्ले।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों, ओली रॉबिन्सन जोश टंग ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में पाकिस्तान की पहली पारी 171 रनों पर ही समेट दी। रॉबिन्सन और टंग ने पांच-पांच विकेट लिए। दिन का खेल समाप्त होने के बाद एक अजीब सी बात देखी गयी। दोनो ने गेंद को काटकर आधा-आधा बांट लिया जिससे बराबर विकेट लेने की उपलब्धि याद रखी जा सके। रॉबिन्सन और टंग ने मैच में इस्तेमाल की गई लाल गेंद को बीच से काट दिया और आधा-आधा हिस्सा अपने पास रख लिया। रॉबिन्सन ने कहा कि ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है और वे इसे कभी नहीं भूलेंगे। ओली रॉबिन्सन ने मैच की




पहली ही गेंद पर विकेट (अज़ान अवैस) लेकर इतिहास रच दिया। यह 1880 से इंग्लैंड में खेली जा रही टेस्ट सीरीज़ में पहली बार हुआ है जब किसी मेजबान गेंदबाज ने सीरीज़ की पहली गेंद पर विकेट लिया हो। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहले केवल 11 बार ही हुआ है! जिमी एंडरसन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज थे, उन्होंने 2019–20 में दक्षिण अफ्रीका में खेली गई सीरीज में डीन एल्गर को आउट किया था। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कुल मिलाकर केवल 12वीं बार हुआ है। वहीं रॉबिन्सन के लिए यह मौका पहले से ही विशेष था, क्योंकि पिछले हफ्ते ही उनकी दूसरी बेटी, ईवा का जन्म हुआ था।

उन्होंने कहा, 'हां, पिछले गुरुवार को बच्ची का जन्म हुआ, इसलिए लीड्स के होटल में आने के बाद से मैं अपनी नींद पूरी कर रहा हूं। । जब आप बच्ची के जन्म के बाद उन्हें छोड़कर आते हैं और फिर ऐसा शानदार प्रदर्शन करते हैं तो यह बहुत मायने रखता है। मुझे पता है कि वे यहां नहीं हैं, वे घर पर हैं, लेकिन मैं पूरे समय उन्हीं के बारे में सोच रहा था।'




# हेप्टाथलॉन गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय डोप टेस्ट में पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** भारत की एथलीट और 2018 एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट स्वप्ना बर्मन डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाई गई हैं। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। 29 साल की स्वप्ना के सैंपल में बोल्डेनोन नाम का प्रतिबंधित पदार्थ मिला है। स्वप्ना ने इसी महीने एथलेटिक्स से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने चोटों शरीर को फिट नहीं बताते हुए अपना करियर खत्म करने का फैसला लिया था। स्वप्ना बर्मन ने 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में हेप्टाथलॉन में गोल्ड मेडल जीता था। वह एशियन गेम्स में हेप्टाथलॉन का गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनी थीं ।हेप्टाथलॉन एथलेटिक्स का मिक्स्ड इवेंट है। इसमें खिलाड़ी दो दिनों में 7 इवेंट्स में हिस्सा लेते हैं। इनमें 100 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, 200 मीटर, लंबी कूद, भाला फेंक और 800 मीटर शामिल हैं।

# डॉलर में कमजोरी से सोने और चांदी में जोरदार उछाल

### सोना 283 की तेजी के साथ 1,58,279 रुपए, चांदी 2,41,167 रुपए प्रति किलोग्राम

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। कमजोर होते डॉलर, वैश्विक बॉन्ड यील्ड में नरमी और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग ने बहुमूल्य धातुओं को मजबूत समर्थन दिया। घरेलू एमसीएक्स और अंतरराष्ट्रीय कॉमेक्स बाजारों में सोने-चांदी की शुरुआत तेजी के साथ हुई। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी दोनों के वायदा भाव में मजबूती




दर्ज की गई। खबर लिखे जाने तक सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 283 रुपये की तेजी के साथ 1,58,279 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। यह 1,58,008 रुपये पर खुला था और दिन के दौरान 1,58,300 रुपये का उच्च स्तर छुआ। इस साल सोने ने 1,80,779 रुपये प्रति 10 ग्राम का सर्वोच्च स्तर छुआ था। वहीं चांदी का सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 3,513 रुपये की जोरदार उछाल के साथ 2,40,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर था। यह 2,38,500 रुपये पर खुला था और दिन के उच्च स्तर 2,41,167 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचा। चांदी ने इस साल 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम का उच्चतम स्तर देखा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर भी सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी बनी रही। सोना 7.20 डॉलर की बढ़त के साथ 4,552.50 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रहा था, जबकि यह 4,580 डॉलर प्रति औंस पर खुला था।

सोने ने 5,586.20 डॉलर प्रति औंस का सर्वोच्च स्तर बनाया था। चांदी का वायदा भाव भी 1.47 डॉलर की तेजी के साथ 67.30 डॉलर प्रति औंस पर था। यह 67.08 डॉलर पर खुला था 121.79 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर छू चुका है।

# एनसीएलटी ने लगाया 15 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून पंचाट (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने विमान लीज पर देने वाली कंपनी एविएटर एमएल 29641 लिमिटेड को स्पाइसजेट के खिलाफ अपनी दिवाला याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी है। दोनों पक्षों के विवाद निपटाने के बाद यह इजाजत मिली, हालांकि एनसीएलटी ने मामले को आदेश के लिए सुरक्षित रखने के बाद समझौता करने पर उन्हें संयुक्त रूप से 15 लाख रुपये प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) में जमा करने का निर्देश दिया। विशेष पीठ ने दोनों पक्षों को 7 दिन के भीतर 7.5–7.5 लाख रुपये पीएमएनआरएफ में जमा करने का आदेश दिया।

# एसबीआई ने बल्क एफडी पर घटाई ब्याज दरें

### 3 करोड़ या उससे अधिक की जमा राशि पर प्रभाव, रिटेल एफडी दरें अपरिवर्तित

नई दिल्ली।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने 3 करोड़ रुपये या उससे अधिक की घरेलू बल्क टर्म डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरों में कटौती की घोषणा की है, जो अब प्रभावी हो चुकी हैं। यह बदलाव मुख्य रूप से छोटी अवधि की जमाओं को प्रभावित करेगा, जबकि 3 करोड़ रुपये से कम की सामान्य रिटेल एफडी अपरिवर्तित रहेंगी। बैंक ने 7 से 179 दिनों की बल्क एफडी पर ब्याज दर में 25 बेसिस पॉइंट (0.25 फीसदी)




और 180 से 210 दिनों की अवधि वाली एफडी पर 10 बेसिस पॉइंट (0.10 फीसदी) की कटौती की है। हालांकि, 211 दिन से 10 साल तक की लंबी अवधि वाली बल्क एफडी दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे इन अवधियों के निवेशकों को राहत मिलेगी। यह कटौती वरिष्ठ नागरिकों की बल्क एफडी पर भी लागू होगी, जहां समान अवधि (7–210 दिन) के लिए ब्याज दरों में समान कमी की गई है। नई दरें ताजा जमा के साथ-साथ परिपक्वता के बाद होने वाले नवीनीकरण पर भी प्रभावी होंगी। निवेशकों को ध्यान देना चाहिए कि बल्क एफडी की समय से पहले निकासी पर एक फीसदी की पेनल्टी लागू होगी।

यह स्पष्ट किया गया है कि 3 करोड़ रुपये से कम की सामान्य एसबीआई रिटेल एफडी पर इन बदलावों का कोई असर नहीं पड़ा है। सामान्य ग्राहकों के लिए रिटेल एफडी की ब्याज दरें 3.05 फीसदी से 6.40 फीसदी तक और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 3.55 फीसदी से 7.05 फीसदी तक बनी हुई हैं।

# खाद्य ब्रांड्स ने एफएसएसएआई के आदेश पर 100 फीसदी शुद्धता के दावे हटाए

### एमवे, इमामी समेत छह कंपनियों ने पैकेजिंग, लेबल व विज्ञापनों से हटाए भ्रामक दावे

**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले भ्रामक दावों पर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सख्ती दिखाते हुए एमवे इंडिया, इमामी और बॉन बिस्किट्स सहित छह बड़ी खाद्य कंपनियों को अपने उत्पादों की पैकेजिंग, लेबल और विज्ञापनों से 100 प्रतिशत जैसे शब्दों को हटाने का निर्देश दिया है। नियामक के हस्तक्षेप के बाद इन कंपनियों ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं। एफएसएसएआई ने खाद्य कारोबार परिचालकों (एफबीओ) को 100 प्रतिशत जैसे भ्रामक दावे इस्तेमाल करने से रोकने का निर्देश दिया था, क्योंकि ऐसे दावे अक्सर उत्पादों की वास्तविक गुणवत्ता या सामग्री को सही ढंग से नहीं दर्शाते। एफएसएसएआई के मुताबिक, बॉन बिस्किट्स ने अपने बॉन क्यूमिन फ्लेवर जीरा बाइट बिस्किट्स से यह दावा हटा दिया है, जबकि इमामी लिमिटेड ने झंडू शहद और एपिस इंडिया ने अपने शहद उत्पादों से ऐसे दावे हटाए हैं।




एमवे इंडिया एंटरप्राइजेज ने अपने 100 प्रतिशत शुद्ध नारियल तेल के दावे को पैकेजिंग और प्रचार सामग्री से स्वेच्छा से हटा लिया है और पुराने स्टॉक की बिक्री भी रोक दी है। इसके अतिरिक्त, केरल की जुजा फूड्स ने अपने विभिन्न बेबी फूड उत्पादों से और मास्टरचॉव फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने रैमेन नूडल से भी 100 प्रतिशत के दावे हटा दिए हैं। नियामक हाल के महीनों में भ्रामक लेबल, दावों और विज्ञापनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है, ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जा सके।

# टेक्नो ने लांच किया पोवा 8 प्रो 5जी

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में टेक्नो ने अपना नया प्रीमियम गेमिंग स्मार्टफोन पोवा 8 प्रो 5जी लॉन्च कर दिया है। इस स्मार्टफोन में गेमिंग के साथ-साथ एक शानदार डिस्प्ले, बड़ी बैटरी और बेहतर कैमरा का संगम मिलता है। यह फोन ऑक्टा-कोर मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7000 सीरीज के चिपसेट से लैस है, जो दमदार परफॉर्मेंस का वादा करता है। पोवा 8 प्रो 5जी में 6500 एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है, जो 45 वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है, जिससे यूजर्स को लंबे समय तक बिना चार्जिंग की चिंता किए गेम खेलने और फोन इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। स्मार्टफोन में डुअल रियर कैमरा सिस्टम है, जिसमें 50 मेगापिक्सल का ऑटो-फोकस कैमरा शामिल है। पोवा 8 प्रो 5जी को भारत में दो वेरिएंट में पेश किया गया है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 628, निफ्टी 153 अंक उछला

मुम्बई।

घरेल शेयर बाजार में गुरुवार को तेजी लौटी। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददरी हावी रहने से आया है। इससे पिछले एक सप्ताह से जारी गिरावट थम गयी। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधरित बीएसई सेंसेक्स 628.04 अंक बढ़कर 77,537.72 पर और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 153.55 अंक या बढ़कर 24,231.85 पर बंद हुआ।

आज बीएसई में 2448 शेयर उछले जबकि 1876 शेयर गिरे जबकि 225 शेयरों में अंतर नहीं



आया।

आज निफ्टी में सबसे अधिक बढ़त वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और श्रीराम फाइनेंस शामिल रहे जबकि गिरावट वाले शेयरों में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा कंज्यूमर, इंटरग्लोब एविएशन और नेस्ले शामिल रहे। आज सभी सेक्टर के इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए; मीडिया इंडेक्स और रियल्टी इंडेक्स उछला , जबकि ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, आईटी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा इंडेक्स में बढ़त रही। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में बढ़त रही।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार में गुरुवार को जोरदार वापसी देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान में खुले और शुरुआती कारोबार में मजबूत बढ़त दर्ज की। सुबह सेंसेक्स 550 अंकों से अधिक उछलकर 77,400 के स्तर को पार कर गया, जबकि निफ्टी भी 24,200 के ऊपर कारोबार कर रहा था।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी बाजारों में तीन दिन की लगातार गिरावट के बाद आई रिकवरी और एशियाई बाजारों में व्यापक तेजी ने घरेलू बाजार के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें अभी भी बाजार के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं।

# पारंपरिक खेती के साथ-साथ फसल विविधिकरण, उद्यानिकी और पशुपालन से जुड़ें किसान: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के लिए नई तकनीक और नवाचार ने खेती में समृद्धि के नए रास्ते खोल हैं। आने वाले समय में कृषि उद्योग, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ-साथ फसल विविधीकरण, उद्यानिकी और पशुपालन से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन और मछली पालन को अपनाकर किसान अपनी आय को कई गुना बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अशोक नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अशोकनगर के अन्नदाता अपनी मेहनत से प्रदेश भर के किसानों के लिए मिसाल बन रहे हैं। अशोकनगर की चंदेरी साड़ी ने मध्यप्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाई है। अशोकनगर के शरबती गेहूं का स्वाद बेजोड़ है। अशोकनगर के शरबती गेहूं की देशभर में मांग है प्रसन्नता का विषय है कि जिले के किसानों में धनिया और गुलाब जैसी उद्यानिकी फसलों के लिए रुचि बढ़ी है। कम बारिश की चुनौती के बीच डीआरएस तकनीक से धान की रोपाई का रकबा बढ़ाकर अशोक नगर के किसानों ने आपदा को अवसर में बदला है। फसल विविधीकरण से जिले में चना और मसूर का भी रकबा बढ़ा है।



किसानों की आने वाली पीढ़ी की सुरक्षा और उनके संवर्धन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध, मुख्यमंत्री ने बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली किया संबोधित

**सीमा पर जवान और खेत में किसान की भूमिका है समान** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान, महिला, गरीब और युवा चारों वर्ग राज्य सरकार के लिए महत्वपूर्ण है। किसान के समृद्ध और खुशहाल होने से ही संपूर्ण समाज अन्न और धन-धान्य से परिपूर्ण रहेगा। सीमा पर जवान और खेत में किसान की भूमिका समान है, दोनों ही देश के लिए समर्पित हैं। राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता और सक्रियता से किसान हित में कार्य कर रही है। इसी के परिणाम स्वरुप पूरा साल किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान का अर्थ ही स्वावलंबन है, अपने बलबूतों पर अपने परिवार के साथ-साथ संपूर्ण समाज के पालन पोषण के लिए अन्न का कटोरा भरने का सामर्थ्य किसानों में ही है। खेती को लाभप्रद बनाने के लिए संपूर्ण प्रदेश में बिजली, पानी की व्यवस्था के साथ-साथ खेतों तक सड़क संपर्क उपलब्ध कराने का कार्य जारी है। किसानों की सुविधा के लिए साल में एक ही बार खाते को क्लियर करने की व्यवस्था की गई है। कृषि भूमि के भूअर्जन पर किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाएगा।

**किसानों को राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही हैं अनेक सौगातें** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 12 से 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए विभिन्न गतिविधियां जारी हैं। कुछ माह बाद किसानों को दिन में ही पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। लाड़ली बहना योजना और किसान सम्मान निधि से हमारे भाई-बहनों का जीवन स्तर उन्नत हुआ है। बढ़ी राशि की सब्सिडी के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पांच, सात और दस हॉर्स पॉवर के बिजली पंपों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह राज्य सरकार का किसानों के लिए सहयोग है। किसानों को राज्य सरकार की ओर से अनेक सौगातें उपलब्ध कराई जा रही हैं। सांदीपनि विद्यालय के साथ-साथ प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं को भी बेहतर किया जा रहा है। किसानों की आने वाली पीढ़ी की सुरक्षा और उनके संवर्धन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

## पांच दिवसीय घोष वर्ग का समापन समारोह

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रान्त का 15 से 20 अगस्त तक पांच दिवसीय घोष वर्ग दमोह में आयोजित हुआ। घोष वर्ग के समापन समारोह में 49 सेविकाओं ने घोष प्रदर्शन किया। वर्ग में सेविकाओं ने 15 रचनाओं जैसे मीरा पहाड़ी सुषिर भूप तिलंग शिव वंदना टिक टिक प्रयोग कल्याण श्रीपाद शिवरंजनी मनुस्तुति श्रीराम शिवराज जननी जन्मभूमि का अभ्यास किया। सेविकाओं द्वारा प्रदर्शित घोष प्रदर्शन को देखने के लिए दमोह नगर से बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और सद्भावना का संदेश देने वाला था। घोष प्रदर्शन कार्यक्रम के समापन पश्चात भारत माता की आरती किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये नागरिकों ने भी दीप दान किया। सैकड़ों दीप जब एक साथ प्रज्ज्वलित हुए तो ऐसा लगा जैसे पूरा शहर भारत माता की आरती कर रहा हो। भारत माता के जयघोष के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम् के स्वरों ने वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। शास्त्रों में कहा गया है तमसो मा ज्योतिर्गमय एक दीप अंधकार को हरता है, हमारे भीतर के भय और निराशा को भी दूर करता है। जब यह दीप देश के नाम जलता है तो यह संकल्प बन जाता है।

# अपनी समस्याओं शिकायतों और सुझावों से निसंकोच अवगत कराएं : कलेक्टर

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ आमजन तक पहुंचाने और धरातल पर उनकी स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आजए 21 अगस्त को पथरिया विकासखंड में तृतीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शादी घर, बड़े तालाब के पासए पथरिया में आयोजित होगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि पथरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाली 44 ग्राम पंचायतों और नगर परिषद पथरिया के सभी 15 वार्डों को इसमें सम्मिलित किया गया है।

कलेक्टर ने कहा अभियान के तहत गठित 44 प्रशासनिक टीमें विकासखंड की पंचायतों एवं वार्डों में जाकर प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारी कर्मचारी स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद स्थापित कर सरकारी योजनाओं की ज़मीनी स्थिति का जायजा लेंगे। इसके साथ ही गाँवों और शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए नए प्रोजेक्ट्स एवं आवश्यक निर्माण कार्यों का भी आकलन कर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि एसईडीसी भोपाल द्वारा विकसित जीआईएस वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप का उपयोग इस निरीक्षण कार्य में किया जाएगा। निरीक्षण अधिकारी मौके से ही परख ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज करेंगे। ऐपवेब जीआईएस पर आधारित है जिससे अधिकारी की वास्तविक लोकेशन जीपीएस स्थान से ही एंट्री दर्ज हो सकेगी। मौके पर ही तस्वीरें कैप्चर कर अपलोड करने की सुविधा होने से पृथक से कोई भौतिक रिकॉर्ड रखने की आवश्यकता नहीं होगी। संपूर्ण प्रक्रिया ऑन द स्पॉट और डिजिटल होगी जिससे जिला स्तर पर मॉनिटरिंग और समीक्षा करना सुगम हो जाएगा।

शादी घर परिसर में आयोजित मुख्य शिविर में पीएम किसान सम्मान निधि, फार्मर आईडी, समग्र ईकेवायसी, आधार अपडेटेश, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं ई कृषि विकास पोर्टल के अंतर्गत कृषकों के लिए टोकन इशू करने की व्यवस्था के लिए समर्पित काउंटर स्थापित किए जाएँगे। शिविर में क्षेत्र के सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्योग संचालकों के साथ सीधा संवाद किया जायेगा। कलेक्टर ने पथरिया विकासखंड के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि निरीक्षण हेतु पहुंचने वाली टीमों को अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों से नि संकोच अवगत कराएं। उन्होने कहा क्षेत्र से संबंधित सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाएगा।

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// प्रथम निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | Tender ID-2026_UAD-530230-1<br>PRO 486 Date 20/8/2026 | संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत विभिन्न आवश्यक कार्य किए जाने बावत् | 08 माह<br>8.47 लाख | 2,000<br>8474 | 07/09/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

## कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए 25 तक करें आवेदन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 29 अगस्त को कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए ट्रेन रवाना होना प्रस्तावित है। इस यात्रा के लिए मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है तथा जो आयकरदाता नहीं हैं आवेदन कर सकते हैं। महिलाओं के मामले में आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट का प्रावधान है। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन पत्र निकटतम स्थानीय निकाय नगर पालिका, नगर परिषद अथवा जनपद कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ 25 अगस्त तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी ने बताया कि तीर्थ यात्रियों के लिए अपने साथ मूल आधार कार्ड/वोटर आईडी अथवा समग्र आईडी में से कोई एक मूल पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया यात्रा के दौरान मौसम के अनुरूप वस्त्र एवं व्यक्तिगत उपयोग की आवश्यक सामग्री साथ रखना उचित होगा। यात्रियों को कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यक दवाइयां, दाढ़ी बनाने का सामान सहित अन्य जरूरी सामग्री अपने साथ रखने की सलाह दी गई है।

## विजेता प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र से किया गया सम्मानित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर टी शर्ट टाइगर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। वीरांगना दुर्गावती अभ्यारण्य के अधिकारियों द्वारा विद्यालय के विजेता प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्रा महक नामदेव, भाग्यश्री ठाकुर, चाहत खान, मानसी राजपूत, प्रतीक्षा कुर्मी, खुशी प्रजापति एवं छात्र आलोक तिवारी को प्राचार्य आरएस पटेल ने प्रार्थना सभा के अवसर पर सम्मानित किया।

## करीम खान का निधन

**दमोह।** बटियागढ़ निवासी वरिष्ठ समाज सेवी एवं पत्रकार लतीफ खान के पिता जनाब करीम खान झागर वाले का 86 वर्ष में गत 15 अगस्त को निधन हो गया था। वे बटियागढ़ क्षेत्र में मुस्लिम समाज के अलावा सभी वर्गों में अच्छा मेलमिलाप रखते थे। उनके अचानक चले जाने से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।


### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 821 श्री सुखदेव प्रसाद खम्परिया पिता स्व. श्री बेनी प्रसाद खम्परिया के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 22.03.2004 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री सुखदेव प्रसाद खम्परिया पिता स्व. श्री बेनी प्रसाद खम्परिया ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.08.2026 के माध्यम से श्रीमति सारिका जैन पति श्री अरविन्द जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति सारिका जैन पति श्री अरविन्द जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 552 श्रीमति पुष्पारानी जैन पति श्री सुरेशचंद जैन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24.12.2004 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमति पुष्पारानी जैन पति श्री सुरेशचंद जैन ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 16.10.2024 के माध्यम से श्रीमति नीलू जैन पति श्री शिखरचंद जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति नीलू जैन पति श्री शिखरचंद जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक LIG-489 श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता पिता स्व.श्री वनवारी लाल गुप्ता के नाम आवंटित्त है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21.03.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता की मृत्यु दिनांक 27.04.2025 को हो गई है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित अनुबंध में श्री अनुज कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता को नामिनी नियुक्त किया था। अतः आवंटी के नामिनी श्री अनुज कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उक्त संपत्ति को नॉमिनेशन के आधार पर लीज नामांतरण स्वयं के नाम पर करने हेतु आवेदन संगत दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/वैद्य उत्तराधिकारी/संस्था आदि को उपरोक्त लीज नामांतरण बावत् कोई वैद्य आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा कालोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक सीनियर एल.आई.जी.-534 श्रीमति ताराबेन भट्ट पति डा. के. आर. भट्ट के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 05.04.2003 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक सीनियर एल.आई.जी.-534 श्रीमति ताराबेन भट्ट पति डा. के. आर. भट्ट ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.04. 2011 के माध्यम से श्री मुरलीधर गुप्ता पिता स्व. श्री अच्छे लाल गुप्ता को विक्रय किया है। श्री मुरलीधर गुप्ता पिता स्व. श्री अच्छे लाल गुप्ता द्वारा उक्त भवन क्रमांक सीनियर एल.आई.जी.-534 उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नही होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक LIG-277 श्रीमती मीना पटेल पति श्री अनिल कुमार पटेल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 01.11.2015 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती मीना पटेल पति श्री अनिल कुमार पटेल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.06.2021 के माध्यम से श्रीमती अर्चना गोस्वामी पति श्री विशाल गिरी गोस्वामी को विक्रय किया है। अतः श्रीमती अर्चना गोस्वामी पति श्री विशाल गिरी गोस्वामी द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण कों सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक MIG-11 C 118 श्री श्रीकांत मिश्रा पिता श्री आर.एस. मिश्रा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29.03.2010 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री श्रीकांत मिश्रा पिता श्री आर.एस. मिश्रा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.10.2020 के माध्यम से (1) सुश्री अपूर्वा जैन पिता श्री नरेन्द्र कुमार जैन एवं (2) गरवित जैन पिता श्री आलोक कुमार जैन को विक्रय किया है। अतः (1) सुश्री अपूर्वा जैन पिता श्री नरेन्द्र कुमार जैन एवं (2) गरवित जैन पिता श्री आलोक कुमार जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक LIG-212 श्री शिवबालक विश्वकर्मा पिता श्री तापेश्वर विश्वकर्मा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08.06.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित्त हो चुका है। उक्त भवन श्री शिवबालक विश्वकर्मा पिता श्री तापेश्वर विश्वकर्मा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.10.2016 के माध्यम से श्रीमति अनीता सिंह गौंड़ पति श्री छुट्टन सिंह गौंड़ एवं श्री छुट्टन सिंह गौंड़ पिता स्व. श्री देनी सिंह गौंड़ को विक्रय किया है। अत श्रीमति अनीता सिंह गौंड़ पति श्री छुट्टन सिंह गौंड़ एवं श्री छुट्टन सिंह गौंड़ पिता स्व. श्री बेनी सिंह गौंड़ द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूवना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जायेंगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### न्यायालय अति. तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क./ 0706/अ-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक-19/8/2026

**// आम इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका- जया शर्मा उम्र 53 वर्ष पति श्री संतोष शर्मा निवासी म.नं. 706, गली नं. 23, शांति नगर, राजीव गांधी वार्ड, जबलपुर म.प्र. द्वारा मौजा रिमझा, तहसील अधारताल जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 175/2, रकबा 520 वर्गफुट भूमि है। मेरी मां स्व. कृष्णा शर्मा की मृत्यु दिनांक 05/02/2025 एवं मेरे पिता स्व. विशान चन्द शर्मा की मृत्यु दिनांक 12/07/2015 को हो चुकी है। स्व. कृष्णा शर्मा पति स्व. विशान चन्द शर्मा की मृत्यु के उपरांत विधिक वारसान में पुत्री- श्रीमती जया शर्मा पति श्री संतोष शर्मा (मैं) मेरा भाई आलोक शर्मा दोनों के पिता स्व. विशान चन्द शर्मा है। तत्संबंध में फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 3/9/2026 तक कार्यालय तहसीलदार तहसील अधारताल महोदय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 19/8/2026
पेशी दिनांक : 3/9/2026

अति. तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

रा.प्र.क./ 0692/अ-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक 19.08.2026

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विज्ञान प्रकाश पाण्डेय उम्र 48 वर्ष पिता स्व. शिवाजी पाण्डेय निवासी फ्लैट नं. 20. 51/23-बी, जानकी अपार्टमेंट, रामानंद नगर, अल्लापुर, इलाहाबाद उ.प्र. द्वारा मौजा बैतला, प.ह.नं. 24/2, तह. अधारताल जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 163/6, रकबा 0.0140 हे. है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में शिवाजी वल्द गिरजानंद पाण्डेय का नाम दर्ज है। मेरे पिता स्व. शिवाजी पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 07/05/2026 एवं मेरी मां स्व. नगिना पाण्डेय की मृत्यु पूर्व में हो चुकी थी तथा मेरा भाई स्व. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 15/09/2020 को हो चुकी है। स्व. शिवाजी पाण्डेय पिता गिरजानंद पाण्डेय की मृत्यु के उपरांत उनके विधिक वारसानों में पुत्र- विज्ञान पाण्डेय, पुत्री- रेखा मिश्रा पति श्री अतुल मिश्रा एवं स्व. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय पिता स्व. शिवाजी पाण्डेय की मृत्यु के उपरांत उनके विधिक वारसानों में पत्नि श्रीमती मधुलता पाण्डेय पति ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, पुत्र अंकित पाण्डेय, पुत्री स्व. रश्मि पाण्डेय तथा पत्नि कलमा पाण्डेय, पुत्र समीर पाण्डेय, आकाश पाण्डेय, पुत्री रूपा तिवारी पति अवनीश है। इनके अलावा कोई विधिक वारसान नहीं है। तत्संबंध में फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक कार्यालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल महोदय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 19.0826.
पेशी दिनांक-03.09.26

सील

नायब तहसीलदार
तहसील अधारताल जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/97
दिनांक 18.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता बाई पति अशोक बेरिया ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक 1142 समीक्षा टाउन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000429164 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 200 वर्गफुट कच्चा 425 वर्गफुट आरसीसी वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र अनु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सविता श्रीवास्तव पति रामकुमार श्रीवास्तव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27
दिनांक 17.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रीति कौर पति मननीत सिंह (2) मनमीत सिंह पिता कुलवंत सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 145 स्विस बिलास फेस-01 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004548358 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1124 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राहुल कुमार खेमानी पिता जमना दास खेमानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/101
दिनांक 17.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति बोरिया पति जयप्रकाश पिल्लई (2) जयप्रकाश पिता श्री बी.जी. स्वामी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 64 मां नर्मदे नगर बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000386193 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1674 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मनदीप सिंह पिता सरदार सुखदेव सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/104
दिनांक 18.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नमिता चौहान पति श्री राजेश कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई ने भवन क्रमांक प्लाट नं. 65 फेस-2 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382370 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री यशपाल साहनी पिता हरवंश लाल साहनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/96
दिनांक 17.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हिमांशु पटेल पिता स्व. विनोद पटैल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक म.नं. 1056/सी-49 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000387966 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 900 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री विजय कुमार पिता मनोज कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/105
दिनांक 19.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहणी प्रसाद पिता स्व. ज्ञानी प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक म.नं. 1267 घ 7 का भाग सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382809 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 200 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री ज्ञानी प्रसाद पिता मिठूलाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/102
दिनांक 18.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बेनिसिअ गुरंग पति प्रेमजित सिंह गुरंग ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक 195 सीएमएस चर्च कम्पाउण्ड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000428792 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 800 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 800 वर्गफुट प्रथम तल 800 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज प्रेमजीत सिंह गुरंग पिता ईश्वर सिंह गुरंग का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/100
दिनांक 17.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सोहेल अख्तर पिता मोहम्मद अली ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक बी-22 प्रगति नगर तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000377012 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 575 वर्गफुट प्रथम तल 575 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती शबाना बेलेस्की पति जाय रचिर्ड बेलेस्की का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/98
दिनांक 18.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार नामदेव पिता इंद्रकुमार नामदेव (2) इंद्रकुमार नामदेव पिता नारायण प्रसाद नामदेव ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक पी.85 एफ-22 एसपीएस लेण्डमार्क सम्पित के पिन क्रमांक 1003261660 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1375 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1050 वर्गफुट आरसीसी प्रथम तल 1050 वर्गफुट आरसीसी द्वितीय तल 50 वर्गफुट आरसीसी निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति काजल डेंगरा पति संजय डेंगरा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/103
दिनांक 18.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरिता दुबे पति श्री चंद्र प्रकाशदुबे ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक दत्त आर्केड साउथ सिविल लाइन्स सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399678 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल द्वितीय तल 1350 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती नलिनी सराफ पति भरत कुमार सराफ का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27
दिनांक 17.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल दुबे श्री रोहित दुबे पिता स्व. रामनरेश दुबे ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक म.नं. 31 ब्यौहारबाग पेट्रोल पंप के पीछे सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000428636 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 2402 वर्गफुट खुली जगह 1402 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1000 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज स्व. शारदा दुबे पति स्व. अवधनारायण दुबे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र./11/2026-27/99
दिनांक 18.08.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री दत्तात्रेय भट्ट पिता स्व. चंद्रपाल भट्ट (2) नामिनी श्री बसंत कुमार भट्ट पिता चंद्रपाल भट्ट ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भवन क्रमांक म.नं. एफ-24 कांचघर कालोनी हाउसिंग बोर्ड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000445103 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल द्वितीय तल 320 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री बसंत कुमार भट्ट का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



### राझी थाना क्षेत्र की वारदात, जांच में जुटी पुलिस

## रंगदारी ना देने पर युवक के ऊपर चाकू से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाने की पुलिस को शारदा मंदिर के पीछे रांझी निवासी 51 वर्षीय व्हीकल फैक्ट्री केंटीन कर्मचारी रामसिंह ठाकुर ने बताया कि वह बाइक से अपने साथी विक्की रैकवार को छोड़ने मढ़ई जा रहा था। जैसे ही व्हीकल फैक्ट्री 1 नम्बर गेट के आगे पहुंचा, तभी अरमान रजक अपने दो साथियों के साथ मिला और अरमान ने उसे हाथ देकर रोका। जैसे ही वह रुका तो तीनों उससे शराब पीने के लिये दो हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर तीनों ने गालीगलौज की और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के शासकीय अस्पताल रांझी ले जाया गया, जहां से घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### गोसलपुर के टंगवा गांव की घटना, जांच शुरू

## हिरन नदी में मिला लापता युवक का शव



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर थाना क्षेत्र के टंगवा गांव निवासी 35 वर्षीय अजीत पटेल का शव सोमवार शाम हिरन नदी के केथरा घाट पर पानी में उतराता मिला। मृतक की पहचान अजीत पटेल के रूप में हुई। अजीत करीब चार दिन पहले घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा था। परिजनों और रिश्तेदारों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। हालांकि, परिजनों ने गोसलपुर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। मृतक के पिता नरेश पटेल के मुताबिक और कभी-कभी तीन-चार दिन तक घर नहीं लौटता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाते हुए मामले को जांच में लिया है।







फोटो : अनिल तिवारी

# अब 13 गेटों से छोड़ा जा रहा बरगी बांध का पानी, उफान पर आई नर्मदा नदी

### धुआंधार और ग्वारीघाट हुए लबालब, तीन जिलों में अलर्ट जारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

मंडला और डिंडौरी के ऊपरी इलाकों में हुई लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद रानी अवंती बाई लोधी सागर (बरगी बांध) तेजी से भर रहा है । 9 गेट पहले से ही खुले थे और अब गेटों की संख्या 13 कर ऊंचाई भी बढ़ा दी गई है और पानी की निकासी भी बढ़ गई है। अब बांध के कुल 13 गेट औसतन 2.15 मीटर की ऊंचाई पर खुले हैं। इससे जल निकासी 1031 क्यूमेक से बढ़कर 3988 क्यूमेक हो गई है। बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद नर्मदा के घाटों का नजारा पूरी तरह बदल गया है।

बरगी बांध के गेट खुलने के साथ नर्मदा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। गौरीघाट में पानी सड़क किनारे स्थित दुकानों तक पहुंच गया है, जबकि कई छोटे-बड़े मंदिर जलमग्न हो गए हैं। घाट क्षेत्र में पानी का तेज बहाव देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस और प्रशासन की टीमें लोगों को घाटों से दूर कर रही हैं तथा तटीय क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

इसी तरह भेड़ाघाट और तिलवारा घाट में भी नर्मदा का जलस्तर बढ़ने से घाटों का स्वरूप बदल गया है। कई हिस्सों में पानी सामान्य सीमा से काफी ऊपर पहुंच गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं और आम नागरिकों से नदी के किनारे नहीं जाने तथा जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

गुरुवार सुबह 8 बजे बरगी जलाशय का जलस्तर 421.15 मीटर दर्ज किया गया था, जबकि कैचमेंट क्षेत्र से 1761 क्यूमेक पानी की आवक हो रही थी। पहले बांध के नौ गेट 0.78 मीटर की औसत ऊंचाई पर खुले थे। बढ़ती आवक और जलस्तर को देखते हुए अतिरिक्त गेट खोलने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने नर्मदा के निचले इलाकों और घाटों के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा है। अचानक बढ़े जलप्रवाह को देखते हुए लोगों से अपील की गई है कि वे घाटों पर सेल्फी लेने, स्नान करने या नदी के करीब जाने का जोखिम न उठाएं। बांध से बढ़ी जल निकासी का असर शाम तक नर्मदा के जलस्तर पर दिखाई देने की संभावना है। अनुमान है कि नदी का पानी 8 से 10 फीट तक ऊपर आ सकता है। तिलवारा के पुराने पुल के नीचे वर्तमान में पानी का स्तर पुल से करीब दो से तीन फीट नीचे है। जलस्तर में इसी तरह बढ़ोतरी होने पर शाम तक पुराना पुल जलमग्न हो सकता है।

### आवक बढ़ी तो खुलेंगे चार और गेट

परियोजना के ऊपरी कैचमेंट क्षेत्र से पानी की आवक लगातार बनी रही तो शाम तक बांध के चार और गेट खोले जा सकते हैं। इसके बाद नर्मदा में पानी का प्रवाह और बढ़ने की संभावना है। परियोजना प्रबंधन ने श्रद्धालुओं, नाविकों और आम नागरिकों से नदी घाटों और डूब क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है।

### इन जिलों में जारी हुआ अलर्ट

बांध से जल निकासी की मात्रा बढ़ाने से मां नर्मदा के घाटों पर 8 से 10 फीट पानी की बढोत्तरी हो रही है। नर्मदा का जलस्तर बढ़ने के बाद जबलपुर के साथ नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जिलों में प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें सतर्क हैं। प्रशासन ने आम नागरिकों और पर्यटकों से नर्मदा के घाटों और निचले तटीय क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। नदी किनारे बसे गांवों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। गौरीघाट, तिलवारा घाट और भेड़ाघाट में पानी किनारों तक पहुंच गया है। गौरीघाट स्थित नर्मदा मंदिर का गुंबद भी पानी में डूब गया। परियोजना प्रशासन ने सर्वसाधारण से माँ नर्मदा के घाटों एवं तटीय क्षेत्र से सुरक्षित दूरी बनाए रखने का अनुरोध किया है

### 24 अगस्त तक भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल जबलपुर में पिछले वर्ष की तुलना में बारिश कम हुई है। अगस्त तक पिछले साल 855.2 मिमी बारिश दर्ज की गई थी, जबकि इस बार 464.2 मिमी ही हुई है। इसके बावजूद मंडला और डिंडौरी में हुई भारी बारिश से बरगी बांध लबालब हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने 24 अगस्त तक क्षेत्र में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में बांध का जलस्तर और बढ़ सकता है।

## वास्तुकला पाठ्यक्रमों में प्रवेश का सुनहरा अवसर

### हितकारिणी आर्किटेक्चर कॉलेज में बी.आर्क एवं डी.आर्क में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 31 अगस्त तक कराएं पंजीयन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

हितकारिणी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग (एचसीएटीपी), में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए वास्तुकला के क्षेत्र में करियर बनाने वाले विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्थान में बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी.आर्क) एवं डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर (डी.आर्क) पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अवसर उपलब्ध है।

### बी.आर्क में पांच वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम

एचसीएटीपी में संचालित बी.आर्क पांच वर्षीय पूर्णकालिक डिग्री पाठ्यक्रम है। यह पाठ्यक्रम काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए) से मान्यता प्राप्त तथा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल से संबद्ध है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 20 अगस्त से प्रारंभ हो गयी है जा 31 अगस्त 2026 तक जारी रहेगी। स्टुडेंट्स 31 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं।

### डी.आर्क में 10वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए अवसर

डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर (डी.आर्क) तीन वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम है। इसमें 10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं। पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को वास्तुकला डिजाइन, भवन निर्माण, वास्तु चित्रण एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

एचसीएटीपी में अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा अध्यापन एवं प्रशिक्षण कराया जाता है। संस्थान में आधुनिक स्टूडियो, साइट भ्रमण, अध्ययन यात्राएं, विशेषज्ञों के व्याख्यान, कार्यशालाएं तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। वास्तुकला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थी प्रवेश एवं परामर्श के लिए आर्किटेक्ट प्रियंका विरहा (मोबाइल- 98266 09208) से संपर्क कर सकते हैं।

## संचार क्रांति के जनक थे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी

### जयंती के अवसर पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक युग के निर्माता स्व. राजीव गांधी की जयंती पर गुरूवार को कांग्रेस के नेताओं द्वारा छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की गई। मौलाना अबुल कलाम आजाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांत जैन गोलू के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों/मंडलम में आधुनिक युग के निर्माता, संचार क्रांति के जनक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की।

इसी तारतम्य में राजीव गांधी वार्ड स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर प्रांगण, शांतिनगर में स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया और शहीद अशफाक उल्ला खां वार्ड स्थित मोतिनाला स्वास्थ केन्द्र में बच्चों, मरीजों, क्षेत्रीय जनों को फल वितरण किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धांत जैन गोलू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, सतीश उपाध्याय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका सोनी, कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय रावत, पार्षद द्वय अख्तर अंसारी, वकील अंसारी, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रज्जू सराफ, शेखर तिवारी, उत्तर मध्य विधानसभा युवक कांग्रेस के अध्यक्ष साहिल यादव, रवि शर्मा, महेंद्र छनिया, मंडलम/वार्ड अध्यक्ष एड. आकाश तिवारी, मनमोहन खंडेलवाल मोनू, नंदकिशोर सोनी, अतुल सोनी, राज विश्वकर्मा, आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन से पहले खाद्य प्रतिष्ठानों पर अधिकारियों की ताबड़तोड़ दबिश

### जांच के लिए भेजे गए सैम्पल, लगाया मोटा जुर्माना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा गुरूवार को पनागर स्थित खाद्य सामग्री के विक्रय प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच की। इस दौरान तीन प्रतिष्ठानों से कुल ढाई हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया तथा परीक्षण हेतु खाद्य सामग्री के सेम्पल लिये गये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूषित एवं मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय को रोकने चलाये जा रहे अभियान के तहत राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने गुरूवार को पनागर स्थित मनोज स्वीट एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया तथा स्टोर एवं किचन में गंदगी पाए जाने पर 1 हजार जुर्माना जमा कराया गया। मनोज स्वीट एवं रेस्टोरेंट से स्टोर में संग्रह कर रखे हुए खोवा एवं नमकीन मिक्चरए बर्फी, कलाकंद, पेड़ा एवं मलाई रोल के सैंपल भी जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार जैन स्वीट से खोवा के दो सैंपल लिए गए तथा स्टोर में गंदगी पाए जाने पर 1 हजार रूपये का जुर्माना जमा कराया गया।



आकस्मिक जांच अभियान के तहत बीकानेर स्वीट से भी खोवा और कलाकंद के सैंपल लिए गये तथा लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन पर 500 जुर्माना जमा कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच की कार्यवाही के दौरान लिये गये सभी नमूने परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## नर्सिंग होम और डॉक्टर की भूमिका संदिग्ध अवैध गर्भपात मामले में मप्र हाईकोर्ट सख्त

### हरदा जिले का मामला, स्वतंत्र जांच के निर्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

हरदा के भगवती नर्सिंग होम में कथित अवैध गर्भपात से जुड़े मामले में मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्वतंत्र जांच के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने सरकार से यह पता लगाने को कहा है कि भगवती नर्सिंग होम और डॉ. मनीष शर्मा की मामले में क्या भूमिका थी। इसी मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पुनिया बाई और अर्जुन पटेल को मप्र हाईकोर्ट ने जमानत भी दे दी। मामला 7 मार्च 2020 का है, जब भगवती नर्सिंग होम परिसर में एक भ्रूण मिला था। पुलिस जांच के बाद पुनिया बाई और अर्जुन पटेल पर अवैध गर्भपात कराने का आरोप लगाया गया। हरदा जिला एवं सत्र न्यायालय ने 26 फरवरी 2024 को दोनों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ दायर अपील पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ दत्त और अंकित सक्सेना ने पैरवी की।



### जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्यवाही

मप्र हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद कहा कि मामला केवल दोनों आरोपियों तक सीमित नहीं है। यह भी जांचना जरूरी है कि नर्सिंग होम प्रबंधन और संबंधित डॉक्टर की क्या भूमिका रही। हाईकोर्ट ने उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर मामले को हत्या के बजाय अवैध गर्भपात से संबंधित प्रतीत होने की बात कही। डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जांच में भगवती नर्सिंग होम और डॉ. मनीष शर्मा की भूमिका भी स्पष्ट की जाएगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद मामले की जांच का दायरा अब पहले की पुलिस जांच से आगे बढ़ गया है।



कोतवाली थाना अंतर्गत चेरीताल के समीप देर रात बारिश के बीच हादसा

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर लगते ही फ्लाईओवर से नीचे गिरा स्कूटी सवार युवक, मौके पर हुई मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना अतंर्गत चेरीताल के समीप मदनमहल-दमोहनाका फ्लाईओवर पर बुधवार देर रात करीब एक बजे के लगभग दर्दनाक हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बारिश के बीच एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से फ्लाईओवर के ऊपर से गुजर रहा एक युवक सीधे नीचे सड़क पर जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कोतवाली पुलिस ने मृतक की पहचान मदनमहल निवासी प्रमोद दास के रूप में की है। फ्लाईओवर से गुजर रहे कुछ लोगों ने युवक को नीचे पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मृतक की पहचान की। दुर्घटनास्थल पर एक्टिवा होंडा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिला। वाहन का नंबर एमपी 20 एसपी 5066 बताया गया है।



### मामले की जांच में जुटी पुलिस

बताया गया है कि प्रमोद पिछले 15-20 वर्षों से करोंदा नाला बायपास स्थित एक शराब दुकान में काम कर रहे थे। घटना की रात जब वह घर नहीं पहुंचे तो बड़े भाई प्रदीप कुमार दास ने करीब एक बजे उन्हें फोन किया। फोन रिसीव नहीं होने पर परिजनों ने समझा कि वह वाहन चला रहे होंगे। करीब 10-15 मिनट बाद दोबारा फोन करने पर राहगीर और पुलिसकर्मी फोन पर मिले और हादसे की जानकारी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय बारिश हो रही थी। बारिश हो रही थी मृतक प्रमोद रेन कोट भी पहना था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**